ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 07 ● विक्रम संवत 2080 ● शुक्रवार, 12 मई 2023 ● वर्ष-29 ● अंक-205 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

मैंने कभी कोई गलत फैसला नहीं ... पेज 10 पर



**मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों को पर्यटन विहार की दी सौगात**

## पतरातू की खूबसूरत वादियां पर्यटकों को लुभाने के लिए पर्याप्त : हेमंत सोरेन

# छह योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास




### यहां पिकनिक मनाएं पर डैम को नुकसान ना पहुंचाएं

### डैम एरिया का नहीं हो अतिक्रमण

### जल्द मिलेगी रोपवे की सौगात

### वीडियोग्राफी-फोटोग्राफी प्रतियोगिता के विजेता हुए पुरस्कृत

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़/रांची**

झारखंड को प्रकृति ने कई खूबसूरत सौगात दी है। इस राज्य को खनिज -संपदा के लिए तो जाना ही जाता है । इसके अलावा यहां का प्राकृतिक सौंदर्य, मनोरम और मनमोहक वादियां और धार्मिक स्थल भी आकर्षण का केंद्र रहा है। यहां के पर्यटक स्थल और भी खूबसूरत हों। यहां सैलानियों को सभी जरूरी सुविधाएं मिलें । देश- दुनिया के सैलानियों का यह आकर्षण का केंद्र बनें। इसे ध्यान में रखकर सरकार द्वारा सभी पर्यटक स्थलों के विकास के लिए विशेष कार्य योजना बनाई जा रही है और उसे चरणबद्ध तरीके से धरातल पर उतारा जा रहा है ।उक्त बातें राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 11 मई को पतरातू लेक रिसोर्ट परिसर में नवनिर्मित पर्यटन विहार (वीआईपी गेस्ट हाउस) राज्यवासियों को समर्पित करते हुए उक्त बातें कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पहल से पर्यटन के मानचित्र पर झारखंड को एक अलग पहचान मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पर्यटक स्थल आपकी संपत्ति है। आप यहां पिकनिक मनाएं। घूमे-फिरे और मनोरंजन करें। लेकिन, इसे किसी भी सूरत में नुकसान ना पहुंचाएं। इसे प्रदूषित नहीं करें। पूरे परिसर की साफ-सफाई का ध्यान रखें। सरकार किसी भी पर्यटक स्थल के आधारभूत संरचना को मजबूती दे सकती है, लेकिन इसे चलाना और सुरक्षित रखना आपकी जिम्मेदारी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक पर्यटक स्थल के रूप में पतरातू डैम की एक अलग छवि बन रही है ।यहां आने वाले सैलानियों की संख्या लगातार बढ़ रही है ।इसका सीधा लाभ यहां के लोगों को मिलेगा। इससे एक तरफ आसपास के क्षेत्रों का विकास होगा, वहीं रोजगार के भी नए अवसर बढ़ेंगे। यह सिर्फ एक डैम नहीं है, बल्कि आपकी आमदनी का एक बड़ा स्रोत भी है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि आम जनता की सहभागिता के बिना कोई भी योजना सफल नहीं हो सकती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पतरातू डैम कैचमेंट एरिया का सीमांकन किया जाएगा। ताकि, इसका अतिक्रमण नहीं हो और इसे सुरक्षित रखा जा सके। इसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन को सभी जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि डैम परिसर में गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई करें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य के पर्यटन मंत्री हफीजुल हसन ने पतरातू डैम परिसर को एक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किए जाने को लेकर उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यहां आने वाले सैलानियों के लिए जल्द ही रोपवे का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा पतरातू और नेतरहाट के लिए भी बस सेवा की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## सीएम आज करेंगे रांची के टाटा कैंसर अस्पताल का उदघाटन

**राजधानी** रांची में अब मरीजों को मुंबई वाली सुविधाएं मिलने वाली हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को कांके के कदमा में बने रांची कैंसर अस्पताल एंड रिसर्च सेंटर का उदघाटन करेंगे। इस अस्पताल के निर्माण पर करीब चार सौ करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। इस अस्पताल का शिलान्यास 10 अक्तूबर, 2018 में हुआ था। अब करीब तीन साल में यह अस्पताल सुचारु रूप से संचालित होने के लिए तैयार है। हालांकि, रिनपास की जमीन पर एक साल पहले अस्पताल बनकर तैयार हो गया है। अभी मरीजों से रजिस्ट्रेशन शुल्क के नाम पर 135 रुपये लिये जा रहे हैं। अस्पताल में फिलहाल 82 बेड उपलब्ध है। इसमें से 50 फीसदी बेड स्थानीय लोगों के लिए आरक्षित होंगे। साथ ही इस अस्पताल में 14 ऑपरेशन थियेटर और 28 बेड का आइसीयू भी रहने की बात कही जा रही है। साथ ही जरूरतमंद लोगों के लिए यहां आवासीय परिसर का निर्माण भी कराया जायेगा। उल्लेखनीय है कि इस अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल के शुरू होने से ना केवल झारखंड, बल्कि झारखंड के पड़ोसी राज्यों के लोगों को फायदा होगा। अन्य राज्यों के राज्यों के कैंसर रोगियों को बेहतर इलाज मिलेगा। कैंसर रोगियों को टीएमएच मुंबई के अलावा महानगरों के कैंसर अस्पताल में इलाज के लिए नहीं जाना होगा। वर्तमान में झारखंड के कैंसर रोगियों का इलाज रिम्स में होता है।

## इमरान खान रिहा गिरफ्तारी गैरकानूनी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान को रिहा कर दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने इमरान की गिरफ्तारी को गैरकानूनी बताया है। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए इमरान खान को तुरंत रिहा करने का आदेश दिया, जिसके बाद इमरान को रिहा कर दिया गया। कल इमरान खान इस्लामाबाद हाइकोर्ट में पेश होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने इमरान से कहा कि हिंसा रुकवाएं। हम देश में शांति चाहते हैं। इमरान ने समर्थकों से शांति बनाए रखने की अपील की है। इमरान ने कहा कि हम हिंसा नहीं, देश में चुनाव चाहते हैं।

**छवि रंजन से ईडी ने पांचवे दिन भी की पूछताछ**

## जयंत करनाड के कागजातों की भी फोरेंसिक जांच कराएगी ईडी

### जयंत करनाड से रजिस्ट्री लेने वालों का भी बयान दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची में जमीन घोटाले से जुड़े मनी लाउंड्रिंग के केस में ईडी ने तत्कालीन डीसी छवि रंजन से रिमांड के पांचवे दिन पूछताछ की। वहीं ईडी ने गुरवार को भी सेना की 4.55 एकड़ की रजिस्ट्री जयंत करनाड से लेने वालों से भी पूछताछ की है। सेना जमीन की रजिस्ट्री के मामले में ईडी अब जयंत करनाड के द्वारा सौंपे गए सारे दस्तावेजों की भी जांच एफएसएल से कराएगी। इससे पहले ईडी ने सेना की जमीन की खरीद के मामले में प्रदीप बागची के सभी कागजातों की जांच एफएसएल से करायी थी, जिसमें कागजों ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### छवि रंजन की रिमांड का आज आखिरी दिन



**जमीन** घोटाले की जांच में गिरफ्तार आईएएस अधिकारी छवि रंजन से शुक्रवार को ईडी रिमांड पर आखिरी दिन पूछताछ करेगी। पूछताछ के दौरान अबतक छवि रंजन सत्ता के गलियारों में चर्चित नाम प्रेम प्रकाश व कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल से संबंधों से इंकार किया है।

## 15 मई को नक्सलियों ने किया बंद का आह्वान

**रांची।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के नक्सलियों ने 15 मई को संपूर्ण उत्तर भारत (बिहार, झारखंड, ओड़िसा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश उतराचंल, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर) बंद का ऐलान किया है। इस संबंध में गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार भाकपा माओवादी संगठन के पूर्वी रीजनल ब्यूरो, केंद्रीय कमेटी के प्रवक्ता साकेत ने प्रेस रिलीज जारी की है। जारी रिलीज में कहा गया है कि तीन अप्रैल को झारखंड के चतरा में नशीला पदार्थ खिलाकर सीआरपीएफ की ओर से किये गये पांच माओवादी नेता की हत्या, छत्तीसगढ़ में सात अप्रैल को ड्रोन के जरिये की गई भारी बमबारी, झारखंड के पश्चिमी और पूर्वी सिंहभूम में एक साल से रॉकेट लॉंचर से किये ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## बोकारो में 15 साल से फरार दो माओवादियों के घर की कुर्की



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बोकारो। जिले के निमियाघाट व मधुबन थाना कांड संख्या-44/2008 व 06/2008 में फरार चल रहे नावाडीह प्रखंड के उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र ऊपरघाट स्थित पेंक-नारायणपुर थाना क्षेत्र के गोनियाटो व गोड़गोड़वा निवासी दो माओवादी सीताराम मांझी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### चाईबासा में फिर हुआ आईईडी ब्लास्ट जवान घायल, एयरलिफ्ट कर रांची लाया

**झारखंड** के नक्सल प्रभावित चाईबासा में एक बार फिर से आईईडी ब्लास्ट हुआ है, इस ब्लास्ट में सीआरपीएफ के दो जवान घायल हो गए हैं जिनमें से एक को एअरलिफ्ट कर रांची लाया गया है. मिली जानकारी के अनुसार चाईबासा के नक्सल प्रभावित गोइलकेरा थाना क्षेत्र के इचाहातु में गुरुवार की दोपहर नक्सलियों के द्वारा लगाए गए आईईडी में ब्लास्ट हो गया. इस ब्लास्ट में सीआरपीएफ के दो जवान घायल हो गए. घायल जवान सीएस मनी को एयरलिफ्ट का रांची लाया गया है. वही दूसरे जवान का इलाज चाईबासा में ही चल रहा है. जानकारी के अनुसार सीआरपीएफ के दो जवान बाइक से सर्च ऑपरेशन चला रहे थे इसी दौरान बाइक का टायर आईईडी पर चढ़ गया, जिसके बाद आईईडी में ब्लास्ट हो गया. ब्लास्ट की वजह से दोनों जवान बाइक से कुछ दूर तक जा गिरे, धमाके की आवाज सुनकर दूसरे जवान मौके पर भागे भागे पहुंचे और घायल जवानों को जंगल से निकालकर सबसे पहले इलाज के लिए नजदीक के अस्पताल पहुंचाया. ब्लास्ट की वजह से सीआरपीएफ का एक जवान बुरी तरह जख्मी हुआ उसे एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया है।

## रिम्स में इलाजरत प्रभुनाथ-दीनानाथ सिंह जेल शिफ्ट

**रांची।** उम्र कैद की सजा काट रहे पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह व उनके भाई दीनानाथ सिंह का इलाज रिम्स में चल रहा था। प्रभुनाथ सिंह किडनी और मोतियाबिंद से पीड़ित हैं, जबकि उनके भाई को कैंसर है। ऐसे में 18 अप्रैल से दोनों को रिम्स के पेइंग वार्ड में भर्ती कर इलाज किया जा रहा था। लेकिन रिम्स मेडिकल बोर्ड की टीम ने उचित इलाज के लिए एम्स दिल्ली रेफर कर दिया है। गुरुवार को दोनों ही कैदियों को कड़ी सुरक्षा के बीच रिम्स से हजारीबाग के जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा में शिफ्ट कर दिया गया है। जेल अधीक्षक कुमार चंद्रशेखर ने कहा कि जेल आईजी का परमिशन मिलने के बाद प्रभुनाथ सिंह और दीनानाथ सिंह को एम्स दिल्ली ले जाया जाएगा।

## झारखंड में 15 मई के बाद मिलेगी गर्मी से राहत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड के लोगों को 15 मई के बाद भीषण गर्मी से राहत से मिलने की उम्मीद है। मौसम केंद्र प्रभारी अभिषेक आनंद ने गुरुवार को बताया कि अगले पांचों दिन मौसम शुष्क रहेगा। 13 और 14 मई को आंशिक बादल छाया रह सकता है। राज्य के पूर्वी और मध्य भाग में कुछ अधिक बादल रहेगा। इस दौरान तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। बादल से तापमान में थोड़ा गिरावट हो सकता है। उन्होंने कहा कि साइक्लोन मोचा का कोई विशेष प्रभाव झारखंड में नहीं है। केवल बादल हो सकता है। हालांकि, 14 और 15 मई को संताल परगना वाले इलाके में बूंदाबांदी हो सकती है। 15 मई से राज्य के कई हिस्सों में धूप की तपिश थोड़ी कम होगी यानी कई जिलों में हल्की बारिश होने की संभावना है। विभाग ने बताया है कि 15 मई से राज्य के कुछ जगहों जिलों में बादल छाने और कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है।

**अधिवक्ता मनोज झा हत्याकांड**

## संजीत माझी की जमानत याचिका खारिज, बेल देने से हाईकोर्ट का इनकार

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट के दिवंगत अधिवक्ता मनोज झा हत्याकांड के आरोपी संजीत माझी को बेल देने से हाईकोर्ट ने इनकार कर दिया है। इससे पहले भी संजीत ने हाईकोर्ट में जमानत्र याचिका दाखिल की थी, जिसे कोर्ट खारिज कर चुका है। जिसके बाद दुबारा संजीत ने बेल के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। जस्टिस सुभाष चांद की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी सुनने के बाद अदालत ने संजीत माझी की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। वर्ष 2021 में रांची सिविल कोर्ट के वकील मनोज झा की तमाड़ में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

## हत्यारोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस ने साजिद अंसारी हत्याकांड का खुलासा किया है और हत्या के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। साजिद अंसारी हत्याकांड अवैध संबंध में अंजाम दिया गया था। जानकारी के अनुसार पलामू जिले के रेहला थाना क्षेत्र के रक्साहा का रहने वाला साजिद अंसारी पांच मई से लापता था। मामले में परिजनों ने एक लिखित आवेदन पुलिस को दी थी। आठ मई को रेहला थाना क्षेत्र के खूंटीसोत में नदी से साजिद अंसारी का शव बरामद किया गया था। पुलिस ने मामले में अनुसंधान करते हुए हत्या के एक आरोपी उपेंद्र चौधरी को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में रेहला थाना प्रभारी नेमधारी ने बताया कि हत्याकांड को अवैध संबंध में अंजाम दिया गया था। पुलिस की पूछताछ में आरोपी उपेंद्र चौधरी ने बताया कि उसके साले की पत्नी के साथ साजिद अंसारी के पिता के अवैध संबंध की चर्चा पूरे इलाके में थी। जिसकी जानकारी उसके साले को भी थी। इसलिए इस बात का खुन्नस निकालने के लिए दोनों ने बहला-फुसला कर साजिद अंसारी को बुलाया था और उसकी हत्या कर दी थी। हत्या के बाद शव को नदी में छुपा दिया गया था। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले में तकनीकी अनुसंधान करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर ली है।

## सड़क हादसे में एआईएसएफ के जिला अध्यक्ष सुजीत पांडे की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला अध्यक्ष सुजीत पांडे उर्फ विदेशी की सड़क हादसे में मौत हो गई। सुजीत और उसके 2 अन्य साथी कार से सासाराम होकर पलामू लौट रहे थे। इसी क्रम में सासाराम इलाके में ही एक स्कार्पियो ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। विदेशी की मौके पर मौत हो गई। जबकि 2 छात्र गंभीर रूप से जख्मी हैं। उनका इलाज चल रहा है। बताते चलें कि सुजीत पांडे विदेशी अपने माता-पिता के इकलौते पुत्र थे। उनके पिता भारतीय सेना के जवान हैं। घटना के बाद से सुजीत के मेदिनीनगर के बारालोटा स्थित घर पर कोहराम मच हुआ है। सूचना मिलने पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी समेत कई लोग घटना की जानकारी लेने के लिए सुजीत के घर पहुंचे। रुचिर तिवारी ने विदेशी की मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि दो अन्य छात्र के साथ सुजीत पांडे विदेशी कार से वाराणसी गए थे। वहां से लौट रहे थे कि सासाराम में एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। मौके पर ही सुजीत की मौत हो गई। छात्र नेता सुजीत पांडे की पहचान आंदोलनकारी के रूप में थी। मुख्यमंत्री के आगमन से पहले कई बार उन्हें हिरासत में भी लेकर रखा गया था।

**संकेत** बिहार-झारखंड में महा गठबंधन को नुकसान पहुंचा पायेंगे?

## क्या नीतीश का आधार कुर्मी वोट काट पाएंगे आरसीपी

**कृष्णमोहन सिंह। नई दिल्ली**



क्या अब राम चंद्र प्रसाद सिंह (कुर्मी) को आगे करके भाजपा नीतीश का कुर्मी आधार आधा कर सकती है? कुछ उत्साही लोग तर्क दे रहे हैं- कर सकती है। लेकिन उसके जवाब में कुर्मी जाति के ही तमाम लोग उल्टा तर्क जड़ते हुए कहने लगे हैं - भाई लोगों, यह तो बात यह हुई कि कोई कहे देश में किसी ऐसे नौकरशाह रहे व्यक्ति को जो ओबीसी जाति का हो , को किसी पार्टी का नेता बना कर उसके मार्फत नरेंद्र मोदी के ओबीसी आधार को आधा किया जा सकता है। लेकिन उत्साही लोग इस पचड़े में नहीं पड़ अपनी हांके जा रहे हैं। कह रहे हैं कि आरसीपी सिंह कुर्मी बिहार के नालंदा जिले के हैं। जिस जिले के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं। दोनों ही कुर्मी जाति के हैं। आरसीपी 12 वर्ष तक नीतीश के कृपा के चलते बिहार की राजनीति के शातिर खिलाड़ी बन गए हैं। बड़ा पदाधिकारी रहे इसलिए जदयू के हर बड़े नेता से उनके संपर्क हैं। सीएम नीतीश कुमार से असंतुष्ट नेताओं को वह आसानी पटाकर तोड़ कर भाजपा में ला सकते हैं। इसलिए वह भाजपा का भगवा झंडा पकड़ नालंदा में कुर्मी-कोयरी (लव-कुश) वोट समीकरण को गड़बड़ा सकते हैं। नीतीश के बहुत से राज जानते हैं इसलिए उन सबमें से कुछ कुछ को उगलते हुए उनको परेशानी में डाल सकते हैं। आरसीपी कुर्मी कितने शातिर हैं इसका अंदाजा इसी से लगा लीजिए कि कैसे वह उप्र कैडर के आईएएस अफसर होते हुए भी केंद्र में पोस्टिंग के दौरान एक ही जिले व एक ही जाति का होने का सहारा ले नीतीश के अति अंतरंग बन गए। इतना कि नीतीश केंद्र में रेल मंत्री रहने के दौरान आरसीपी को अपना स्पेशल सेक्रेटरी बनवाए। नवंबर, 2005 में जब नीतीश बिहार के मुख्यमंत्री बने तो आरसीपी को अपना प्रिंसिपल सेक्रेटरी बना बिहार बुला लिया। तब आरसीपी इतने पावरफुल हो गए कि नौकरशाही में मुख्यमंत्री की आवाज वही कहे व माने जाने लगे। इसके बाद नीतीश ने 2010 में आरसीपी को जदयू में लेकर राज्यसभा सांसद बनवा दिया। कार्यकाल समाप्त होने के बाद 2016 में दोबारा राज्यसभा सांसद बनवा दिया। हालत यह हो गई कि आरसीपी पार्टी में नंबर 2 की हैसियत में आ गए। उसके बाद तो 2020 में जदयू का अध्यक्ष बना दिए गए। फिर तो आरसीपी ने भाजपा व उसके केन्द्रीय साहबानों से घनिष्ठता प्रगाढ़ करना शुरू कर दिया। तब कानाफूसी होने लगी थी कि आरसीपी राज्य सभा के कुछ जदयू सांसदों के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## आरसीपी सिंह ने भाजपा का थामा दामन




**नई दिल्ली।** जिस आईएएस अफसर राम चन्द्र प्रसाद सिंह (कुर्मी) को अपना विरादर होने के चलते जदयू नेता व बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शह देकर अपनी पार्टी में लाए। राज्यसभा सांसद बनाए, जदयू अध्यक्ष बनाए, केंद्रीय केंद्रीय मंत्री बनवाए, वह आरसीपी सिंह कुर्मी मन से तो वर्षों पहले ही भाजपा के हो गये थे। बृहस्पतिवार 11 मई को तन से भी भाजपा के हो गये।

जदयू अध्यक्ष रहने के दौरान ही आरसीपी सिंह कुर्मी की सांस भाजपामय हो गई थी। उस दौरान उन्होंने कई राज्यों में जदयू को कमजोर करके भाजपा को लाभ पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । जदयू विधायकों तक को अन्य पार्टी में चले जाने दिया। केन्द्रीय मंत्री रहने के दौरान ये जब और भाजपामय होने लगे तब नीतीश कुमार सतर्क हो गए और उनको राज्यसभा का तीसरा टर्म नहीं दिया। जिसके कारण उनका केन्द्रीय मंत्री पद चला गया। क्योंकि आरसीपी जदयू से राज्य सभा सांसद थे। नियम के अनुसार यदि कोई भी व्यक्ति राज्य सभा या लोकसभा का सांसद नहीं है, तो उसको छह माह से ज्यादा समय तक मंत्री पद पर नहीं रहने दिया जा सकता है। तब -तक भाजपा व जदयू में छूटा-छूटी नहीं हुई थी। बिहार में जदयू-भाजपा गठबंधन की सरकार थी। इसलिए भाजपा भी आरसीपी को पैदल हो जाने दी। बाद में आरसीपी की भी जदयू से छूटा-छूटी हो गई।

## NEWS इन ब्रीफ

### युवक को बाइक ने मारी टक्कर, गंभीर

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस लाइन के समीप आज पूर्वाहन करीब 10 बजे सुदना के एक अस्पताल से इलाज कराकर लौट रहे एक युवक को बुलेट सवार ने जोरदार टक्कर मार दी और उसे घसीटते हुए कुछ दूर आगे तक ले गया। इस घटना में युवक का हाथ फ्रेक्चर हो गया है, जबकि सिर में गंभीर चोट आई है। युवक की पहचान तरहसी निवासी पप्पू साव (28 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि 15-20 दिन पहले पप्पू ने सुदना के एक प्राइवेट अस्पताल में बवासीर का ऑपरेशन कराया था। डाक्टर आज स्थिति देखने और दवा देने के लिए उसे बुलाए थे। 10 बजे सुबह में पप्पू अस्पताल से दवा लेकर लौट रहा था। इसी क्रम में हादसा हुआ। टक्कर के बाद हाथ पर बुलेट गिर जाने के कारण फ्रेक्चर हो गया।

### छत से गिरकर युवक घायल

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के मंजुराहा गांव निवासी सिकंदर पासवान छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने तत्काल उसे हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल मे भर्ती कराया।चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को सामान्य बताया। जानकारी के अनुसार वह छत पर सो रहा था। शौच के लिए अचानक नींद से उठा और छत से गिरकर घायल हो गया।

### लिलिपुट स्कूल में समर कैम्प

**मेदिनीनगर।** स्थानीय नावाटोली स्थित लिलिपुट प्ले स्कूल में समर कैम्प आयोजित करने के संदर्भ में एक प्रेस वार्ता की गई । इस मौके पर स्कूल की प्राचार्या श्रीमती रेणु गोयल ने बताया कि लगातार 14 वर्षों से लिलिपुट स्कूल में समर कैम्प लगाया जा रहा है । यह कैम्प 13 मई दिन शनिवार से शुरू हो रहा है जो 23 मई को समाप्त होगा । इस कैम्प में 3 वर्ष से ऊपर के बच्चे भाग ले सकते हैं जिन्हें दो ग्रुप में बांटा गया है । प्राचार्या रेणु गोयल ने कहा कि बड़े शहरों की तरह अपने शहर के बच्चे भी इस भीषण गर्मी का आंनद ले सकेंगे । कैम्प में कुछ सीखने के साथ साथ बच्चे मस्ती करने आते हैं जिसका भरपूर ध्यान रखा जाता है । इस वर्ष भी बहुत सारी एक्टिविटीज रखी गई हैं जिसमें डांस , टी शर्ट पेंटिंग, स्केटिंग, मधुबनी आर्ट, बूट कैम्पज वाटर फन, फायरलेस कुकिंग, गेम्स, मूवीस ये सब शामिल हैं। इस कैम्प का मुख्य आकर्षण हॉन्टेड हाउस(भुतहा घर) है। जिसमें पुर कैम्प को डरावने ढंग से सजाया जाएगा और इस दिन बच्चों के साथ उनके अभिभावकों को भी बुलाया जाएगा । स्कूल के निदेशक राजीव गोयल ने बताया इस कैम्प में बच्चों को लाने और ले जाने के लिए वाहन की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी । प्रेस वार्ता में रेणु गोयल के साथ मन्नत सिंह बग्गा, रश्मि हिम्मतरामका, राणा अमित सिंह और कणार्ली ये सभी मौजूद थे ।

### समाजसेवी को पितृशोक, अंतिम यात्रा में शामिल हुए कई लोग

**विश्रामपुर।** नगर परिषद अंतर्गत वार्ड एक के भोलाटांड गांव निवासी मुनेश्वर ठाकुर (68) की मौत गुरुवार की सुबह हो गई। वे पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे। स्व.ठाकुर युवा समाजसेवी राहुल ठाकुर के पिता थे। गांव के शमशान घाट पर आज उनका दाह संस्कार किया गया। स्व.मुनेश्वर ठाकुर की अंतिम यात्रा में बसपा नेता सह वरिष्ठ समाजसेवी अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह,राहुल दुबे,श्यामबिहारी विश्वकर्मा,नईमुद्दीन अंसारी,सलीमुदिनी अंसारी,प्रवीन सिंह सहित कई लोग शामिल हुए।

### रेल ठहराव उद्घघाटन कार्यक्रम में शामिल होने की अपील

पलामू जिले के उंटारी रोड में राची सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस ठहराव उद्घघाटन पलामू लोकसभा के लोकप्रिय सांसद श्री विष्णु दयाल राम जी के द्वारा दिनांक 12 मई2023 को संध्या 8.30 बजे किया जाएगा साथ ही हरी झंडी दिखाकर ट्रेन रवाना की जाएगी।

# तेजस्विनी परियोजना की अवधि विस्तार की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** प्रखंड क्षेत्र में चल रही तेजस्विनी परियोजना की दीर्घकालीन अवधि विस्तार हेतु योजना से जुड़ी किशोरियों व युवतियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम पोस्टकार्ड भेजा। पोस्टकार्ड के माध्यम से किशोरियों व युवतियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया है कि तेजस्विनी परियोजना में विगत 2019 से जुड़े हुये हैं और क्रियाकलाप से काफी खुश हैं। इस परियोजना के माध्यम से मशरूम उत्पादन,दुकान संचालन,सिलाई करना सहित विभिन्न स्वरोजगार कर आय अर्जन कर रहे है। साथ ही व्यवसायिक कौशल प्रशिक्षण हेतु उनकी काउंसलिंग भी हो गयी है। व्यवसाय कौशल का प्रशिक्षण लेकर स्वरोजगार हेतु प्रतीक्षा में है। लेकिन उत्प्रेरक दीदीयों से पता चला है कि परियोजना 25 अगस्त 2023 से बंद हो जायेगी। परियोजना बंद हो जाने से आगे बढ़ने का अवसर छिन जायेगा। परियोजना से जुड़े कर्मियों और किशोरियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह कीया है कि तेजस्विनी परियोजना का दीर्घकालीन अवधि विस्तार किया जाये। ताकि उन्हें आगे बढ़ने का मौका मिलता रहे। इधर परियोजना के प्रखंड स्तरीय कलस्टर समन्वयक, क्षेत्रीय समन्वयक व प्रखंड समन्वयक के द्वारा भी पोस्ट कार्ड के माध्यम से मुख्यमंत्री से परियोजना के दीर्घकालीन अवधी विस्तार करने का आग्रह किया गया है। मुख्यमंत्री को पोस्टकार्ड भेजकर आग्रह करने वालों में संघ के अध्यक्ष सिंधु शर्मा, महामंत्री रंजना चौबे, मिडिया प्रभारी मंतोष मेहता, उपसचिव नगमा प्रवीण, कोषाध्यक्ष नयणपति देवी, आनंद किशोर, संगीता देवी,सरस्वती देवी, दीपकली देवी, सुनीता देवी, सुशीला देवी सहित तेजस्विनी परियोजना से जुड़े कई किशोरियों, युवतियों और कर्मियों के नाम शामिल हैं।



# पंचायत समिति सदस्यों ने बैठक का किया बहिष्कार

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** पांच माह से हो रही पंसस की बैठक में लिये गये प्रस्तावो पर कोई कार्रवाई नहीं होने से नाराज प्रमुख रिमादेवी, उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव समेत सभी पंचायत समिति सदस्यों ने बैठक का बहिष्कार किया। कहा जब तक लिए गये प्रस्तावों को पारित कराकर वस्तु स्थिति से अवगत नहीं कराया जाएगा तब तक बैठक करने से क्या फायदा, जब बैठक में कोई काम करना ही नहीं है तो इस बैठक का क्या महत्व रह जाता है? क्या प्रोटोकॉल सिर्फ पंचायत समिति सदस्यों के लिए ही है कि 50 % जब तक सदस्य उपस्थित नहीं रहेंगे तब तक बैठक नहीं होगा। क्या यह प्रोटोकॉल सिस्टम पदाधिकारियों के लिए नहीं है? उनके अनुसार जब से बैठक हो रही है तब से अधिकतर पदाधिकारी नदारद रहते हैं, इस पर कोई एक्शन नहीं लिया गया। हम लोग जनता की सेवा के लिए प्रतिनिधि बने हैं । और जनता का काम ही ना हो यह सरासर अन्याय है। बीडीओ राज किशोर प्रसाद ने कहा कि बहिष्कार करने वाले प्रमुख समेत सभी पंचायत समितियों की घोर निंदा करता हूं इस तरह बैठक से चले जाना समस्या का समाधान नहीं है। मैं सारे प्रस्ताव को जिला भेज देता हूं और मैं क्या कर सकता हूं।

# समुचित इलाज व्यवस्था नहीं होने के कारण मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा ।** प्रखंड में स्वास्थ्य विधि व्यवस्था नहीं के बराबर होना एवं समुचित इलाज नहीं होने के कारण घुटवा निवासी मृतक मानो देवी 45 वर्ष पति विजय भुइयां की मौत बुधवार को हो गई। मृतक के पति विजय भुईया ने कहां कि मैं बाहर में मजदूरी कर पत्नी समेत तीनों बाल बच्चा का परवरिश कर रहा था। पत्नी कई वर्षों से डायबिटीज की बीमारी से ग्रसित थी । पैसे के अभाव में विजय भुईया पत्नी का समुचित इलाज नहीं करवा पा रहा था। बीमारी धीरे-धीरे बढ़ती गयी और पैर में जख्म होने के बाद मांस गल-गल कर गिरने लगा। इसकी जानकारी मिलने पर गांव के बबलू कुमार ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को ट्विटर के माध्यम से जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्री ने इस पर संज्ञान लेते हुए पलामू डीसी को समुचित इलाज की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। इसी आलोक में मृतिका को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नीलांबर पितांबरपुर ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। गुट्वा मुखिया अनीता देवी ने कहा कि सतबरवा प्रखंड क्षेत्र में स्वास्थ्य की कोई व्यवस्था नहीं है यहां एक भी डॉक्टर नहीं रहते हैं। गरीबों के पास इतने पैसे नहीं होते हैं कि वह प्राइवेट अस्पतालों में जाकर अपना समुचित इलाज करा सके। वही सतबरवा के रामघाट में कई वर्ष पूर्व समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन बनकर तैयार हुआ है। जो आज तक चालू नहीं हुआ।

# पलामू मनरेगा में अजब-गजब खेल, नाबालिग को बनाया मजदूर

**मनरेगा के तहत पशु शेड निर्माण घोटाला के पकड़े जाने के बाद अब नया घोटाला पकड़ा गया**

**12 वर्षीय बच्ची का फर्जी जॉब कार्ड बनाया गया**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदनीनगर।** पलामू जिले में मनरेगा में कई गड़बड़ियों को पकड़ा जा रहा है, इसी कड़ी में रोज नए-नए खुलासे हो रहे हैं। पलामू के पाटन के इलाके में मनरेगा के तहत पशु शेड निर्माण घोटाला के पकड़े जाने के बाद अब नया घोटाला पकड़ा गया है। मनरेगा के तहत जेल में बंद एक व्यक्ति को मजदूरी का भुगतान किया गया है, वहीं एक नाबालिग लड़की के नाम पर भी मनरेगा जॉब कार्ड बनाया गया है। नाबालिग लड़की को पिछले दो वर्षों से मजदूरी का भी भुगतान किया जा रहा है। गड़बड़ी पकड़े जाने के बाद पलामू जिला प्रशासन ने पूरे मामले में नए सिरे से जांच शुरू कर दिया है। पलामू के तरहसी के इलाके में उदेश कुमार यादव नामक व्यक्ति को मनरेगा मजदूरी के नाम पर भुगतान किया गया है। दरअसल उदेश कुमार यादव कई महीनों से अपहरण के एक मामले में जेल में बंद है। वहीं तरहसी के इलाके में ही एक 12 वर्षीय बच्ची का फर्जी जॉब कार्ड बनाया गया है। फर्जी जॉब कार्ड बनाकर 2022 और 23 में उसे मनरेगा के तहत मजदूरी का भुगतान भी किया गया है। पूरे मामले में जांच की जा रही है। पलामू डीसी ए दोड्डे ने कहा कि दोषी कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीसी ने बताया कि हर महीने मनरेगा की समीक्षा की जाती है। समीक्षा के क्रम में दोषी पाए जाने वाले कर्मियों खिलाफ कार्रवाई भी की जाती है। हिसरा बरवाडीह में गड़बड़ी पकड़ने के बाद कार्रवाई की गई है, उसी तरह की कार्रवाई इन मामलों में की जाएगी। दोनों मामले में रोजगार सेवक, मुखिया समेत अन्य कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया गया है। डीसी ने मामले में एफआईआर का भी आदेश दिया है। पलामू के पाटन प्रखंड के हिसरा बरवाडीह पंचायत में मनरेगा नियमों को ताक में रखकर 450 से अधिक पशु शेड का निर्माण किया गया था। जबकि मनरेगा के तहत एक पंचायत में अधिकतम पांच पशु शेड का निर्माण किया जाना था। मामला पकड़ में आने के बाद पूरे जिले में मनरेगा के तहत योजनाओं की जांच की जा रही है। इसी जांच में कई गड़बड़ियां निकल कर सामने आ रही है।

### चार दिनों से वृद्ध महिला लापता,परिजन परेशान



**विश्रामपुर।** पांडु थाना क्षेत्र के ग्राम दरुआ तीसीबार निवासी प्रयाग प्रजापति की 50 वर्षीय पत्नी फूलपत्ती देवी पिछले चार दिनों से लापता है। परिजन वृद्ध महिला की खोज में काफी परेशान हैं। इस संबंध में परिजनों ने पांडु थाना में गुमशुदगी का मामला भी दर्ज कराया है। थाने में दर्ज मामले में कहा गया है कि 07 मई 2023 को सुबह से ही फुलपति देवी घर से एकाएक गायब हो गयी। परिजनों ने उसे हर संभावित जगह तलाश किया। लेकिन उसका कुछ पता नही चल पा रहा है। फुलपति देवी के पति प्रयाग प्रजापति ने बताया कि उसकी पत्नी की दिमागी हालत ठीक नही रहती है।इधर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है।

# पंचायत सचिवालय में जन वितरण प्रणाली की दुकान खुली



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड के पश्चिमी पंचायत की मुखिया शाहनाज परवीन, विधायक प्रतिनिधि सज्जू खान, प्रखंड प्रमुख कलावती देवी के प्रयास से एक किलो मीटर दूर में संचालित जन वितरण प्रणाली की दुकान गुरुवार से हैदरनगर पश्चिमी के पंचायत सचिवालय में आ गयी है। इसका विधिवत उद्घाटन गुरुवार को फीता काट व नारियल फोड़ कर प्रखंड प्रमुख कलावती देवी, बीडीओ धीरज कुमार ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि सज्जू खान, मुखिया शाहनाज प्रवीन, उप प्रमुख पप्पू पासवान व पंचायत समिति सदस्यों ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर मुखिया शाहनाज प्रवीन ने कहा कि जन वितरण प्रणाली की दुकान एक किलो मीटर दूर रहने से भाई बिगहा, इस्लामगंज, शेखपुरा आदि मुहल्ले के लोगों खास कर महिलाओं को काफी परेशानी होती थी। इसे देखते हुए अधिकारियों के सहयोग से इसे पंचायत सचिवालय में स्थानांतरित कर दिया गया। जिससे आम लोगों को बड़ी राहत मिली है। बीडीओ सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी धीरज कुमार ठाकुर ने कहा कि ग्रामीणों को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराना जन प्रतिनिधि व प्रशासन का कर्तव्य है। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को बताया कि वो अपनी समस्या को लेकर किसी भी कार्य दिवस में उनसे सीधे मिलकर समाधान करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग संपन्न हैं, इनकम टैक्स देते हैं, उनका राशन कार्ड है, तो वह अपना राशन कार्ड बंद करा लें। पता लगने पर उन्हे भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। प्रखंड प्रमुख कलावती देवी ने कहा कि जन वितरण प्रणाली की दुकान पश्चिमी पंचायत सचिवालय में लाना उनके लिए बड़ी चुनौती थी। उन्होंने कहा कि ईमानदारी से जिस काम को किया जाता है उसे पूरा कराने में ईश्वर भी मदद करते हैं। उन्होंने इस कार्य में सहयोग के लिए सभी अधिकारियों का आभार जताया। उन्होंने राशन दुकानदार से ईमानदारी के साथ काम करने की हिदायत दी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सज्जू खान ने कहा कि गांव में जन वितरण प्रणाली की दुकान खुलने से गांव की तीन हजार की आबादी, खास कर महिलाओं को काफी लाभ होगा। कार्यक्रम में उप प्रमुख पप्पू पासवान,20 सूत्री अध्यक्ष विमलेश सिंह, अधिवक्ता प्रेमतोष सिंह, पंचायत समिति सदस्य मनीष मेहता, राजीव शर्मा, फरजाना खातून, गुलशन आरा, अशरफ हसन, राजू खान, दुकानदार शंकर मेहता, आनंदी पासवान, परवेज अहमद के अलावा सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

### तरहसी का युवक लातेहार से गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** तरहसी प्रखंड मुख्यालय तरहसी से एक 17 वर्षीय नाबालिग लड़की को भगा ले जाने के आरोप में आरोपी युवक 22 वर्षीय बीरबल कुमार पिता महेशा साव को लातेहार जिले के पोचरा से गिरफ्तार किया गया है। साथ ही वहीं से लड़की को भी बरामद किया गया है। लड़की को बरामद करने के बाद पुलिस उसकी मेडिकल जांच और 164 के तहत बयान दर्ज करने के लिए मेदिनीनगर भेज दी है। आरोपी युवक को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। तरहसी के थाना प्रभारी जय प्रकाश पासवान ने गुरुवार को बताया कि 8 मई को तरहसी पंचायत क्षेत्र की रहने वाली 17 वर्षीय नाबालिग लड़की के पिता ने थाने में मामला दर्ज कराया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि इसी पंचायत क्षेत्र के रहने वाले 22 वर्षीय युवक बीरबल उसकी बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। 9 मई को मामला दर्ज किया गया। अनुसंधान शुरू और किया गया। 10 मई को लातेहार के पोचरा से नाबालिक लड़की और आरोपी युवक को बरामद किया गया।

## आवास लाभुक दिवस कार्यक्रम का आयोजन

# तय समय में पीएम आवास निर्माण पूर्ण कराने के दिये गये निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार के निर्देशानुसार हुसैनाबाद प्रखंड के सभी पंचायत में प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस मनाया गया। पलामू उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे के निर्देश पर प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस के अवसर पर प्रखंड के लोटनिया, पथरा, बनियाडीह बराही, महुअरी, पोल्डीह, महुदंड, बडेपुर, झरगड़ा व दंगवार समेत सभी पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पंचायत स्तर पर चिन्हित लाभुकों के साथ प्रतिनियुक्त नोडल पदाधिकारी व स्थानीय प्रतिनिधि ने बैठक कर उनके साथ आवास निर्माण में हो रही समस्याओं की जानकारी प्राप्त कर आगामी 30 जून तक आवास निर्माण पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बता दें कि यह कार्यक्रम 11 मई से 30 जून तक प्रत्येक गुरुवार को पंचायत सचिवालय में आयोजित की जाएगी। मालूम हो कि हुसैनाबाद प्रखंड में अभी भी 469 आवास लंबित हैं, जिसे 30 जून 2023 तक पूर्ण कराने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर आवास योजना के प्रखंड समन्वयक अजय कुमार, मुखिया बिनोद कुमार सिंह, सरिता कुमारी, अमरेंद्र ठाकुर, सुदामा यादव, नरेश पासवान, मिना देवी, अनंति देवी, ममता देवी, नोडल पदाधिकारी सह बीपीओ बिष्णु प्रताप मिश्र, मणिकांत कुमार, सूर्यदेव राम, जय राम मेहता, अशफाक अहमद, राजू रंजन, प्रशांत सागर, नीरज कुमार, अभिषेक कुमार समेत कई अन्य मुखिया नोडल पदाधिकारी व लाभुक उपस्थित थे। लाभुक उपस्थित थे।



**कार्यालय: समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लातेहार**
**(अ०ज०जा०, अ०जा०, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)**

**सूचना**

कार्यालय आदेश ज्ञापांक– 239/(ITDA), लातेहार दिनांक– 16.02.2023 के आलोक में PR No. 290531 Welfare (22-23)D द्वारा प्रकाशित सूचना जिसके द्वारा Service Procurement के आधार पर लातेहार जिलान्तर्गत विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में रिक्तियों के विरूद्ध घंटी आधारित शिक्षकों की सेवा प्राप्ति हेतु दिनांक– 02.03.2023 तक आवेदन आमंत्रित किया गया था, जिसके आलोक में कार्यालय में अनुसूचित जाति के 14, अनुसूचित जनजाति के 160, सामान्य वर्ग के 51, कुल– 225 (दो सौ पच्चीस) आवेदन प्राप्त हुए। दिनांक–19.04.2023 को जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में शैक्षणिक योग्यता के आधार पर कोटिवार सूची तैयार की गई है, जिसे प्रकाशित करते हुए सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी अभ्यर्थी को शैक्षणिक योग्यता की जारी सूची में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो दिनांक–17.05.2023 तक अपना लिखित रूप से आपत्ति साक्ष्य सहित कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

प्राप्त आपत्तियों की सुनवाई कर समीक्षोपरांत चयन समिति द्वारा विहित प्रक्रिया अपनाते हुए सूची के आधार पर अंतिम रूप प्रदान किया जायेगा, तदनुसार रिक्तियों के विरूद्ध घंटी आधारित शिक्षकों के चयन हेतु कार्रवाई की जाएगी। सूची जिले के बेवसाईट www.latehar.nic.in पर देखा जा सकता है।

परियोजना निदेशक
आई०टी०डी०ए०, लातेहार

PR 297117 Welfare (23-24)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,गुमला**
ई–मेल:–rdsdgumla123@gmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

मेसर्स. लाल कंस्ट्रक्शन पालकोट, गुमला को सूचित किया जाता है कि गुमला जिलान्तर्गत घाघरा प्रखण्ड में ग्राम+पंचायत–देवाकी में जय सरना नुरगुड़िया के पास आदिवासी सांस्कृति कला केन्द्र भवन निर्माण कार्य जिसका एकरारनामा संख्या 51F2/21-22 दिनांक 29.01.2022 है, कार्य आवंटित है जिसका कार्य समाप्ति की तिथि 28.01.2023 है, अभी तक कार्य अधूरा है। इस संबंध में इस कार्यालय के पत्रांक 344 दिनांक 13.02.2023, पत्रांक 911 दिनांक 10.05.2022 तथा कई बार दुरभाष से कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया है लेकिन आपके द्वारा निर्माण कार्य अधूरा छोड़कर कार्य को बन्द कर दिया गया है।

अतः इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि तीन दिनों के अन्दर अवशेष निर्माण कार्य को प्रारंभ करने की सूचना अधोहस्ताक्षरी को देते हुए मई 2023 तक कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करेगें,अन्यथा आपके द्वारा किये गये कार्य की अन्तिम मापी लेकर एकरारनामा के शर्तो के आलोक में कार्रवाई करते हुए एकरारनामा विखण्डित/काली सूची में डालने हेतू विभाग को संसूचित कर दिया जायेगा।

इसके लिए किसी भी तरह का दावा मान्य नहीं होगा।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,गुमला

PR 297164 Rural Development(23-24).D

**झारखण्ड सरकार**
**कारा निरीक्षणालय, गृह (कारा) विभाग**
E-mail – prisonlhd@gmail.com, dj-lohardaga@jharkhandmail.gov.in
(Telephone No-06526-222030)

**अल्पकालीन ई० निविदा सूचना**

1) कारा का नाम :– मंडल कारा लोहरदगा।
2) विषय – कारा में हरी सब्जी, आलु एवं अन्य खाद्य सामग्रियों की आपूर्ति के निमित तृतीय त्रैमासिक निविदा–2023 हेतु (01.07.2023 से 30.09.2023 तक) ई–निविदा।
3) निविदा प्रपत्र (Non Refundable) का मूल्य :– राष्ट्रीयकृत बैंक से बैंक ड्राफ्ट के रूप में अधीक्षक, मंडल कारा, लोहरदगा के पदनाम से होगा।
   (i) रू0 10.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु – रू0 2,500.00 (दो हजार पाँच सौ रूपये) मात्र।
   (ii) रू0 10.00 लाख से 50.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु – रू0 5,000.00 (पाँच हजार रूपये) मात्र।
   (iii) रू0 50.00 लाख से ऊपर की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु – रू0 10,000.00 (दस हजार रूपये) मात्र।
4) Website पर निविदा प्रपत्र के उपलब्ध की तिथि–20.05.2023 के पूर्वाहन् 10:00 बजे से 27.05.2023 के अपराहन् 5:00 बजे तक।
5) Website पर online निविदा जमा करने की तिथि–20.05.2023 के पूर्वाहन् 10:00 बजे से 27.05.2023 के अपराहन् 05.00 बजे तक।
6) Tender fee तथा EMD का Original Copy एवं उल्लेखित नमूना दिनांक–28.05.2023 एवं 29.05.2023 के पूर्वाहन् 10:00 बजे से अपराहन् 05.00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करना होगा।
7) निविदा खुलने की तिथि/समय/स्थान–31.05.2023 (बुधवार) को उप विकास आयुक्त, लोहरदगा –सह–अध्यक्ष, कारा क्रय समिति की उपस्थिति में अपराहन् 12:00 बजे उप विकास आयुक्त, लोहरदगा के कार्यालय में।
8) उपरोक्त संबंधित निविदा Jharkhandtenders.gov.in site पर केवल e-Tender द्वारा ही प्राप्त /स्वीकृत किया जायेगा। पूर्ण जानकारी उपरोक्त e-Tender Website- jharkhandtenders.gov.in पर प्राप्त किया जा सकता है ।
9) अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अद्योहस्ताक्षरी से कार्यालय अवधि में संपर्क किया जा सकता है। e-Tender को Online upload करने से संबंधित जानकारी के लिये NIC Helpline No. 9430342752 से संपर्क किया जा सकता है।

ह0/
अधीक्षक,
मंडल कारा लोहरदगा

PR 297178 Lohardaga(23-24)#D

**NEWS इन ब्रीफ**

### आज पलामू में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष का होगा आगमन

**मेदिनीनगर।** भाजपा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा के सांसद दीपक प्रकाश का गुरूवार को पलामू में आगमन होगा । भाजपा जिला कार्यालय में आज सुबह 11 बजे से आजीवन सहयोग निधि निमित आहूत संगठनात्मक बैठक में शामिल होंगे। बैठक में उनका स्नेह एवं मार्गदर्शन भाजपा के कार्यकताओं को प्राप्त होने वाला है । बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, मा० जनप्रतिनिधि ,समर्पण निधि के जिला संयोजक एवं सदस्य, लोकसभा एवं विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी , पूर्व जिलाध्यक्ष , मोर्चों के प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, मोर्चों के जिलाध्यक्ष एवं सभी मंडल अध्यक्ष को शामिल होने के लिए कहा गया है।ये जानकारी भाजपा के महामंत्री के ओर से दिया गया है। बैठक में जिन मंडलों का बूथ जमा होना बाकी रह गया है।

### सभी पंचायतों में गठित निगरानी समितियों की बैठक

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के केन्द्रीय सचिव सह नावाबाजार प्रखंड की पूर्व प्रमुख रेणु देवी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पलामू जिला प्रशासन से जिले के सभी पंचायतों व प्रखण्डों में खाद्य आपूर्ति आदि योजनाओं की सघन निगरानी के लिए गठित निगरानी व सतर्कता समितियों की बैठकों को सुनिश्चित कराते हुए उसकी कार्यवाही पर सघन निगरानी रखने की मांग किया है। पलामू के सभी पंचायतों व प्रखडों में गठित निगरानी व सतर्कता समितियां सरकारी अधिकारियों व निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों की भीषण उदासीनता की वजह से फाइलों की शोभा बढ़ा रही हैं, जो निंदनीय है।

# एसपी के आदेश पर चला वाहन चेकिंग अभियान

## पैरवी पर छूट जाते हैं दर्जनों वाहन, तभी तो नहीं हो रही है सुधार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेशानुसार ट्रैफिक एएसआई जगमोहन बांद्रा और ट्रैफिक मुंशी संतोष कुमार गुप्ता के नेतृत्व में शहर के छह मुहान चौक के पास गुरुवार को सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान बिना हेलमेट के लगभग 70 से 80 वाहनों को पकड़ कर चालान के लिए डीटीओ के पास भेज दिया गया है। वही मौके पर उपस्थित ट्रैफिक एएसआई जगमोहन बांद्रा ने कहा कि पकड़े गए वाहनों में कुछ ऐसे वाहन चालक थे जिनके पास ना तो ड्राइविंग लाइसेंस था और ना ही गाड़ी के कागजात थे। उन्होंने वाहन चालकों से आग्रह किया है कि चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट और मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें साथ में ड्राइवरी लाइसेंस और गाड़ी का कागज होना अनिवार्य है। बताते चलें कि एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर प्रतिदिन छह मुहान चौक के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया जाता है।इसके बाद भी लोग ट्रैफिक नियम को ताक पर रखकर बिना हेलमेट सवारी करते हैं। पुलिस भी ऐसे लोगों से परेशान हो चुकी है।वही ट्रैफिक पुलिस का कहना है कि वाहन चेकिंग के दौरान वाहन पकड़े जाते हैं तो लोगों का पैरवी आने लगता है। और पैरवी के बाद दर्जनों वाहन छूट भी जाते हैं।तभी तो बार-बार वाहन चेकिंग अभियान चलने के बाद भी लोग सुधर नहीं रहे हैं।

# आज से दो स्टेशनों पर एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन प्रारंभ



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद वीडी राम के अथक प्रयासों के फलस्वरुप रांची सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18635/18636 का आज से विधिवत परिचालन प्रारंभ हो रहा है। इस अवसर पर आज उक्त ट्रेन का विधिवत परिचालन का शुभारंभ प्रातः 4:48 बजे हैदरनगर स्टेशन पर एवं रात्रि में 10:20 बजे उंटारी रोड स्टेशन पर सांसद के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया जाएगा। उंटारी रोड स्टेशन पर परिचालन के पूर्व 08:30 बजे रात्रि में उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। ट्रेन के ठहराव की मांग हैदरनगर एवं उंटारी रोड प्रखंड की जनता द्वारा लगातार की जा रही थी। इस ट्रेन के ठहराव हेतु किए गए प्रयासों के फलस्वरूप ही उक्त दोनों स्टेशनों पर ट्रेन स्टॉपेज की सुविधा प्राप्त हुई है। उन्होंने संसदीय क्षेत्र की जनता से आग्रह किया है कि इस पुनीत अवसर पर सभी उपस्थित होकर अपनी चिर परिचित मांग को पूर्ण होने का साक्षी बने। उन्होंने पीएम एवं रेल मंत्री के प्रति अपनी ओर से एवं पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता की ओर से धन्यवाद एवं अभार प्रकट किया है।

# विधायक व मुखिया ने किया विद्यालय निर्माण का शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।**चैनपुर प्रखंड के कंकारी पंचायत में विधायक आलोक चौरसिया और मुखिया कुसुम कुमारी ने संयुक्त रूप से कंकारी मध्य विद्यालय कमरा निर्माण और मेन बाजार में नाली निर्माण का शिलान्यास किया। मौके पर उपस्थित विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि वे अपने क्षेत्र की जनता के लिए हर समस्याओं का समाधान करने के लिए हमेशा खड़े हैं। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर ग्रामीण क्षेत्र में सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।वही मौके पर उपस्थित मुखिया कुसुम कुमारी ने कहा कि मैं अपने पंचायत क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने में लगी हूं। गांव में नाली का पानी सड़क पर बहता था। इसलिए लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नाली का निर्माण कराया जा रहा है। नाली बनने से यहां के लोगों को आने-जाने में राहत मिलेगी। विद्यालय कमरा निर्माण और नानी का शिलान्यास होने पर स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक और मुखिया को धन्यवाद दिया। मौके पर समाजसेवी शिव कुमार चौधरी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# 30 जून 2023 तक प्रधानमंत्री आवास निर्माण पूर्ण कराने के दिये गये निर्देश

**यह कार्यक्रम 11 मई से 30 जून तक प्रत्येक गुरुवार को पंचायत सचिवालय में आयोजित की जायेगी**

**इस योजना अंतर्गत अभी भी राज्य में 1,11,859 इकाई आवास लंबित**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार के निर्देशानुसार जिले के सभी पंचायत में 'प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस' मनाया गया। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे के निर्देश पर प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस के अवसर पर मनातू प्रखंड के रंगिया और डुमरी पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पंचायत स्तर के चिन्हित लाभुकों के साथ बैठक कर उनके साथ आवास निर्माण में हो रही समस्याओं की जानकारी प्राप्त कर 30 जून तक आवास निर्माण पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बता दें कि यह कार्यक्रम 11 मई से 30 जून तक प्रत्येक गुरुवार को पंचायत सचिवालय में आयोजित की जाएगी। ज्ञातव्य है कि बीते दिनों राज्य सरकार के सचिव, ग्रामीण विकास विभाग की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण की समीक्षा की गई थी जिसमे पाया गया कि इस योजना अंतर्गत अभी भी राज्य में 1,11,859 इकाई आवास लंबित है, जिसे 30 जून 2023 तक पूर्ण कराया जाना है। निर्धारित तिथि तक आवास पूर्ण कराने के क्रम में निर्माण कार्य में हो रही सभी समस्याओं का त्वरित निष्पादन हेतु ग्रामीण विकास विभाग द्वारा निर्णय लिया गया कि 30 जून 2023 तक अभियान के तहत 11 मई से लेकर प्रत्येक गुरुवार को संपूर्ण झारखंड में एक साथ प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस मनाया जाएगा। आवास दिवस का स्लोगन होगा आपकी समस्याओं का होगा समाधान, अब नहीं होगा कोई परेशान। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के जिला समन्वयक, प्रखंड विकास पदाधिकारी, सबंधित पंचायत के मुखिया, पंचायत कर्मी समेत पीएम आवास योजना ग्रामीण के कई लाभुक उपस्थित थे।

# पलामू में अभ्यर्थियों की गयी काउन्सलिंग



**मेदिनीनगर।** पलामू में हाई स्कूल में चयनित अभ्यर्थियों का स्थानीय गिरिवर प्लस टू विद्यालय में प्रमानपत्रो का जांच किया गया।सभी अभ्यर्थियों को दो हॉल में कॉउंसललिंग कराया गया। जिसमें एक हॉल में चार विषय जो शारीरिक शिक्षा, इतिहास-नागरिक, वाणिज्य, इंग्लिश के अभ्यर्थियों का कॉउंसलिंग किया गया।वही दूसरे हॉल में भूगोल और अर्थशास्त्र विषय का कॉउंसलिंग किया गया। समाचार लिखे जाने तक कुल 30 अभ्यर्थियों ने अपना कॉउंसलिंग करा चुके थे। ज्ञात हो कि पलामू में 71 अभ्यर्थियों का सूची डीईओ के द्वारा जारी किया गया है।



PR No.297183 (IPRD) 2023-24
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

### डंडाई प्रखंड की सभी पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस पर किया गया कार्यक्रम का आयोजन

# लाभुकों को दी गई निर्माणाधीन पीएम आवासों को अविलंब पूर्ण करने की हिदायत

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**

प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में गुरुवार को प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस का आयोजन किया गया। उप विकास आयुक्त द्वारा गठित टीम के सदस्यों की उपस्थिति में प्रखंड की अलग-अलग पंचायतों में लाभुक दिवस बनाने का काम किया गया। इस दौरान जिला निदेशक सुनील कुमार सुरीन, वरीय लेखा पदाधिकारी रिचा वर्मा, डीपीएम शाहनवाज अंसारी ने संयुक्त रूप से प्रखंड पदाधिकारियों के साथ पंचायतों में आयोजित लाभुक दिवस कार्यक्रमों की निगरानी की।

सोनेहरा पंचायत में आयोजित लाभुक दिवस कार्यक्रम में पहुंची रिचा वर्मा ने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार के निर्देश पर 11 मई से 30 जून तक प्रत्येक गुरुवार के दिन लाभुक दिवस मनाने का निर्देश प्राप्त हुआ है। उक्त कार्यक्रम का प्रखंड में आज पहला दिन है। आज के बाद हर गुरुवार को प्रखंड की सभी पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्षों से अधूरे पड़े आवासों को पूर्ण करने के लिए सरकार की ओर से यह कदम उठाया गया है। वहीं कार्यक्रम में भाग लिए मुखिया, पंचायत सचिव के साथ साथ स्वयंसेवकों को भी उन्होंने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए निमार्णाधीन आवासों को अविलंब पूरा कराने का निर्देश दिया।



उधर, जरही पंचायत के पंचायत सचिवालय में आयोजित लाभुक दिवस में पहुंचे बीडीओ सोमा उरांव ने कार्यक्रम का जायजा लिया। साथ ही पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों को पंचायत में अधूरे पड़े आवासों को अविलंब पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही लाभुकों को भी उन्होंने युद्ध स्तर पर अपने-अपने निर्माण कार्य को पूरा करने की बात कही। इससे पहले नोडल पदाधिकारी सह जिला निर्देशक सुनील कुमार सुरीन ने बीडीओ के कार्यालय कक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंध रखने वाले कर्मियों के अलावा बीडीओ, सीओ व बीपीओ के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस के बारे में विस्तृत ढंग से बताया। साथ ही मामले को लेकर उन्होंने कई निर्देश भी दिए। सुरीन ने कहा कि प्रखंड भर में 337 प्रधानमंत्री आवास अब तक लंबित पड़े हैं।

निमार्णाधीन आवासों को पूरा करने के लिए उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया। बैठक में उन्होंने बालू की किल्लत को भी बखूबी समझा और उसके निराकरण के लिए आपस में मंत्रणा की।उन्होंने सीओ चोना राम हेम्ब्रम से आवास निर्माण में सहयोग की अपील की। मौके पर सीओ ने कहा की प्रखंड क्षेत्र में श्रेणी 1 बालू घाट से बालू उठाव की जिम्मेवारी सिर्फ और सिर्फ डंडाई पंचायत के जनप्रतिनिधि को दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास निर्माण के लिए प्रखंड के जिस लाभुक को बालू चाहिए उन्हें डंडाई पंचायत के मुखिया के पास लिखित आवेदन देना होगा। उसके बाद उन्हें सहूलियत के साथ उनके कार्यस्थल तक बालू पहुंच जाएगा।

## केतार प्रखंड में मना पीएम आवास दिवस

**केतार।** गुरुवार को प्रखंड की सभी पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस मनाया गया। मुकुंदपुर पंचायत सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में जिला तकनीकी पदाधिकारी कमलेश कुमार ने उपस्थित आवास लाभुकों को आवास निर्माण कार्य जल्द शुरू करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे लाभुक जो पहली किस्त और दूसरी किस्त की राशि का भुगतान होने के बाद भी आवास निर्माण कार्य शुरू नहीं किये हैं वे एक सप्ताह के भीतर आवास निर्माण कार्य पूरा करें। अन्यथा उनसे राशि रिकवरी कराई जायेगी। वहीं बीडीओ मुकेश मछुआ ने कहा की जो लाभुक दोनों किस्त कि राशि भुगतान होने के बाद भी



निर्माण कार्य शुरू नहीं कर रहे हैं वैसे लाभुकों को सरकारी योजनाओं से वंचित कर दिया जायेगा। इस मौके पर रोजगार सेवक धीरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, समन्वयक रवि रंजन कुमार, पंचायत स्वयं सेवक राजकिशोर सिंह, सुनील कुमार, रविकांत चंद्रवंशी, अशोक पासवान, दशरथ पासवान, विजय विश्वकर्मा, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### 9 अप्रैल को मिला था शव, 1 माह बाद पुलिस ने केस को सुलझाया

# बीरेंद्र प्रसाद हत्याकांड का खुलासा, चार गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

एक माह पूर्व कैलान के मंगरदह बहेरवा ढोंढा में हुई एक व्यक्ति की हत्या में शामिल चार आरोपियों को भवनाथपुर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यालायय में पेश किया। श्री बंसीधर नगर एसडीपीओ प्रमोद केसरी ने बताया कि बीती 9 अप्रैल को पुलिस को ग्रामीणों द्वारा सूचना मिली थी कि कैलान के मंगरदह के पास बहेरवा ढोंढा में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है।



जांच के बाद इसकी पहचान बीरेंद्र प्रसाद (40), पिता गोरख प्रसाद साह, मोरवे मझिआंव के रूप में की गई थी। घटना के बाद मृतक के चचेरे भाई जितेंद्र प्रसाद गुप्ता शिकायत पर पुलिस अनुसंधान में जुट गई थी। पुलिस निरीक्षक गढ़वा के निर्देश पर टीम गठित ने घटना का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। सभी आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार किया है। कहा कि घटना स्थल से किसी प्रकार का साक्ष्य नहीं मिलने से पुलिस के लिए इस केस का खुलासा करना बड़ी चुनौती थी। घटना में उमित रजवार (22), पिता सुकन रजवार, राजू रजवार (24), पिता स्व. रामलाल, प्रदीप पाल (25), पिता सीता राम पाल सभी चटनियां टोला, सुगवा दामर कांडी थाना निवासी, रविंद्र रजवार (32), पिता स्व. बीरबल रजवार चौबे, मझिगवां हरिहर पुर ओपी क्षेत्र, वर्तमान में चटनियां सुगवा दामर निवासी के नाम शामिल हैं। आरोपियों ने बताया कि बीरेंद्र प्रसाद लेबर सप्लाई का काम करता था। वह मजदूरों को कम मजदूरी देने, गाली गलौज करने व अन्य तरह से प्रताड़ित करता था, जिससे परेशान होकर उसकी हत्या की गई। आरोपियों ने बताया कि बीरेंद्र अपने घर से मंगलवार को निकला था व चटनियां में आया था। उसी दिन विवाद के बाद संध्या चार-पांच बजे के आसपास पत्थर से कुच कर उसकी हत्या के बाद उसके शव को बहेरवा ढोंढा जंगल के झाड़ी में फेंक दिया था। साथ में उसकी बाइक भी। पुलिस ने घटना में शामिल सभी साक्ष्य इकट्ठा कर लिए हैं। घटना की उद्भेदन टीम में थाना प्रभारी रामेस्वर उपाध्या, एसआई सहदेव साह, कुंदन यादव सहित पुलिस बल शामिल थे।

### भैंस को बचाने में घायल हुई बाइक सवार दंपती

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर कांडी मुख्य पथ के शिवा ढोंढा के पास पालतू जानवर को बचाने में एक बाइक पर सवार पति पत्नी घायल हो गए। घटना के बारे में बताया जाता है कि राहुल राम, पिता सुरेश राम, रपुरा गांव निवासी नवविवाहिता पत्नी पिंकी देवी के साथ अपने ससुराल श्री बंशीधर नगर के विशुनपुरा बाइक से लगभग रात्रि सात बजे जा रहा था कि शिवा ढोंढा के पास एक भैंस अचानक सड़क पर दौड़ गई, जिसे बचाने के क्रम में दोनों पति पत्नी घायल हो गए। चैतन्या समूह फाइनेंस के दो कर्मी सतीश बैठा व श्रीजेश रवि ने पति पत्नी को अपनी बाइक से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

### हादसे दो युवक घायल

**गढ़वा।** रमना थाना क्षेत्र के चना कला गांव में बाइक से गिरकर दो युवक घायल हो गए। घायलों में रमना थाना क्षेत्र के केरवा मानदोहर निवासी भीखू परहिया के पुत्र मंटु परहिया एवं पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के महुडंड गांव निवासी प्रवेश परहिया के पुत्र चंदन कुमार शामिल हैं। दोनों घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। दोनों युवक एक ही बाइक से केरवा मानदोहर गांव से बुल्का गांव जा रहे थे। चना कला गांव में मोड़ पर अनियंत्रित होकर बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

# राजनीतिक लाभ के लिए नहीं, आत्म संतुष्टि के लिए करता हूं सेवा कार्य

### मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने 60 हज यात्रियों को उपहार प्रदान कर किया स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

शहर के मदरसा में गुरुवार को हज यात्रियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने जिले से हज पर जाने वाले सभी 60 यात्रियों को उपहार देकर सम्मानित किया। साथ ही सभी हज यात्रियों एवं आगंतुकों के लिए दावत का भी आयोजन किया गया था। मंत्री ने हज यात्रियों को यात्रा के दौरान काम आने वाली वस्तुएं ड्राई फ्रूट, शॉल आदि उपहार स्वरूप प्रदान किया।

मंत्री ने कहा कि वे पिछले करीब 12 वर्षों से हज यात्रियों को सम्मानित करते हुए उपहार प्रदान कर हज यात्रा के लिए रवाना करते आ रहे हैं। साथ ही शिव भक्तों को भी बोल बम एवं अन्य तीर्थ यात्रियों को तीर्थ यात्रा पर भेजते हैं। मंत्री ने कहा कि सामाजिक, धार्मिक आदि सेवा कार्य करना उनकी आदत में शामिल है। इस प्रकार के सेवा कार्य वे किसी राजनीतिक लाभ के लिए नहीं बल्कि आत्म संतुष्टि के लिए करते हैं। इन सेवा कार्यों से उन्हें बहुत ही सुखद अनुभूति मिलती है। मंत्री ने कहा कि आज देश में




लोकतंत्र का माखौल उड़ाया जा रहा है। हमारा देश दुनिया का सबसे खूबसूरत देश है। यहां सभी जाति, धर्म एवं संप्रदाय के लोग आपस में मिलजुल कर आपसी प्रेम एवं सद्भावना के साथ रहते हैं। सभी धर्मों के लोग एक दूसरे के साथ मिलकर पर्व, त्योहार मनाते हैं। मंत्री ने सभी हज यात्रियों से अपील करते हुए कहा कि वे हज यात्रा पर दुआ करें कि अपने देश की इस खूबसूरती को किसी की नजर न लगे। साथ ही देश की एकता, अखंडता, सुख व समृद्धि के साथ उनके लिए भी यह दुआ करें कि वे हमेशा सबों की सेवा कर सकें।

मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी केशरी, सीओ कुमार मयंक भूषण, समाजसेवी डा. यासीन अंसारी, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, अनिता दत्त, रेखा चौबे, मदनी खान, परेश तिवारी, डा. असजद अंसारी, डा.अरशद अंसारी, छुन्नू कुरैशी, मुखिया शरीफ अंसारी, हाजी निजामुद्दीन, दिलीप गुप्ता, अराधना सिंह, डा. जियाउल हक, गुरुदत्त सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन तबीब आलम ने किया।

# बाइक से गिरकर महिला हुई गंभीर रूप से घायल

**नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव**

कांडी वाया बरडीहा रोड में मझिआंव थाना क्षेत्र के तसलबरिया गांव के समीप बुधवार को सड़क दुर्घटना में दुलेश्वरी देवी पति मुनि रजवार गंभीर रूप से घायल हो गई। वह मझिआंव थाना क्षेत्र के दुबे तहले गांव की रहनेवाली है। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है।दुलेश्वरी देवी अपने पुत्र दिनेश कुमार के साथ मोटरसाइकिल से बरडीहा थाना क्षेत्र के लोका गांव स्थित अपने रिश्तेदारी से घर लौट रही थी। तलसबरिया गांव के समीप बाइक से गिरकर घायल हो गई। सिर में गंभीर चोट लगी है।

### लगमा गांव में आग से बालक झुलसा

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के लगमा गांव निवासी रेयाज अंसारी के पुत्र छह वर्षीय ताज अंसारी आग से झुलस गया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार ताज अंसारी व उसका बड़ा भाई मक्का का भुट्टा पकाने के लिए घर के बाहर आग जला रहे थे। आग को जलाने के प्रयास में मुंह से फुंकने के दौरान ताज अंसारी आग की चपेट में आ गया। इससे उसके मुंह के आसपास झुलस गया।

### मारपीट में सब्जी विक्रेता गंभीर रूप से घायल

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के सोनपुरवा निवासी अनुज कुमार पिता स्व.जंगली राम मारपीट में गंभीर रूप से घायल हो गया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। अनुज कुमार गढ़वा बाजार समिति में दुकान लगाकर सब्जी बेचता है, जबकि उसके सगा भतीजा चंदन पिता स्व.प्रह्लाद गोंड भी उसके बगल में ही सब्जी दुकान लगाते हैं। सब्जी का दुकान लगाने को लेकर ही चाचा-भतीजा में विवाद हो गया। तब चंदन के बड़े भाई सुबास, रंजन व रोहित भी वहां आ गए। चारों भाइयों ने मिलकर अनुज की पिटाई कर दी। इसकी सूचना मिलने पर अनुज कुमार की पत्नी ने उसे उठाकर सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया।

# जल यात्रा में विधायक भी हुए शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

प्रखंड के अरसली उतरी पोखरा पर नवनिर्मित शिव मंदिर में शिव परिवार की प्रतिमा स्थापित करने व पांच दिवसीय रुद्र यंग को लेकर जल यात्रा निकाली गई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक भानुप्रताप शाही सहित सैकड़ों महिला पुरुष शामिल हुए।

जल यात्रा पोखरा पर देवी धाम से शुरू हुई और दुर्गा मंदिर होती हुई लामी टोला में नदी से मंत्र उच्चारण के साथ कलश में जल लेकर छठ घाट महुरांव होती हुई देवी धाम पर समाप्त हुई। कार्यक्रम के संचालन में मुख्य रूप से उदय गुप्ता अध्यक्ष, शंभू सेठ कोषाध्यक्ष, उमेश शर्मा उपाध्यक्ष,



शैलेश कुमार चौबे मीडिया प्रभारी, रविंद्र शर्मा, मनोज बैठा, आत्मा नंद विश्वकर्मा, डोमन चंद्रवंशी, अमित कुमार, कोदू विश्वकर्मा, सूर्यदेव ठाकुर, श्यामलाल वियार, उमाशंकर चौबे, कृष्णदेव चौबे, आगंतुक सत्कार और भूलेंटियर में छठ पूजा कमेटी और श्री राम सेना कमेटी मुख्य रूप से भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम की समाप्ति 16 मई को की जाएगी। रुद्र यज्ञ यूपी बनारस के आचार्य पंडित अवध किशोर चौबे करा रहे हैं।

## लातेहार संक्षिप्त

### कामगार यूनियन महाजुटान 24 मई को

**बालूमाथ।** टोरी-शिवपुर रेल लाइन अंतर्गत आने वाले सभी कोल साइडिंग में कोयला लोडिंग मशीन के बजाय काम मैनुअल कराये जाने समेत आठ सूत्री मांग को लेकर झारखंड जेनरल कामगार यूनियन का एक दिवसीय महाजुटान 24 मई को बालूमाथ के जोगियाडीह मैदान में आयोजित किया जाएगा। इसमें बतौर मुख्य अतिथि छात्र नेता जयराम उर्फ टाइगर महतो तथा विशिष्ट अतिथि विकास महतो मौजूद रहेंगे। उक्त जानकारी देते हुए यूनियन के जिला अध्यक्ष प्रदीप गंझु ने बताया कि एक तरफ जहां तीन वर्ष से अधिक समय से टोरी-शिवपुर रेल लाइन के बीराटोली, कुसमाहि, बालूमाथ, बुकरु, फुलबासिया, शिवपुर साइडिंग से कोयला मशीन से लोडकर फैक्ट्रियों में निर्बाध रूप से भेजा जा रहा है, तो दूसरी तरफ स्थानीय युवा तथा मजदूर रोजगार के अभाव में दूसरे राज्यों में पलायन कर रहे हैं। कहा कि कार्यक्रम में विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत रूप से चचा की जाएगी। हजारों की संख्या में युवा, मजदूर, किसान व महिला अपने अधिकारों के लिए संघर्ष की रणनीति तय करेंगे।

### जनसेवकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी

**लातेहार।** ग्रेड पे कम करने के विरोध में झारखंड राज्य जनसेवक संघ के आह्वान पर जिले के जनसेवक 9 मई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। जिला अध्यक्ष रामनाथ यादव ने कहा कि 10 सालों तक विभाग ने हमारी सेवाएं लीं। अब जब प्रमोशन और एमएसीपी का समय आया तो कृषि निदेशक ने जनसेवकों का ग्रेड पे 2400 से घटाकर 2000 कर दिया। संघ के रघुनंदन राम ने 2012 में बहाल सभी जनसेवकों को एमएसीपी का लाभ देने व राज्य वरीयता सूची प्रकाशित करने की मांग की। धरना में रामनाथ यादव, लव कुमार पासवान, रघुनंदन राम, प्रकाश कुमार, सुजाता कुमारी,रीना कुमारी, स्नेह लता टोप्पो, अनिता कुमारी, संकेत सत्यम, संजय मिंज, प्रभात भगत, साकेत कुमार, आदि शामिल थे।

### दो सहायक लोक अभियोजकों ने दिया योगदान

**लातेहार।** लातेहार जिला के अभियोजन कार्यालय में नव नियुक्त दो सहायक लोक अभियोजकों विपुल कुमार गुप्ता व प्रभाकर श्रीवास्तव अपना योगदान दिया। प्रभारी जिला लोक अभियोजक अशोक दास ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। बधाई देने वालों में अधिवक्ता सुनील कुमार, सविता साहू, नवीन कुमार गुप्ता, उपेंद्र कुमार व अमित कुमार गुप्ता आदि शामिल हैं।

### पेंशनर समाज का स्थापना दिवस मनाया गया

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित राज्य पेंशनर समाज एकत्रित प्रखंड शाखा बालूमाथ का 16वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। संघ का झंडा राज्य के महासचिव महेश कुमार सिंह ने फहराया। इसके बाद भारत माता, सुभाष चंद्र बोस एवं स्वामी विवेकानंद के चित्रों पर पुष्प अर्पित किया गया। बालूमाथ पेंशनर समाज के प्रखंड अध्यक्ष शशिभूषण प्रसाद ने विस्तार से संघ के इतिहास पर प्रकाश डाला। मंच संचालन जानकी नंदन राणा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन अशोक कुमार मिस्त्र ने किया। मौके पर लातेहार जिला के विभिन्न प्रखंडों से 185 लोग उपस्थित रहे।

**आयोजन** सरस्वती विद्या मंदिर में बाल संसद का चुनाव किया गया

# बाल संसद से विकसित होती है नेतृत्व क्षमता

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में गुरुवार को बाल संसद का चुनाव किया गया। इसका शुभारंभ विद्यालय के पूर्व छात्र सह अभिभावक प्रतिनिधि चंदन कुमार, पत्रकार सह पूर्व छात्र शुभम जायसवाल व प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने संयुक्त रूप से किया।

इस मौके पर पाठक ने कहा कि इस तरह चुनाव कराने से बच्चों में नेतृत्व क्षमता, मतदान की महत्ता और सहपाठियों में लोकप्रियता के भाव का विकास होता हैं। चुनाव पर्यवेक्षक चंदन कुमार और शुभम जायसवाल ने मतदान प्रक्रिया की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। दोनों पर्यवेक्षकों की देखरेख में प्रतिस्पर्धात्मकता के साथ चुनाव संपन्न हुआ। शिशु, बाल, किशोर एवं कन्या भारती के लिए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सेनापति, सह सेनापति, सचिव और सह सचिव पदों के लिए कुल 133 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। इसमें शिशु भारती में 19, बाल भारती में 176, किशोर भारती में 91 एवं कन्या भारती में 45 मत पड़े। शिशु भारती के पीठासीन




अधिकारी कृष्ण कुमार पांडेय, मतदान कर्मी आरती श्रीवास्तव तथा तन्वी जोशी बाल भारती के पीठासीन अधिकारी विवेक कुमार, मतदान कर्मी नंद लाल पांडेय तथा सत्येंद्र प्रजापति, किशोर भारती के पीठासीन अधिकारी सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, मतदान कर्मी सुजीत कुमार दुबे तथा प्रसून कुमार, कन्या भारती के पीठासीन अधिकारी नीरज कुमार सिंह, मतदान कर्मी अशोक कुमार तथा रेणु कुमारी बनाये गये थे। प्रधानाचार्य ने बताया कि 12 मई को चुनाव परिणाम की घोषणा सह शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जायेगा। चुनाव कार्य को संपन्न कराने में कौशलेंद्र झा, पिंटू कुमार सिंह, दिनेश कुमार, अविनाश कुमार, सुप्रिया कुमारी, रेणु पाठक आदि की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### दूसरे दिन भी जिले के जनसेवकों ने दिया धरना

**गढ़वा।** झारखंड राज्य जन सेवक संघ जिला इकाई गढ़वा के बैनर तले जिले के जनसेवक अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे रहे। यह उनकी हड़ताल का दूसरा दिन था। जनसेवकों ने कृषि मंत्री, कृषि सचिव एवं कृषि निदेशक के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। संघ के जिला अध्यक्ष शाहिद अंसारी ने बताया कि उनकी हड़ताल से पूरे राज्य में सभी विभागों का कार्य ठप पड़ गयाहै। धरने में रंजन दुबे, प्रशांत कुमार मिश्र, अजीत सिंह, बसंत पांडे, राकेश रोशन, पवन कुमार रजक, दीपक चंचल, ओमप्रकाश सिंह, भागीरथी रवि, सुनीता, प्रवीण दुबे, ज्ञानेंद्र आदि उपस्थित थे।



## गोदाम के चालू नहीं होने से सरकार को परिवहन पर करना पड़ रहा अधिक खर्च

# दो वर्ष से उद्घाटन की बाट जोह रहा एफसीआई गोदाम

**हिमांशु सिंह। मयूरहंड(चतरा)**

जिले के मयूरहंड प्रखंड मुख्यालय स्थित भवन निर्माण विभाग की ओर से लगभग दो वर्ष पूर्व ही एफसीआई गोदाम का निर्माण कर विभाग को हस्तांतरित कर दिया गया है। बावजूद इसके संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर से इसका शुभारंभ आज तक नहीं किया जा सका है। इससे प्रखंड क्षेत्र के डीलरों समेत विद्यालय में मध्याह्न भोजन एवं आंगनबाडी केंद्रों का चावल उठाव इटखोरी प्रखंड से करना पड़ रहा है। विभागीय लापरवाही के कारण डीलरों समेत विद्यालय व आंगनबाडी केंद्रों को परेशानी उठाने के साथ सरकार को भी परिवहन खर्च का नुकसान उठाना पड रहा है।



ऐसे में सवाल उठता है क्या नव निर्मित एफसीआई गोदाम भी अन्य भवनों की तरह केवल शोभ की वस्तु बनकर रहेगा। हालांकि बेलखोरी पंचायत के समाजसेवी शिव कुमार सिंह ने श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता से मुलाकात कर कुछ माह पूर्व गोदाम चालू कराने की मांग की थी। उस समय मंत्री ने जल्द गोदाम चालू कराने को लेकर आश्वस्त किया था। जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी ने भी उस वक्त मंत्री व स्थानीय विधायक किशुन कुमार दास से समय लेकर उद्घाटन कराने की बात कही थी। लेकिन महीनों बीत जाने के बावजूद गोदाम चालू नहीं हुआ। इस विषय पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिरजी ने पूछे जाने पर पुनः विधायक से समय लेकर एक सप्ताह के अंदर गोदाम का उद्घाटन कराने की बात कही है। अब देखना होगा कि विभाग एक सप्ताह के अंदर गोदाम का शुभारंभ कराने में सफल हो पाता है या फिर माननीयों के समयाभाव में मामला लटकता है। बता दें कि विधायक दास एफसीआई गोदाम निर्माण कार्य संपन्न होने के बाद से दर्जनों बार विभिन्न कारणों से प्रखंड क्षेत्र का भ्रमण कर चुके हैं।

# बहादूर बच्ची के घर पहुंचे बीडीओ, बाल पुरस्कार के लिए डीसी को लिखेंगे पत्र

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड (चतरा)**

जिले के मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत हुसिया गांव की 13 वर्षीश बहादुर काजल ने ऐसा साहसी कार्य कर दिखाया है कि हर कोई प्रशंसा कर रहा है। काजल ने अपनी जान की प्रवाह किए बगैर कुएं में छलांग लगा कर तीन वर्षीय बालक को डुबने से बचाया और खुद घायल हो गई। गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा बहादूर काजल के घर पर पहुंचे और बहादुरी के लिए काजल की हौसला अफजाई करते हुए प्रशांसा की।

बीडीओ ने कहा की छोटी सी उम्र में बहुत ही हिम्मत का काम किया है, जो अन्य व्यक्ति के लिए प्रेरणा है। उन्होंने आगामी स्वतंत्रता दिवस पर काजल को सम्मानित करने के साथ राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए उपायुक्त को पत्र लिखने की भी बात कही। घटना के बाद से बच्ची विद्यालय नहीं पहुंच रही थी। पता चला तो शिक्षक ने काजल को देख उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मयूरहंड पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने गहन इलाज के लिए



हजारीबाग भेजा, जहां शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में उसका इलाज चल रहा था। लेकिन काजल के परिजन बुधवार रात वापस गांव उसे ले आए। बीडीओ ने परिजनों को समुचित इलाज करवाने के लिए पुनः हजारीबाग जाने को कहा। तत्काल 25 किलो अनाज मुहैया करवाया। इस दौरान डीलर संघ के अध्यक्ष सतेंद्र सिंह, डीलर आदित्य प्रसाद भगत, राज कुमार भगत समेत अन्य शामिल थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### बीडीओ ने किया स्कूलों का निरीक्षण, शिक्षकों को दिए जरूरी निर्देश

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह ने गुरुवार को आधा दर्जन विद्यालयों का औचिक निरीक्षण किया। इस दौरान सिंह ने उत्क्रमित प्राथमिकी विद्यालय सिमरातरी में बच्चों से पूछताछ की। इसके बाद बीडीओ उत्क्रमित मध्य विद्यालय पहरा पहुंचे, जहां विद्यालय प्रधनाध्यपक कृष्णा मोची अनुपस्थित पाये गये। इस पर बीडीओ ने नाराजगी व्यक्त करते हुए दो दिन के अंदर स्पस्टीकरण की मांग की। मौके पर मुखिया पति मुकेश कुमार साव, शिक्षक रवि प्रियदर्शी आदि मौजूद थे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

**चतरा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में एवं सचिव प्रज्ञा बाजपेई के द्वारा 13 अप्रैल को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए जिले के सभी 12 प्रखंडों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार को जिले के सभी 12 प्रखंडों के पीएलवी की एक ऑनलाइन मीटिंग कर सभी को राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार कर लोगों को न्यायालय में लंबित सभी सुलहनीय वादों का अधिक से अधिक निष्पादन करवाने का निर्देश दिया गया।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच को लेकर जोरों से चल रही तैयारी

**चंदवा।** आगामी 15 मई से 4 जून तक चलने वाली नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच को लेकर लाइफ लाइन एक्सप्रेस द्वारा सीएचसी व प्रखंड कार्यालय परिसर में तैयारी जोर शोर से की जा रही है। परिसर को साफ सुथरा करते हुए टेंट भी लगाये जा रहे हैं। लाइफ लाइन एक्सप्रेस ट्रेन प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अजय कुमार ने बताया कि यह फाउंडेशन का 23वां कार्यक्रम है। नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच में लोगों के आंख, कान, दांत, टेढ़े पैर एवं महिला रोग की जांच और उपचार किया जायेगा।

## अधिकारी व संवेदक की मिलीभगत से घर-घर पानी पहुंचाये बिना पूरी राशि की हो गयी निकासी

# जल जीवन मिशन योजना में बड़ा घोटाला

**अजय सिन्हा। लातेहार**

एक तरफ सरकार हर घर में स्वच्छ पानी पहुंचाने की महत्वाकांक्षी योजना चलाकर लोगों को लाभान्वित करना चाहती है। वहीं मनिका प्रखंड के नामुदाग पंचायत के सधवाडीह गांव में संवेदक व अधिकारियों की मिलीभगत से जल जीवन मिशन योजना में बड़ा घोटाला सामने आया है।

**23 जल मीनार लगे लेकिन नहीं हुई पानी की सप्लाई :** सधवाडीह गांव में 419 घर हैं। यह आदिवासी खरवार बहुल गांव हैं। इस गांव की आबादी लगभग ढाई हजार है। यहां कुल 23 जल मीनार लगाकर सभी घरों में कनेक्शन देकर पानी पहुंचाने का काम किया जाना था। हद तो तब हो गयी जब योजना क्रियान्वयन के बिना ही सारी राशि की निकासी कर ली गयी और ग्रामीण ठगे महसूस कर रहे हैं। गांव के स्कूल टोला में तीन, बरटोला, छत्तासेमर, अमवाटांड़ में एक एक, कुसुमटांड़ में चार जल मीनार, नावाटोली में तीन, महतो टोला में एक, पहनाई में एक, बरवागढ़ा में दो, कोयली टोंगरा में एक, बैगा टोली में एक, नीम टांड़ में एक, पीपरगढ़ा में एक जल मीनार लगाया गया था।

**कुएं से पानी भरने को विवश हैं ग्रामीण :** ग्रामीण टीभाली सिंह ने बताया कि गांव के एक भी घर में नल जल योजना का पानी नहीं जा रहा है। पहनाई और छाता सेमर टोला लगे जल मीनार से पानी मिल रहा है। इसके अलावा कहीं भी पानी घर में नहीं जा रहा है। वहीं कपिल देव कुमार ने कहा कि स्कूल टोला में एक भी घर में पानी नहीं जा रहा है। हम लोगों को कुएं से पानी भर के काम करना पड़ता है। ग्रामीण बसंत सिंह को साइकिल पर पानी का जार ले जाते हुए देखा गया। पूछे जाने पर उसने बताया कि हम लोगों को कहीं भी पानी नहीं मिला है। कुएं से पानी लाकर घर का काम चलाते हैं।

**स्कूल टोला के लोग आज भी एक ही कुएं पर हैं आश्रित :** सधवाडीह गांव का स्कूल टोला आज भी कुएं का गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। ग्रामीण विनोद सिंह, सुंदर सिंह, नवल सिंह, सकुंती देवी, फुलवा देवी, लक्ष्मणिया देवी समेत कई ग्रामीणों ने बताया कि हम लोगों के घर में एक बूंद भी पानी नहीं आता है। जल मीनार बेकार पड़ा हुआ है। उस पर पानी भी नहीं चढ़ता है। हम लोग पास के ही कुएं के पानी से अपने रोजमर्रा का काम करते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि एक ही कुएं पर आश्रित होने के कारण कुएं का पानी गंदा हो जाता है किसी तरह से हम लोग गुजारा कर रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि अधिकारी और ठेकेदार काम करा कर भाग गये, योजना के पैसे भी निकाल लिए। हम लोग को पानी मिले चाहे नहीं मिले कौन देखने वाला है।

**लाखों की योजना हुई बेकार, क्या होगा जल मीनार का :** सधवाडीह गांव में लाखों रुपये से बनी जल जीवन मिशन योजना पूरी तरह फेल साबित हुई। गांव में लोगों के घरों में जल नल का कनेक्शन तो मिला, परंतु ग्रामीण पानी के लिए तरसते रह गये। हालांकि संवेदक और अधिकारी के वारे न्यारे हुए, परंतु सरकार की महत्वकांक्षी योजना पर पानी फिर गया। ग्रामीणों में बड़ा उत्साह था कि अब घर में ही पानी मिलेगा, लेकिन उनका यह सपना चूर-चूर हो गया।

**क्या कहते हैं सांसद :** सांसद सुनील कुमार सिंह ने उक्त संबंध में कहा कि मामले की जांच करायी जायेगी। केंद्र सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना को सही ढंग से क्रियान्वित नहीं करने वाले संवेदक और अधिकारियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा।

**क्या कहते हैं जेई :** इस मामले में पूछे जाने पर विभाग के जेई सतीश कुमार ने बताया कि पानी का कनेक्शन सभी घरों में दिया गया है। पानी नहीं जा रहा है तो हम क्या कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जल मीनार पर पानी ही नहीं चल रहा है तो पानी कैसे जायेगा। उन्होंने कहा कि जल सहिया से इसकी रिपोर्ट लेंगे। योजना की राशि निकासी के संबंध में पूछने पर उन्होंने कहा कि संवेदक ने योजना की राशि निकासी की है, लेकिन पांच साल के मेंटेनेंस की राशि नहीं निकाली है।






### संवेदक और जेई के खिलाफ सरकार से करेंगे लिखित शिकायत : मुखिया

मुखिया दिनेश सिंह ने कहा कि पूरे साधवाडीह गांव को जल जीवन मिशन योजना के ठेकेदार व पीएचईडी विभाग के जेई ने ठगने का काम किया है। हमारी पंचायत के इस गांव में 23 जल मीनार लगाये गये हैं, लेकिन 2 को छोड़कर किसी में पानी नहीं निकल रहा है। संवेदक श्रीकांत तिवारी और जेई सतीश कुमार की मिलीभगत से आदिवासी बहुल गांव को ठगने का काम किया गया है। 31 मार्च 2023 को संवेदक श्रीकांत तिवारी ने 9 योजनाओं की कुल राशि 9064193 में से 8207211 रुपये की निकासी बैंक ऑफ इंडिया डोरंडा, रांची ब्रांच से कर ली है। इसी तरह से अन्य योजनाओं में भी निकासी कर ली गयी है, लेकिन ग्रामीणों को किसी तरह से लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसकी लिखित शिकायत सरकार व वरीय अधिकारियों से करेंगे।

### लातेहार निवासी विपुल कमार गुप्ता बने सहायक लोक अभियोजक



**लातेहार।** मेन रोड निवासी गिरजा प्रसाद गुप्ता के प्रपौत्र व मुरली गुप्ता के पुत्र विपुल कुमार गुप्ता सहायक लोक अभियोजक बनाए गए हैं। उनकी पदस्थापना लातेहार में ही हुई है। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से पढ़े गुप्ता प्रारंभ से ही मेधावी छात्रों में रहे हैं। उन्होंने न्यायिक सेवा में भी सफलता हासिल की थी, लेकिन वे अंतिम रूप से चयनित नहीं हो पाए थे।

गुप्ता विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी बनारस एवं प्रयागराज में रहकर कर रहे थे। उनके गृह शहर में ही गजटेड ऑफिसर बनने से स्थानीय लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है। गुप्ता को कई लोगों ने बधाई दी है, जिसमें उनके सहपाठी रहे स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (सेल) बोकारो के प्रबंधक विकास कुमार उर्फ विक्की, जिला मलेरिया विभाग में कार्यरत विनय कुमार बादल, प्रदीप पाठक, समाजसेवी नीरज नाथ गुप्ता, दीप नारायण गुप्ता, उमेश नाथ गुप्ता, शंभू गुप्ता, होटल दी कार्निवल के संचालक राजू रंजन प्रसाद, विजय प्रसाद गुप्ता, गजेंद्र प्रसाद आदि शामिल हैं।

## शोभा की वस्तु बना मॉडल आंगनबाड़ी का जल मीनार

**नवीनद मेल संवाददाता। गिद्धौर**

गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के द्वारी पंचायत अंतर्गत मॉडल आंगनबाड़ी सह नर्सरी स्कूल पूर्वी भाग 1 में 15वें वित्त आयोग की राशि से स्थापित किया गया जल मीनार निर्माण के साथ ही खराब हो गया।

मालूम हो कि लगभग दो माह पूर्व उक्त जल मीनार लगाया गया था, लेकिन दुर्भाग्य की बात है की योजना में न ही बोर्ड लगाया गया है, न ही नल लगा है और जल मीनार से पानी भी सफलाई नहीं हो रहा है। ऐसे में सरकारी राशि के खर्च के बाबजूद केंद्र पहुंचने वाले



बच्चे शुद्ध पेयजल से वंचित हो रहे हैं। आंगनबाड़ी में लगा जल मीनार केंद्र की शोभा बढ़ा रहा है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से मामले की जांच करवाते हुए उचित व्यवस्था कराने की मांग की है।

## कलश यात्रा के साथ देवी शतचंडी महायज्ञ शुरू, श्रम मंत्री हुए शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। हंटरगंज**

चतरा जिले के हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पांडेयपुरा पंचायत के दुंदु गांव में भव्य कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्री श्री 1008 श्री देवी शतचंडी सह प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ गुरुवार से शुरू हो गया। यज्ञाचार्य द्वारा पूजा अर्चना के बाद रास विहारी जी पंडित के द्वारा कलश यात्रियों को रवाना किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रुप में राज्य के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता शामिल हुए। कलश यात्रा यज्ञ मंडप से निकल कर पुरे नगर भ्रमण करते हुए तलाब तट



पहुंची, जहां यज्ञाचार्य द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलशों में पवित्र जल उठाया गया। इसके पश्चात पुनः कलश यात्रा नगर भ्रमण करते हुए यज्ञ मंडप पहुंची और विधि विधान के साथ कलश स्थापित किया। इस मौके पर भोक्ता ने कहा कि यज्ञ के होने से क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो जाता है। मनुष्य में भाईचारगी का भाव जगने लगता है। यज्ञ में प्रतिदिन संगीतमय प्रवचन एवं रामलीला का आयोजन किया किया गया है।

## ग्रीष्मावकाश पर हुई चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के वंदना सभागार में 'ग्रीष्मावकाश की उपयोगिता पर चर्चा' गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी व वरिष्ठ आचार्य ओंकार नाथ सहाय द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। रेनू गुप्ता ने बताया कि हम सभी अपने अंदर की कमियों को खोज कर उसे ठीक करने में अवकाश का उपयोग कर सकते हैं। विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य ओंकार नाथ सहाय ने कहा कि ग्रीष्मकालीन अवकाश एक लंबी अवधि की छुट्टी होती है। हमें एक समय सारणी बनानी है और उसका पालन करना



है। ग्रीष्म अवकाश की उपयोगिता पर चर्चा में कक्षा चतुर्थ से दशम तक के भैया बहनों ने भाग लिया। वहीं प्रधानाचार्य ने कहा कि ग्रीष्मकालीन अवकाश छात्रों को नए कौशल और प्रतिभा विकसित करने का अवसर प्रदान करती है।

## राहत | रेल फाटक 17 सी,16 सी के समीप अंडर पास निर्माण युद्ध स्तर जारी

# जाम से वर्ष के अंत तक मिल जाएगी निजात

**संजय कुमार। बरवाडीह**

धनबाद रेल मंडल के बरवाडीह रेलवे स्टेशन के समीप रेल फाटक 17 सी और 16 सी पर आए दिन जाम की समस्या से परेशान लोगों को वर्ष के अंत तक अंडर पास पुल बनने से बहुत बड़ी राहत मिलेगी। बरवाडीह मंडल मार्ग, बरवाडीह हुटार मार्ग, बरवाडीह बासीडीह चैनपुर मार्ग अंतर्गत आने वाले मुख्य एकमात्र रेल फाटक 17 सी के बंद रहने के कारण उक्त मार्ग से गुजरने वाले लोगों को होने वाली परेशानी से अब निजात मिलेगी। रेल मंत्रालय की मंजूरी के बाद रेल फाटक 17 सी के समीप अंडरपास पुल का निर्माण कार्य रेलवे के सहायक मंडल अभियंता डाल्टनगंज, आईओडब्ल्यू विवेकानंद बासु, अनिल कुमार, पीडब्लूआई अरुण कुमार के साथ-साथ रेलवे के अधिकारियों की देखरेख में जारी है।





जाम में फंसी गाड़ियां व अंडर पास पुल का निर्माण करा रहे अधिकारी।

### 16 सी फाटक के समीप भी निर्माण कार्य हुआ शुरू

रेल फाटक 16 सी के भी बंद रहने के कारण लोगों को होने वाली परेशानी से जल्द निजात मिलेगी। रेल मंत्रालय द्वारा 16 फाटक के समीप भी अंडरपास का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है, जो अगले वर्ष फरवरी - मार्च तक पूरा होगा। इससे प्राचीन पहाड़ी मंदिर और उसके आसपास के गांवों के साथ-साथ मंडल जाने वाले लोगों को काफी सुविधा होगी।

### क्या कहते हैं रेल पथ विभाग के वरीय अधिकारी

रेल पथ रेलवे विभाग के वरीय अनुभाग अभियंता (निर्माण) विवेकानंद बासु ने कहा कि अंडरपास का निर्माण कार्य लगातार किया जा रहा है। संबंधित संवेदक द्वारा रेल अधिकारियों की देखरेख में युद्ध स्तर पर हो रहे कार्य को देखते हुए कहा जा सकता है कि वर्ष के अंत तक अंडर पास पुल का लाभ आम लोगों को मिलने लगेगा।

## बारियातु में मनाया गया आवास दिवस

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**

बीडीओ प्रतिमा कुमारी के आदेशानुसार सभी पंचायतों मे आवास दिवस मनाया गया। इस मौके पर पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को ससमय आवास बनाने के लिए जागरूक किया गया। आवास बनाने में किसी तरह की परेशानी नहीं हो इसके लिए लाभुकों के साथ सीधा संवाद के लिए बालूभांग, फुलसु, डाढ़ा, बारियातु, साल्वे, टोंटी, शिबला व गोनिया पंचायत सचिवालय भवन परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस मौके पर प्रखंड की सभी 9 पंचायतों में स्थानीय जनप्रतिनिधि के साथ-साथ बीडीओ सह सीओ प्रतिमा कुमारी भी मौजूद थीं। बीडीओ ने आवास सहायक को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि कार्य में कोताही किसी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं स्थानीय मुखिया और वार्ड सदस्यों, स्वयंसेवकों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को भी अपने-अपने क्षेत्र में लंबित आवास कार्य को पूर्ण कराने में सहभागिता निभाने की अपील की। आवास कार्य को प्रगति में लाने के उद्देश्य से अमरवाडीह में पंकज पांडेय, अजाद वर्मा, बालुभांग में अनेश्वर प्रसाद व रेखा कुमारी, बारियातु में संतोष यादव, प्रभात उरांव, डाढ़ा में रवि यादव, शिव प्रसाद, गोनिया में अरविंद पांडेय, फुलसु में शशि कुजुर व रामबिलास उरांव, साल्वे में रामदेव नगेसिया, नईम खान शिबला में प्रदीप भगत व अविनाश रंजन, टोंटी में निशांत कुमार व राजदेव सिंह को नियुक्त किया गया है। आवास दिवस कार्यक्रम में मुखिया केदार गंझु, तेतरी देवी, सुरेश उरांव आदि मौजूद थे।



### पीएम आवास को लेकर संबंधितों को दिए गए सख्त दिशा निर्देश

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड की सभी पंचायत में गुरुवार को प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत लाभुक दिवस का आयोजन किया गया। इस क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह के अलावे अन्य पदाधिकारी व कर्मियों ने अलग-अलग पंचायत में जाकर लाभुकों से सीधा संवाद किया। बीडीओ सहित अन्य प्रतिनियुक्ति कर्मियों ने अधूरे पड़े आवास के लाभुकों की समस्या से अवगत हुए और त्वरित निष्पादन करते हुए उन्हें अधूरे आवास को जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। अभियान में संबंधित पंचायत के पंचायत सचिव के अलावे मुखिया सरिता देवी, समीरा कुमारी, निर्मला देवी, बेबी देवी, डेगन गांझू व जगदीश यादव आदि शामिल थे।

### आरोपी का किसी से था प्रेम प्रसंग, पता चलने पर पत्नी को खिला दी गर्भपात की दवा

# आत्महत्या की गुत्थी सुलझी, महिला का पति गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
सेन्हा थाना पुलिस ने क्षेत्र की एक युवती की हत्या की गुत्थी सुलझा ली है। इस मामले में आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। मामले के अनुसार, सेन्हा थाना क्षेत्र के डांडु करंज टोली निवासी गंदुर लोहरा की 21 वर्षीय पुत्री सोनी कुमारी ने पिछले दिनों अपने पिता के घर में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली थी।

पुलिस एफआईआर दर्ज कर घटना की जांच कर रही थी। उसी दौरान पता चला कि सोनी कुमारी का विवाह कुडू थाना क्षेत्र के चिरी बड़का टोली निवासी राजाराम लोहरा के पुत्र मुकेश लोहरा के साथ हुआ था। दोनों का वैवाहिक जीवन कुछ ही माह अच्छे से बीते थे कि बच्चे को लेकर परिवारिक विवाद होने लगा। सोनी कुमारी इसका कारण का पता लगाने लगी और सचाई तक पहुंचते ही पति को पता चला तो गर्भपात कराने के लिए सोनी कुमारी को बिटामिन का दवा बता कर खिलाया गया। जब सोनी का तबीयत बिगड़ने लगी तो उसे मायके भेज दिया गया और ससुराल वालों संपर्क बंद कर दिया। घटना को लेकर पति मुकेश लोहरा की संलिप्ता का संदेह होने पर वादिनी मृतक लड़की की मां सोनमईत देवी एवं बहन के बयान पर सेन्हा थाने में दर्ज मामले के आलोक में पुलिस ने कारवाई करते हुए चिरी निवासी राजाराम लोहरा का पुत्र मुकेश लोहरा को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेजा गया।



थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने कहा कि आत्महत्या कांड की गुथी सुलझाने की दिशा में पुलिस करवाई जारी थी। तभी मृतक लड़की की मां एवं बहन ने आरोप लगाते हुए कहा कि मुकेश लोहरा का किसी लड़की के साथ प्रेम प्रसंग है। इसी कारण सोनी कुमारी को गर्भपात कराने के लिए दवा खिलाई गई थी। दवा खाने से उसकी स्थिति बिगड़ने लगी तो उसको ससुराल मायके भेज दिया गया, जहां माता पिता द्वारा इलाज कराया गया, परंतु लड़की सदमा बर्दाश्त नहीं कर सकी और आत्महत्या कर ली।

## 72 वर्षीय वृद्ध ने पेड़ में फंदा लगा की आत्महत्या

**घाघरा।** घाघरा थाना के हॉलमाटी कॉलोनी निवासी गंगा उरांव 72 वर्ष ने गुलइची के पेड़ में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। घटना बुधवार की रात्रि की है। घटना के बावत मृतक की पत्नी ने बताया कि गंगा गॉव के ही शादी समारोह में गया था। करीब आठ बजे रात्रि में वह लौटा और आंगन में ही सोने की बात कह सो गया। सुबह जब उसकी पत्नी नंदिया भागताईन जगी तो उसने सोचा कि गंगा कही निकला होगा। लेकिन कुछ ही देर में पता चला कि उसके घर के पास में ही स्थित गुलइची के पेड़ में गंगा का शव लटका हुवा है। गंगा की पत्नी नंदिया पहुँची तो देखी की गंगा पेड़ के सहारे फांसी लगा ली है। घटना की सूचना पर घाघरा थाना के ए एस आई गणेश चौड़े गांव पहुंच शव का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल गुमला भेज दिया।

# 'संस्कृति रक्षा, शक्ति संचय व सेवा कार्य ही आर्यवीर दल का मुख्य उद्देश्य'

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
गुरुकुल शांति आश्रम लोहरदगा प्रांगण में आर्यवीर दल झारखंड प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय युवा चरित्र निर्माण शिविर के तीसरे दिन बच्चों को कई विधाओं, क्रियाओं व व्यायाम के प्रति रूप का विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



शिविर के तीसरे दिन छत्तीसगढ़, असम एवं झारखंड के विशेषज्ञ शिक्षकों के मार्गदर्शन में अलग-अलग जगहों से 91 प्रशिक्षुओं को व्यायाम के विभिन्न विधाओं का अभ्यास करा कर उन्हें शारीरिक रूप से बल दायक, मजबूत एवं शरीर में लचीलापन लाने के अभ्यास कराए जा रहे हैं, जिससे शरीर मजबूत, बलवान एवं सुंदर दिखे। वहीं गुरुकुल के संचालक आचार्य शरचचंद्र आर्य ने जानकारी दी कि आर्य वीर दल का समापन समारोह 15 मई को मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव होंगे। आज आर्य वीर दल के बारे में बौद्धिक कक्षा के दौरान आर्यवीर का अर्थ बताया गया, जिसमें आर्य को श्रेष्ठ, निरुक्त में ईश्वर पुत्र कहा गया है। आने के 8 गुण, जिनमें ज्ञान, संतोष, मन पर नियंत्रण, दया, दान, विनम्रता, सत्य बोलना एवं इंद्रियों को वश में करने आदि के बारीकियों से प्रशिक्षुओं को अवगत कराए गए। बौद्धिक कक्षा के दौरान वीर का अर्थ समझाते हुए पराक्रमी बनने पर बल दिया गया। बताया गया कि श्रेष्ठ चरित्रवान और वीरों का संगठन आर्य वीर दल है। आर्य वीर दल के उद्देश्यों में संस्कृति रक्षा, शक्ति संचय एवं सेवा कार्य शामिल है। शिविर में लोहरदगा के विभिन्न ग्रामों के अलावे रांची, लातेहार, गुमला एवं सिमडेगा आदि स्थानों के प्रशिक्षु आए हुए हैं।

## NEWS इन ब्रीफ

### पीएम आवास लाभुक दिवस का आयोजन

**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत के सचिवालयों में गुरुवार को प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आवास निर्माण में मेटेरियल की समस्या या मजदूरी भुगतान से संबंधित समस्याओं के समाधान के बारे में लाभुकों के साथ चर्चा की गई। सभी पंचायत के मुखिया व पंचायत सचिव ने लाभुकों को बताया कि प्रधानमंत्री आवास निर्माण में कोई परेशानी नहीं होगी। जल्द ही सभी समस्याओं का समाधान होगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा कि यह कार्यक्रम 30 जून तक प्रत्येक गुरुवार को पंचायत सचिवालयों में आयोजित होगा। मौके पर कनीय अभियंता संजीत कुमार के अलावे सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव तथा जनसेवक मौजूद थे।

### कार्यशाला का आरंभ

**घाघरा।** कासा संस्थान के प्रांगण में युवा नेतृत्व का क्षमता निर्माण हेतू दो दिवसीय कार्यशाला गुरुवार को प्रारंभ किया गया। कार्यशाला में सेन्हा व घाघरा प्रखंड के 20 गांव से 54 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिन्हें कोऑर्डिनेटर राजदीप पुरी एवं ट्रेनर अनिरुद्ध चौबे, जय समीर कुजूर ने आवश्यक बातें बतायी। इस कार्यशाला में कासा संसाधन केन्द्र गम्हरिया घाघरा के समंवयक राजदीप पुरी, कार्यक्रम सहयोगकर्ता अंजनी रानी टोप्पो, सुविधकर्ता सुश्री वंदना कुजूर, सही प्रतिभागी उपस्थित थे।

### वजन सप्ताह मनाने का दिया गया निर्देश

**सेन्हा।** बाल विकास कार्यालय में पर्यवेक्षिका द्वारा बैठक आयोजित कर आंगनबाड़ी सेविकाओं को दिशा निर्देश दिया गया। बाल विकास परियोजना के अन्तर्गत प्रखंड क्षेत्र में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र सेविकाओं के साथ बैठक कर पर्यवेक्षिका परमुनी देवी ने 15 मई से 22 मई तक वजन सप्ताह मनाने का निर्देश दिया।

### कैरो में स्वच्छ भारत मिशन का मखौल उड़ाता है शौचालय में रखा कूड़ा करकट

# कागजों में ओडीएफ प्लस, लेकिन जमीन पर हकीकत कुछ और ही


**शकील अहमद। कैरो**
लोहरदगा जिला कुछ साल पहले ही ओडीएफ घोषित हो चुका है। उसके बाद ओडीएफ प्लस की भी उपाधि प्राप्त हो गई है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयान कर रही है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत भले ही गांवों को खुले में शौच मुक्त करने का संकल्प लेकर सरकार करोड़ों रुपये पानी की तरह बहा रही हो, लेकिन इसका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। इसका उदाहरण कैरो प्रखंड क्षेत्र के अधिकांश गांवों में देखने को मिल रहा है। अभी भी गांव की बड़ी आबादी खुले में शौच कर रही है और करने को मजबूर भी है। क्योंकि जो शौचालय बने हैं उनकी गुणवत्ता ठीक नहीं है। किसी के दरवाजे नहीं है तो किसी की छत नहीं है। इस कारण लोग इसका उपयोग नहीं कर पा रहे हैं।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-टू के तहत 29 अप्रैल से 15 मई तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा हैं, जिसके तहत जिलांतर्गत सभी पंचायतों में विभिन्न स्वच्छता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा हैं। शत प्रतिशत शौचालयों के प्रयोग एवं इनके न प्रयोग होने से होने वाले दुष्प्रभावों से लोगों को रूबरू कराया जा रहा है। विगत कुछ वर्ष पूर्व से ही स्वच्छ भारत मिशन की ओर से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं आखिर कब तक जागरूक करते रहेंगे। क्या दशकों निकल जाएंगे सिर्फ यह समझाने में कि खुले में शौच ना करें। प्रखंड में लगभग 5880 शौचालय बनाए गए हैं। बावजूद इसके प्रखंड मुख्यालय मुख्य चौक से महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित कंदनी नहर व कुछ दूर कंदनी नदी व गाराडीह, गजनी, चाल्हो सहित कई ऐसे और गांव है जहां पर खुले में शौच करते हुए लोग दिख जाएंगे। गजनी व गाराडीह गांव की बात करे तो अधिकांश शौचालय का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने के बाद भी अधूरा पड़ा होने से लाभार्थी उसका उपयोग लकड़ी, कंडा, भूसा आदि सामान रखने के उपयोग में ला रहे हैं। पूछताछ में कहने लगे कि अधूरे शौचालय का जो उपयोग हो सकता है वह हो रहा है। शौचालय का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया था लेकिन काम गुणवत्ता पूर्ण नहीं होने के कारण कुछ ही दिनों में किसी का गड्ढा खराब हो गया तो किसी का दरवाजा, छत टूट गया। आज शौचालय आधा अधूरा पड़ा हुआ हैं। निर्माण पूरा न हो जाय तब तक तो शौच के लिए बाहर खुले मे ही जाना मजबूरी है।

इस संबंध मे प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने कहा कि कुछ लोगों में जागरूकता की कमी हैं। उनकी मानसिकता ऐसी हो गई है कि खुले में शौच करने पर गौरवान्वित महसूस करते हैं। स्वच्छ भारत मिशन की ओर से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं और वैसे जगहों पर जंहा खुले मे शौच किया जाता हैं गांव में जाकर जागरूक करने का काम किया जायेगा।

### हालत ऐसी कि किसी की टूटी है छत तो किसी का दरवाजा





# चैनपुर में आज लगेगा फूड लाइसेंस शिविर

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर ( गुमला )**
चैनपुर अनुमंडल के चैनपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में शुक्रवार को फूड लाइसेंस शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रखंड मुख्यालय के सभी होटल एवं वैसे दुकानदार जो अपनी दुकान में खाद्य सामग्री बेचते हैं वे कैंप में जाकर अपना फूड लाइसेंस बनवा सकते हैं। मौके पर फूड लाइसेंस आपरेटर प्रियांशु कुमार ने बताया कि लाइसेंस के लिए वैसे दुकानदार जिनकी बिक्री 3000 से कम है वो अपना आधार कार्ड, एक पासपोर्ट साइज फोटो एवं 100 रुपये जमा कर अपना लाइसेंस बनवा सकते हैं। वहीं जिस दुकान की बिक्री 3000 से उपर होती है उन्हें जरूरी कागजात के साथ 2000 रुपये जमा करने होंगे। वहीं मांस-मछली के दुकानदारों को अनापत्ति प्रमाणपत्र जमा करना होगा। उसने बताया कि डुमरी प्रखंड में 17 मई को कैंप लगाया जाएगा। वहीं चारी में 19 मई को कैंप लगाया जाएगा।




### हज में जाने वाले यात्रियों को लगेंगे टीके

**लोहरदगा।** 13 मई को हज में माह के अंतिम समय में जाने हज यात्रियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण में सभी को मेनेनजाइटिस का टीका के साथ पोलियों की खुराक भी सदर अस्पताल के जानिब से होटल अल सफा अमला टोली में दी जाएगी। सभी हज यात्री को प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक हज के नियम कायदे से प्रशिक्षक हाजी हासिम द्वारा दी जाएगी। हाजी हासिम ने बताया की हज की अंतिम किस्त हज कमिटी को सभी यात्री अवश्य एसबीआई ब्रांच में जमा कर इसकी जानकारी लोहरदगा हज कमिटी को देना लाजमी है।

# छापामारी में 30 पीस साल की चौखट की गई बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
जिले के पश्चिमी पठारी जंगलों से लकड़ी की अवैध तस्करी रोकने को लेकर चलाए जा रहे अभियान में गुरुवार को वन विभाग को बड़ी सफलता मिली है। वन विभाग की टीम ने 30 पीस साल लकड़ी का चौपहल व काटने के औजार जब्त किए हैं। यह कार्रवाई लोहरदगा रेंज अंतर्गत चरहु गांव से की गई है।



बताया गया कि वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार को चरहु गांव में लकड़ी तस्करों के सक्रिय होने की सूचना मिली थी। इस पर डीएफओ ने टीम बनाकर कार्यवाही किया। छापेमारी टीम में प्रदीप कुमार, रवि कुमार, रमेश कुमार, महावीर, नवनीत, नवींन, राजेंद्र, बालक, सुकरा समेत अन्य शामिल थे। उल्लेखनीय है कि स्थानीय पठारी जंगलों मैं लकड़ी के अवैध तस्करी से जंगल समाप्त हो रहे हैं। लगातार प्रयास के बावजूद लकड़ी तस्करों का हौसला पस्त नहीं हो रहा है।

## छात्रवृत्ति परीक्षा में घाघरा के दो बच्चों को मिली सफलता

**घाघरा।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के तत्वावधान में झारखंड एकेडमिक कॉउन्सिल रांची द्वारा आहूत राष्ट्रीय साधन सह मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा 2022-23 में गुमला जिला के घाघरा प्रखंड के रा.म.वि. सरांगो के दो लोगों ने सफलता हासिल की है। सफलता पाने वालों में प्रकाश बैठा एवं नंदनी कुमारी शामिल है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सदय प्रताप जायसवाल, शिक्षक बन्धन लकड़ा, राजेन्द्र भगत, शम्भूनाथ पांडेय, अरुण महतो, रघुनाथ भगत, शिक्षिका पूनम कुमारी, पुष्पा कुमारी, कमला कुमारी तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के परमेश्वर भगत, रतींद्र भगत ने दोनों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# परिवहन विभाग ने 25 हजार जुर्माना वसूला

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
जिला परिवहन विभाग लोहरदगा के निर्देश पर सेन्हा थाना क्षेत्र बक्सीडीपा के समीप गुमला लोहरदगा मुख्य पथ पर वाहन जांच अभियान चलाया गया।परिवहन विभाग के निर्देश पर सड़क सुरक्षा अधिनियम के तहत वाहन जांच के दौरान दो चक्का, टेम्पू, चार पहिया वाहनों की जांच की गई।



जांच के क्रम में मोटरसाइकिल चालक का हेलमेट लाइसेंस सहित वाहन से संबंधित अन्य कागजात का जांच की गई। वहीं मोटरसाइकिल चालकों को बिना हेलमेट या लाइसेंस, वाहन के कागजात के बिना पकड़े जाने पर 25 हजार रुपये जुर्माना राशि वसूली की गई। वाहन जांच के दौरान सड़क सुरक्षा से अमृतेश्वरी गिरी, अमरेश कुमार सहित सेन्हा थाना के पुलिस बल शामिल थे।

## चतरा संक्षिप्त

### श्री श्री 108 श्री राम ज्ञान महायज्ञ का शुभारंभ

**इटखोरी(चतरा)।** श्री श्री 108 श्री राम ज्ञान महायज्ञ सह श्री राम चरित्र मानस नवाह, रूद्रपाठ का शुभारंभ गुरुवार को कलया यात्रा के साथ जिले के इटखोरी प्रखंड अंतर्गत शहरजाम गोसाईडीह में प्रारंभ हुआ। कलश सह शोभा यात्रा शहरजाम गोसाईडीह यज्ञ मंडपन से प्रारंभ हुई जो नगर भ्रमण करते हुए ऐतिहासिक माता भद्रकाली मंदिर स्थित मुहाने नदी पहुंची, जहां वैदिक मंत्रों उच्चारण के साथ कलशों में जल भर कर पुनः कलश यात्रा यज्ञ मंडप पहुंची औरा यज्ञशाला में स्थापित किया गया। 500 की संख्या में शामिल कलशधारी महिला व युवतियों के साथ शोभा यात्रा में राम जानकी भोलेनाथ और वीर बजरंगबली के प्रारूप में श्रद्धालुओं ने अपना जलवा बिखेरा। महायज्ञ में रात्रि 7:30 से रामलीला का आयोजन किया गया है। कलश यात्रा में डोमन राणा, जिप सदस्य रीता देवी, समाजसेवी भारत साव, डॉक्टर मृत्युंजय सिंह, सीताराम सिंह, पुजारी कपिल देव पांडेय, सियाराम सिंह, कौशल सिंह, सुरेंद्र सिंह, जितेंद्र रजक, शिव कुमार राणा, उमेश दांगी, लखन साहू, बाल गोविंद राम, प्रदीप सिंह, सुनील सिंह, नारायण सिंह, निर्मला सिंह, राजेंद्र दांगी, ललित सिंह, योगी सुरेंद्र रजक, सुनील रवानी व भारी संख्या में लोग शामिल थे।

### उपायुक्त ने की विकास योजनाओं की समीक्षा



**चतरा।** गुरुवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट, विशेष केंद्रीय सहायता मद, श्यामा प्रसाद मुखर्जी से संचालित योजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में प्रतापपुर प्रखंड अंतर्गत हिंदियाकला में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल द्वारा विशेष केंद्रीय सहायता मद से बिरहोर परिवारों के बीच पेयजलापूर्ति हेतु लगाये गए चापानल के वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। माता कॉलेश्वरी मंदिर स्थित पेयजल की आपूर्ति हेतु विद्युत की आवश्यकता को देखते हुए कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल को निर्देशित किया गया कि पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करें ताकि वहां पेयजल की आपूर्ति की जा सके। भेड़ी फार्म में चल रहे सौदर्यीकरण कार्य एवं कैंटीन निर्माण, सड़क निर्माण कार्य समेत अन्य कार्यों की समीक्षा करते हुए उसकी वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। जिला अनुमंडलीय पुस्तकालय में चल रहे सोलर पैनल के अधिष्ठापन कार्य, पुस्तकालय नवीकरण कार्य, भवन मरम्मति कार्य समेत अन्य अतिआवश्यक कार्यों की समीक्षा करते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र को निर्देशित किया कि कार्यों का समय-समय पर निगरानी कर शीघ्र कार्य को पूर्ण करायें।

### बैठक — जिले के पुस्तकालयों सहित विभिन्न विभागों की समीक्षा की, दिया निर्देश

# विस की पुस्तकालय समिति की सभापति पहुंचीं लोहरदगा

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
झारखंड विधानसभा की पुस्तकालय समिति ने गुरुवार को सभापति अपर्णा सेन गुप्ता (विधायक, निरसा) की अध्यक्षता में लोहरदगा जिला के पुस्तकालयों सहित विभिन्न विभागों की समीक्षा की। इसमें सहकारिता, पशुपालन, कल्याण, उद्योग, उत्पाद, प्रदूषण, समाज कल्याण आदि विभागों की भी समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, डीएफओ अरविंद कुमार, डीडीसी समीरा एस, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल समेत अन्य सभी जिला स्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में सर्वप्रथम शिक्षा विभाग की समीक्षा अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी द्वारा जिला पुस्तकालय में अध्ययन करने वाले 5060 छात्र-छात्राओं की संख्या, उपलब्ध 14000 पुस्तकें आदि की जानकारी दी गई। बीते वित्तीय वर्ष में प्राप्त आवंटन व व्यय के पृच्छा किये जाने पर संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही, वर्ष 2022-23 में प्राप्त आवंटन से जिला पुस्तकालय में कराये गये काम व उपलब्ध कराये गये संसाधनों की जानकारी दी गई। साथ ही, प्रत्येक शनिवार को जिला के वरीय प्रशासनिक पदाधिकारियों द्वारा छात्र-छात्राओं के साथ इंटरैक्टिव सेशन करने की जानकारी दी गई। प्रत्येक प्रखंड में प्रखंड स्तरीय पुस्तकालय की स्थापना एससीए मद से कराये जाने की जानकारी अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा दी गई। होमी जहांगीर भाभा कोचिंग सेंटर की भी स्थापना की गई है जहां नीट व जेईई प्रवेश परीक्षा की तैयारी करायी जाती है। जिला नियोजन पदाधिकारी द्वारा नियोजन कार्यालय, स्थित पुस्तकालय में उपलब्ध 5000 पुस्तक व वहां अध्ययन करनेवाले बच्चों की जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि पुस्तकालय में प्रत्येक दिन 15-20 बच्चें आते हैं और बैंकिंग, जेपीएससी, एसएससी सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें उपलब्ध हैं। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की समीक्षा में जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा जिला में एनएफएसएम योजना, हरा राशन कार्ड योजना, पीटीजी डाकिया योजना और सोना-सोबरन धोती साडी योजना अंतर्गत लाभुकों के संख्या की जानकारी दी गई और सोना-सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना के शेष लाभुकों को लाभान्वित किये जाने की जानकारी दी गई। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रचार-प्रसार के संबंध में जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी द्वारा वर्तमान में जिला के उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन संबंधी और 13 मई 2023 को डालसा, लोहरदगा की ओर से आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी माइकिंग व होर्डिंग, प्रिंट मीडिया के माध्यमों से प्रचार-प्रसार की जानकारी दी गई। जिला कौशल विभाग द्वारा जिला में निष्ठा और आइसेक्ट के द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कराने संबंधी और प्लेसमेंट संबंधी जानकारी दी गई। पथ निर्माण विभाग द्वारा जिला में तीन पथों और दो उच्च स्तरीय पुलों के निर्माण संबंधी जानकारी दी गई।



# टीटी के भरोसे नहीं रहेंगे वेटिंग टिकट वाले रेल यात्री



**एजेंसी। नई दिल्ली**

ट्रेन में वेटिंग लिस्ट (प्रतीक्षा सूची) के यात्री जल्दी ही चार्ट बनने के बाद आसानी से यह पता कर सकेंगे कि किस श्रेणी की बोगी में कितनी सीटें खाली हैं। खाली सीटों की सूची यात्रियों को मोबाइल पर देने के लिए आइआरसीटीसी की साइट में नया फीचर जोड़ने की प्रोसेस शुरू हो रही है। रेलवे के एक अधिकारी के मुताबिक 3 महीने में यह व्यवस्था शुरू हो सकती है। नई व्यवस्था में जो यात्री आइआरसीटीसी के जरिए टिकट बुक कराते हैं उन्हें टिकट बुक करते समय ही गेट ट्रेन चार्ट के ऑप्शन को चुनने का मौका मिलेगा। इसके बाद आइआरसीटीसी के मैसेज से प्राप्त लिंक को खोलने के बाद यात्रियों को पता चल सकेगा कि वह जिस ट्रेन से यात्रा कर रहे हैं उसमें किस श्रेणी में कितनी सीटें खाली हैं। लिंक पर जो यात्री पहले क्लिक करेंगे उनको उपलब्धता के आधार पर सीट मिलेगी। सूत्रों का कहना है कि अगर इस सुविधा का कोई शुल्क लिया जाता है तो 5-10 रुपए से ज्यादा नहीं होगा। अभी तक आइआरसीटीसी के साइट पर जाकर गेट ट्रेन चार्ट के जरिए खाली सीट का पता किया जा सकता था। यात्रियों के मोबाइल नंबर पर खाली सीट का ब्योरा भेजने की सुविधा नहीं थी। इससे वेटिंग टिकट वाले यात्री टीटी पर निर्भर रहते थे, जो ज्यादातर नियम-कायदों से बर्थ न देकर मनमर्जी से काम करते रहे हैं।

# फैक्ट्री पर हजार करोड़ निवेश करेगी एक्का इलेक्ट्रॉनिक्स

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी एक्का इलेक्ट्रॉनिक्स उत्तर प्रदेश के नोएडा में 1,000 करोड़ रुपए का इन्वेस्टमेंट करने जा रही है। इस फैक्ट्री में वॉशिंग मशीन, स्मार्ट वॉच, हियरेबल्स और ट्रू वायरलेस स्टीरियो जैसे प्रोडक्ट बनाए जाएंगे। कंपनी इस साल जुलाई तक भूमि अधिग्रहण, उपकरण और फैसिलिटी के कंस्ट्रक्शन जैसी चीजों पर 400 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। ये फैक्ट्री कम्प्लीट बैकवर्ड इंट्रीग्रेशन और इन-हाउस डिजाइन एंड मैन्युफैक्चरिंग सॉल्यूशन्स का घर होगी। कंपनी के डायरेक्टर सागर गुप्ता ने बताया कि वर्तमान में उनकी दिल्ली से लगभग 25 किमी दूर हरियाणा के सोनीपत में एक फैक्ट्री है। इसमें 43 इंच स्क्रीन साइज तक की एलईडी टीवी और सेट-टॉप-बॉक्स बनाए जाते हैं। यहां लगभग 1000 कर्मचारी हैं। सागर ने कहा, 'नए प्लांट में हम 43 इंच से 90 इंच के स्क्रीन साइज के एलईडी टीवी बनाए जाएंगे। भारत में अभी इन्हें इंपोर्टेड कंपोनेंट को असेंबल कर बनाया जाता है। हम इन इंपोर्टेड कंपोनेंट को यहां बनाने का प्लान बना रहे हैं।' कंपनी एलईडी की ब्रांडिंग भी करती है। नोएडा में हर महीने एलईडी टीवी की 500,000 यूनिट मैन्युफैक्चर करने की इनिशियल कैपेसिटी होगी। ये कैपेसिटी के लिहाज से देश की सबसे बड़ी फैक्ट्री होगी। अगले तीन साल में कैपेसिटी को बढ़ाकर 800,000 से 900,000 यूनिट किया जाएगा। शुरूआत में, नोएडा फैक्ट्री में 1,500 कर्मचारियों की वर्कफोर्स होगी जिसे तीन वर्षों में 3,000 तक बढ़ाने का प्लान है। 1000 करोड़ रुपए के इन्वेस्टमेंट की फंडिंग के बारे में सागर ने कहा कि पहले फेज में 400 करोड़ रुपए इन्वेस्ट किए जाएंगे।

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,गढ़वा

**आवश्यक सूचना**
**(नोटिस)**

नाम–(1) कांड के प्रा0अभि0 मृत्युंजय भुईया उर्फ अवधेष, पे0–बाबुलाल भुईया सा0–नावाडीह, थाना छिपादोहर, जिला लातेहार, थाना कांड सं0–73/2017 दिनांक–25.11.2017, धारा–147/148/149/341/323/307/ भा0द0वि0 3/4 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम एवं 27 आर्म्स एक्ट 17 सी0ए0ल0 एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त है। उक्त कांड में फिरार है। मानीय न्यायालय में आपके विरूध इश्तेहार निर्गत किया गया है, किन्तु आप अपने स्थाई पता ग्राम– सा0–नावाडीह, थाना छिपादोहर, जिला लातेहार से फिरार है आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय में अविलम्ब आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 297078 Police(23-24).D

## उपायुक्त का कार्यालय
### (समाज कल्याण शाखा), लातेहार

**Expression of Interest**
**इच्छा की अभिव्यक्ति**

परियोजना निदेशक, झारखंड महिला विकास समिति, झारखंड रांची के पत्रांक 229 दिनांक 16.11.2022 के आलोक में जिलान्तर्गत कामकाजी महिलाओं के 06 माह 06 वर्ष के बच्चों को डे केयर की सुविधा प्रदान करने हेतु जिला मुख्यालय में 'पालना योजना' संचालनार्थ योग्य सखी मंडलों / स्वयंसेवी / गैर सरकारी संस्थाओं से प्रस्ताव प्राप्त करने के निमित्त आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है।

पालना के संचालन हेतु इच्छुक योग्य सखी मंडलों / स्वयंसेवी संस्था / गैर सरकारी संस्था विभागीय अधिसूचना संख्या 343 दिनांक 08.02.2019 एवं ज्ञापांक 2479 दिनांक 27.12.13 अंतर्गत वर्णित विवरणी के आलोक में मुहरबंद लिफाफे में जिला समाज कल्याण कार्यालय, विकास भवन, प्रथम तल, लातेहार में दिनांक 05.06.2023 के अपराहन् 03.00 बजे तक अपना आवेदन स्पीड पोस्ट / डाक के माध्यम से जमा कर सकते है। विस्तृत जानकारी जिला समाज कल्याण कार्यालय के सूचना पट् अथवा जिले के NIC Website :- latehar.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

PR 297153 Women, Child Development & Social Security (23-24)_D

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी
लातेहार

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा

**आवश्यक सूचना**
**(लापता प्रिति कुमारी उम्र–20 वर्ष)**



मेराल थाना दैनिकी सनहा सं0–14/023, दिनांक–07.05.2023 में लापता प्रिति कुमारी, उम्र–20 वर्ष, पिता–स्व0–सुरेन्द्र पासवान सा0–जड़गड़,पोस्ट–अनराज, थाना+जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड, के रहने वाली हैं। जो दिनांक–01.05.2023 को अपनी मौसी के घर ग्राम–हासनदाग, थाना–मेराल, जिला–गढवा झारखण्ड से लापता हैं। उक्त लापता का काफी खोजबीन किया गया। परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि लापता प्रिति कुमारी उम्र–20 वर्ष के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**हुलिया**:–रंग गोरी, लम्बाई– लगभग 4.5 फीट पहनावा– हरा कलर का साडी भाषा– हिन्दी, स्थानीय

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा

PR 297126 (Police)23-24*D

## कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, पलामू
नया समाहरणालय "C" ब्लॉक, मेदिनीनगर, पलामू (झारखण्ड) 822101
Email- deo.palamu@gmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 1554, 1555 एवं 1556 दिनांक 09.05.2023 का पत्र के साथ संलग्न झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, राँची के पत्रांक 913 दिनांक 08.05.2023, पत्रांक 903 दिनांक 04.05.2023 एवं पत्रांक 912 दिनांक 08.05.2023 के द्वारा स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक के विभिन्न विषयो यथा गृह विज्ञान, संस्कृत, संगीत एवं नागरिक शास्त्र के पद पर नियुक्ति हेतु पलामू जिला के लिए कुल 25 (पच्चीस) अनुशंसित अभ्यर्थियों का काउँसलिंग किया जाना है। काउँसलिंग कार्य राजकीयकृत गिरिवर +2 उच्च विद्यालय, मेदिनीनगर में दिनांक 13.05.2023 को पूर्वाह्न 11:00 से 05:00 बजे अपराह्न तक की जायेगी। अनुशंसित अभ्यर्थियों से संबंधित विशेष जानकारी पलामू जिला के अधिकारिक वेबसाईट www.palamu.nic.in पर देखा जा सकता है।

अतः चयनित/अनुशंसित अभ्यर्थी अपने–अपने शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक (बी0एड0 डिग्री की वैधता के संबंध में एन0सी0टी0ई0 से मान्यता संबंधी प्रमाणक) एवं अन्य मूल प्रमाण पत्रों के साथ निर्धारित तिथि को ससमय काउँसलिंग स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

ह0/–अनिल कुमार चौधरी,
जिला शिक्षा पदाधिकारी, पलामू

PR 297130 (Jharkhand Education Project Council)23-24*D

## Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd.
(CIN: U40108JH2013SGC001704)
(Civil Engineering Department)
Regd. Office: JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-834002
e-mail- ceciviljusnl@gmail.com

**1st Extension of e-tender notice**

Due to unavoidable circumstances the NIT No. 18/PR/JUSNL/2023-24 for Construction of Retaining wall and Boundary wall fencing in the west side of 220/132 KV G/S/S Bhagodih, Garhwa is extended as here under.

| | |
|---|---|
| Last date and time for uploading of e-tender | Up to 25.05.2023 up to 2.00 PM |
| Last date and time for physical submission of original Demand Draft towards cost of BOQ and Earnest Money. | Up to 25.05.2023 up to 5.00 PM |
| Date and time for opening of Tender Part-I (Technical and Commercial) | At 3.30 PM on 26.05.2023 |
| Date and time for opening of Tender Part-II (Price Part) | Will be Communicated later on |
| Tendering Officer and address for communication | GENERAL MANAGER (CIVIL), JUSNL, HQ, Kusai Colony, Doranda, Ranchi - 834002 |

**Other terms and conditions will remain same.**

e-Tender documents and BOQ including terms & conditions, specification etc. can be downloaded and submitted online on website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned (9386595270) during office hours. NIC helpline no. 0651-2400178.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR No.- 294973
PR 297137 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd (23-24)_D

Sd/-
General Manager (Civil)

## कार्यालय – जिला शिक्षा पदाधिकारी लातेहार
बालिका उच्च विद्यालय परिसर, लातेहार
ई मेल deolatehar1@gmail.com/rmsaltr@gmail.com

**आम – सूचना**

माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सिविल अपील संख्या 4044/2022 से सम्बद्ध अवमाननावाद संख्या 612/2022 के मामले में पारित न्यायादेश दिनांक 15.12.2022 के क्रमांक –4 एवं क्रमांक –5 के अनुपालन में झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञापन संख्या –21/2016 अन्तर्गत संयुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा –2016 (मुख्य) के राज्य स्तर मेधा सूची के आधार पर विषयवार चयनित अभ्यर्थियों की अनुशंसा कार्यालय को प्राप्त है के आलोक में चयनित अभ्यर्थियों का (विषयवार) दिनांक 13.05.2023 को जिला शिक्षा पदाधिकारी, लातेहार कार्यालय प्रकोष्ठ में पूर्वाह्न 10:30 बजे सभी शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, स्थानीय, जाति, आधार एवं अन्य प्रमाण पत्रों की भौतिक जाँच की जायेगी। चयनित अभ्यर्थियों की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्रमांक | विषय | नाम एवं अनुक्रमांक | प्रमाण पत्रों की जाँच हेतु निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | नागपुरी | शंकर नायक – 15117159133 एवं सत्यदेश मुण्डा – 11121118140 | 13.05.2023 |
| 2 | संस्कृत | अदवाएता नन्द तिवारी – 31116280775, निलिमा कुमारी – 15120160361 एवं समीर कुमार सिंह – 14156155708 | 13.05.2023 |

दिनांक 10.05.2023 एवं 11.05.2023 को विभिन्न विषयों में अनुपस्थित अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए दिनांक 13.05.2023 को आयोजित कॉन्सिलिंग में भाग लेने संबंधित सूचना।

| क्रमांक | कॉन्सिलिंग पूर्व निर्धारित तिथि | विषय | अनुपस्थित अभ्यर्थियों का नाम एवं अनुक्रमांक | प्रमाण पत्रों की जाँच हेतु निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 10.05.203 | कुडूख | सरिता कच्छप – 19138197291 | 13.05.2023 |
| 2 | | वाणिज्य | सर्वेश्वर सिंह – 22114206173 | 13.05.2023 |
| 3 | | अंग्रेजी | कुमार गौरव – 11123119718 | 13.05.2023 |
| 4 | 11.05.2023 | हिन्दी | ललित कुमार गुप्ता – 21119203785 | 13.05.2023 |

उपरोक्त सभी अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी, लातेहार कार्यालय प्रकोष्ठ में पूर्वाह्न 10:30 बजे सभी प्रमाण पत्रों एव अन्य आवश्यक अभिलेखों की मूल प्रति तथा 02 सेट स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

पत्रांक :–
दिनांक :–

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
लातेहार

PR 297151 Human Resource Developement(23-24)#D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
### भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 07/2023–24**

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 26.05.2023 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 27.05.2023 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 27.05.2023 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉंची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :–1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।

कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | Renovation of ST Residential PTG Girls School, Netarhat, Block-Mahuadanr, District-Latehar | 2999900 /- | 60000 /- | 5000/ - | 03 (Three ) Months |
| 2 | Different work for Aadim Janjati Aawasiya Balika Prathmik Vidyalaya, Kutmu, Betla under Barwadih Block in Latehar District. | 3020200/ - | 61000/ - | 5000/ - | 03 (Three ) Months |
| 3 | Different work for Aadim Janjati Aawasiya Boys Prathmik Vidyalaya, Auratanr under Manika Block in Latehar District. | 3000400.00 | 61000 | 5000/ - | 03 (Three ) Months |

**नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhand.gov.in पर देखें ।**

**नोटः–**

1. **Tender Fee 2%** अग्रधन की राशि Update Character, PAN, UCAN, G.S.T Certificate, up to date G.S.T Return Certificate, तथा निबंधन प्रमाण–पत्र, स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र (BOQ) निर्गत किया जाएगा।
2. निविदा डालते समय पथ निर्माण विभाग झारखण्ड राँची के संकल्प संख्या 2146(s) दिनांक 09.09.2020 के अनुरूप Performance Security उपलब्ध करायें।

PR 297111 (Building)23-24*D

कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार

## कार्यालय नगर परिषद्, चतरा
### पुराना कचहरी के समीप, चतरा (झारखण्ड)– 825401

**आम सूचना**

नगर परिषद्, चतरा क्षेत्रान्तर्गत सभी मकान मालिकों/जमीन मालिकों को सूचित किया जाता है कि वैश्विक महामारी **Novel Corona Virus Covid-19** के संक्रमण को देखते हुए विभाग द्वारा **Holding Tax, Water User Charges** एवं **Trade License Fee** के भुगतान हेतु ऑनलाईन भुगतान करने का प्रावधान किया गया है, जिसमें वित्तीय वर्ष 2023–2024 के **Holding Tax** का ऑनलाईन भुगतान करने पर **15%** तक की रियायत भी दी जा रही है। ऑनलाईन **Holding Tax** भुगतान करने की प्रक्रिया निम्नवत है:–

First Step: **Visit Website: - https://suda.jharkhand.gov.in/**
Second Step: 01. Property Tax Payment के लिए Pay Property Tax पर जाए। 02. Water User Charge Payment के लिए Pay Water User Charge पर जाए। 03. Municipal License के लिए Apply for Trade License पर जाए।
Third Step: List में से Chatra Municipal Corporation को चुन कर आगे बढ़े।
Fourth Step: वार्ड सं0 व होल्डिंग नं0 दर्ज कर सर्च करें।
Fifty Step: View Button को दबाए।
Sixth Step : अब Pay Property Tax पर जाए।
Seventh Step: आवासीय भवन के मालिक महिला/वरिष्ठ नागरिक/सशस्त्रबल व्यक्ति/दिव्यांग/ट्रॉन्सजेडर वर्ग में 5% की विशेष छूट पाने के लिए **"Apply for Concession"** Button दबाकर आगे बढ़े एवं उम्र का प्रमाण पत्र अपलोड करें।
Eighth Step: Checkbox को दबाकर Pay Property Tax Online पर जाए।
Ninth Step : अब क्रेडिक कार्ड/डेविड कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग अथवा NEFT/RTGS के माध्यम से भुगतान करें।
Note :- Water User Charges एवं Trade License Fee के लिए भी इसी प्रकार से भुगतान किया जा सकता है।

अतः आम नागरिकों से अनुरोध है कि वे विभिन्न प्रकार के टैक्स अपने घर से ऑनलाईन वेबसाईट suda.jhakhand.gov के माध्यम से भुगतान करें एव विशेष छूट का लाभ उठावें ।
किसी भी प्रकार की तकनीकी सहायता हेतु हेल्प लाईन नं0–9939124269 पर संपर्क किया जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद्, चतरा

PR297100 (Urban Development)23-24*D

## कार्यालय-जिला प्रक्षेत्र प्रबंधक, नेतरहाट

**फलों को तोड़ने की निलामी/बंदोबस्ती सूचना**
**वर्ष 2023–24**

राजकीय कृषि प्रक्षेत्र, नेतरहाट के नासपाती एवं नख फल बाग से सेक्टरवार नीचे दिये गये नासपाती एवं नख फलों को तोड़ने की निलामी/बंदोबस्ती दिनांक 31.05.2023 को पूर्वाहन 11.00 बजे उप निदेशक रसायन (अतिरिक्त प्रभार संयुक्त कृषि निदेशक, पलामू) कृषि निदेशालय, झारखण्ड, रॉंची के कार्यालय कक्ष में, कृषि भवन कांके रोड राँची–8 में संयुक्त कृषि निदेशक, पलामू की अध्यक्षता में गठित समिति के सदस्यों के समक्ष किया जायेगा। जिसके लिए इच्छुक व्यक्तियों से दिनांक 30.05.2023 तक कार्यवधि में आवेदन आमंत्रित किया जाता है:–

| क्रम0 सं0 | सेक्टर न० | नासपाती /नाख फल वृक्षों की संख्या | कुल फलों की अनुमानित मात्रा (क्विंटल में) | जमानत की राशि (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | III डंकन प्रक्षेत्र पश्चिमी भाग | 2684 | 2427.36 | 50,000/– |
| 2 | IV डंकन प्रक्षेत्र पूर्वी भाग | 2336 | 3408.05 | 50,000/– |

इच्छुक व्यक्ति किसी भी दिन कार्यावधि में जिला प्रक्षेत्र प्रबंधक, नेतरहाट से अनुमति प्राप्त कर फलबाग देख सकते हैं। फलों को तोड़ने की निलामी/बंदोबस्ती की शर्ते निम्न प्रकार हैं :–

1. प्रत्येक सेक्टर के सामने अंकित जमानत की राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो **DISTRICT FARM MANAGER, NETARHAT** के पदनाम से देय होगा तथा भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा, राँची में भुगतेय होगा। निलामी के पूर्व जमा करना होगा। सफल अधिकतम बोली बोलने वाले व्यक्ति की जमानत की राशि कार्यालय द्वारा रखी जायेगी और अन्य असफल व्यक्तियों की जमानत की राशि निलामी के समाप्ति के बाद वापस कर दी जायेगी ।
2. निलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति अपना पहचान के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत फोटो पहचान पत्र/वाहन चालन का अनुज्ञप्ति पत्र/पेन कार्ड, निलामी प्रकिया प्रारंभ होने के पूर्व मूल रूप में प्रस्तुत करेंगे तथा संबंधित प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित प्रति जमा करेंगे ।
3. निलामी/बंदोबस्ती में भाग लेने वाले व्यक्ति को अपना आवास संबंधी सत्यता के लिए कार्यपालक दण्डाधिकारी का शपथ पत्र मूल रूप में निलामी के पूर्व जमा करना होगा ।
4. अधिकतम बोली बोलने वाले व्यक्ति को दिनांक 31.05.2023 को फलों की बन्दोबस्ती का एकरारनामा करना होगा तथा अधिकतम निलामी राशि का 50 प्रतिशत राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में जिला प्रक्षेत्र प्रबंधक, नेतरहाट के पदनाम से स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, मुख्य शाखा, राँची पर भुगतेय होगा को दिनांक 07.06.2023 तक जमा करना होगा। ऐसा नहीं करने पर उनकी जमानत की राशि जब्त कर ली जायेगी तथा निलामी रदद कर अन्य व्यक्ति के साथ बन्दोवस्ती करने के लिए अधोहस्ताक्षरी को अधिकार सुरक्षित रहेगा ।
5. प्रथम फल तोड़ने के पूर्व निलामी की शेष राशि को एक मुस्त हर हाल में जमा करना अनिवार्य होगा।
6. अधिकतम बोली बोलने वाले व्यक्ति को फलों की देखभाल एवं सुरक्षा करने का दायित्व स्वंय का होगा, जो प्रक्षेत्र के कार्यो के अनुरूप कार्य सम्पादन करेंगे।
7. फल तोड़ते समय यह ध्यान देना होगा कि फल के पेड़ या उसकी डाली क्षति ग्रस्त न होने पाये, यदि क्षति हुई तो निलामी लेने वाले व्यक्ति से पौधा की क्षति का मुआवजा क्षति के अनुरूप वसूल किया जायेगा ।
8. सरकार के हित में यदि निलामी का राशि सरकारी मानक दर से कम आता है तो निलामी को रद्द करते हुए पुनः तिथि निर्धारित कर निलामी की जायेगी ।
9. निलामी के बीच की बोली 10,000.00 (दस हजार) से नीचे अनुमान्य नहीं होगा।
10. निलामी/बंदोबस्ती में भाग लेने वाले सभी पदाधिकारियों/सदस्यों/आवेदनकर्त्ताओं को कोविड–19 के लिए सरकार द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करना अनिवार्य होगा तथा एक आवेदनकर्ता का सिर्फ एक ही सदस्य निलामी प्रक्रिया में भाग लेगा।
11. अधोहस्ताक्षरी को यह अधिकार होगा कि बिना कारण बताये निलामी/बंदोबस्ती की शर्तो में आंशिक संशोधन अथवा पूर्ण रूप से रद्द कर सकते हैं ।

ह०/–
जिला प्रक्षेत्र प्रबंधक,
नेतरहाट

PR 297103 Agriculture (23-24)_D

## कार्यालय- समग्र शिक्षा अभियान, गढ़वा
शिक्षा का अधिकार — सर्व शिक्षा अभियान सब पढ़ें सब बढ़ें
विकास भवन-बी० समाहरणालय परिसर, प्रथम-तल
Email Id- jepcgarhwa@rediffmail.com
s.s.a.garhwa@gmail.com

**आम - सूचना**

E-vidyavahini अन्तर्गत U-Dise Plus Child Mendatory Field का अद्यतीकरण अनिवार्य रूप से Evidyavahini.jharkhand.gov.in portal के माध्यम से दिनांक 31.03.2023 तक किया जाना था, परंतु पत्र में अंकित विद्यालयों के द्वारा पत्र निर्गत तिथि तक उक्त कार्य को प्रारंभ ही नहीं किया गया है, जो अत्यंत खेद का विषय है। भारत सरकार एवं राज्य सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि सभी कोटि एवं प्रबंधन के विद्यालयों के बच्चों के ऑकड़ों की प्रविष्टि अनिवार्य रूप से किया जाना है। समीक्षा के कम में यह भी पाया गया कि प्रखंड संसाधन केन्द्रो के लगातार सूचना देने के बावजूद इनके द्वारा उक्त कार्य को नहीं किया जा रहा है–

| Block | School | UDISE | Total No. Of Child | Not Started | In Progress | Completed | % SUBMIT |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| BHANDARIA | UPG PS PASCHIM TOLA KURUN | 20010302403 | 32 | 32 | 0 | 0 | 0.00 |
| BHANDARIA | UPG PS ROHNIYA TAND | 20010309409 | 29 | 25 | 4 | 0 | 0.00 |
| DANDEY | GYAN DEEP NIKETAN SONEHARA | 20011204306 | 10 | 10 | 0 | 0 | 0.00 |
| DANDEY | NPS BAHERWA DANDAI | 20011201807 | 10 | 10 | 0 | 0 | 0.00 |
| DANDEY | NPS DHORAHI TOLA KARKE | 20011203805 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0.00 |
| DANDEY | SHISHU VIDYA MANDIR KARKE | 20011203803 | 33 | 33 | 0 | 0 | 0.00 |
| DHURKI | DARUL ULOOM GHAUSIYA NOORIYA | 20010802407 | 97 | 97 | 0 | 0 | 0.00 |
| GARHWA | ADARSH MADHYA VIDYALAYA | 20010407810 | 61 | 61 | 0 | 0 | 0.00 |
| GARHWA | G.N.INTERNATIONAL PUBLIC SCHOOL, GARHWA | 20010407831 | 69 | 69 | 0 | 0 | 0.00 |
| GARHWA | JAWAHAR NAVODAYA VIDYALAYA | 20010400212 | 248 | 248 | 0 | 0 | 0.00 |
| GARHWA | KENDRIYA VIDYALAYA GARHWA | 20010407819 | 415 | 415 | 0 | 0 | 0.00 |
| GARHWA | S.M. PUBLIC SCHOOL | 20010401502 | 35 | 35 | 0 | 0 | 0.00 |
| GARHWA | UPG PS GETARITADH KITASOTI KALA | 20010411602 | 36 | 34 | 2 | 0 | 0.00 |
| KANDI | CSD HS RANADIH | 20011002601 | 35 | 35 | 0 | 0 | 0.00 |
| KANDI | LAXMI CHANDRAVANSHI GIRLS HIGH SCHOOL | 20011003505 | 138 | 136 | 2 | 0 | 0.00 |
| KANDI | SONEBHADRA ADARSH INTER COLLEGE | 20011003510 | 11 | 11 | 0 | 0 | 0.00 |
| MERAL | B.M.P. PUBLIC SCHOOL | 20010503105 | 57 | 57 | 0 | 0 | 0.00 |
| MERAL | M.K.PUBLIC SCHOOL | 20010500302 | 56 | 56 | 0 | 0 | 0.00 |
| MERAL | NPS CHATRI TOLA KARKOMA | 20010505007 | 21 | 21 | 0 | 0 | 0.00 |
| MERAL | UPG MS BANGLWA TAND | 20010503103 | 27 | 27 | 0 | 0 | 0.00 |
| MERAL | UPG PS BARWAHI DULDULWA | 20010503104 | 59 | 59 | 0 | 0 | 0.00 |
| MERAL | UPG PS DHODRAHI TOLA GONDA | 20010502202 | 83 | 83 | 0 | 0 | 0.00 |
| MERAL | UPG PS HARIJANTOLA RAJHARA | 20010504702 | 58 | 58 | 0 | 0 | 0.00 |
| MERAL | UPG PS KOLODOHAR | 20010509901 | 112 | 112 | 0 | 0 | 0.00 |
| MERAL | UPG PS PARSAHI | 20010508801 | 136 | 136 | 0 | 0 | 0.00 |
| NAGAR UNTARI | MILLENIUM PUBLIC SCHOOL | 20010703202 | 266 | 266 | 0 | 0 | 0.00 |
| NAGAR UNTARI | NEW DREAM PUBLIC SCHOOL | 20010701310 | 109 | 109 | 0 | 0 | 0.00 |
| NAGAR UNTARI | NIDHI DEO BAL VIDYA MANDIR | 20010702902 | 24 | 24 | 0 | 0 | 0.00 |
| NAGAR UNTARI | PRAGATI PUBLIC SCHOOL | 20010703203 | 158 | 158 | 0 | 0 | 0.00 |
| RAMKANDA | NPS MANJHARTAR | 20010108504 | 83 | 83 | 0 | 0 | 0.00 |
| RAMKANDA | NPS MASJID TOLA RAMKANDA | 20010101108 | 33 | 33 | 0 | 0 | 0.00 |
| RAMNA | NPS JUDWANIYA | 20011101002 | 60 | 60 | 0 | 0 | 0.00 |
| RAMNA | NPS PAHARI TOLA PARASWAN | 20011106002 | 22 | 22 | 0 | 0 | 0.00 |
| RANKA | UPG PS AMATAND, NAGARI | 20011404702 | 27 | 27 | 0 | 0 | 0.00 |
| RANKA | UPG PS TETARIYADAMAR | 20011411601 | 51 | 51 | 0 | 0 | 0.00 |
| RANKA | UPG PS BARKADAMAR | 20011407302 | 33 | 33 | 0 | 0 | 0.00 |
| RANKA | UPG PS LIDIKANDA | 20011412001 | 50 | 50 | 0 | 0 | 0.00 |
| SAGMA | MAA RADHIKA JEERA DEVI INTER COLLEGE | 20011900608 | 8 | 8 | 0 | 0 | 0.00 |

निदेशानुसार सूची में अंकित सरकारी/ सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों के प्र0अ0/ प्र0प्र0अ0 का वेतन/ मानदेय स्थगित करते हुए आदेश दिया जाता है कि 24 घंटे के अंदर उक्त कार्य का संपन्न करना सुनिश्चित करेंगें एवं निजी मान्यता/ गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों का मान्यता/ यू–डॉयस कोड निरस्त करने की प्रक्रिया की जाएगी।

विश्वासभाजन
जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान, गढ़वा

PR 297129 Human Resource Developement (23-24)_D

# अवसरवादिता की पाठशाला

**पूरा** देश उकताहट के साथ विपक्षी एकता का इंतजार कर रहा है। लेकिन कयासों के बादल में कई छेद नजर आ रहे हैं। यह देखा गया है कि अवसरवादिता की पगडंडियों पर चलने वाले लोगों की यात्रा को लेकर कई प्रकार के कयास गढ़े जाते हैं। शायद यहां नीतीश कुमार के साथ यही हो रहा है। हालांकि इनकी यात्रा जारी है। इसी सिलसिले में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। मौके पर उन्होंने कहा कि हम लोग एकजुट होकर चलेंगे। विपक्ष के अधिकांश लोगों की एकजुटता हो जाये यह कोशिश हो रही है। समाज में झगड़ा नहीं पैदा करना है, सबको एकजुट होकर देश को आगे बढ़ाना है। भाजपा का नाम लिए बगैर उन्होने कहा कि पूरे देश के इतिहास को ये बदल देंगे इससे देश को बचाना है। देश के विकास के लिए हम सभी मिलकर चलेंगे । एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव का परिणाम देखिएगा न। देश का इतिहास बरकरार रहेगा। देश में सिर्फ विकास का ढिंढोरा पीटा जा रहा है। जबकि हकीकत कुछ और है देश में और लोग भी काम कर रहे हैं लेकिन उनकी चर्चा कम होती है। कुछ ही लोगों का नाम छपता है। अब सवाल उठता है कि कौन से ऐसे काम नीतीश के द्वारा हुए हैं,जिसे लोगों को पता नहीं है। इस पर मंथन किया जा सकता है। बहरहाल उनकी नजर झारखंड की लोस सीटों पर है। दूसरी तरफ बारह सीटों पर बीजेपी का कब्जा है। ऐसे में विपक्षी एकता की कमान संभाले लोगों के साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की एकजुटता के कई मायने निकाले जा सकते हैं। ऐसे में नीतीश कुमार की मुलाकात के निहितार्थ के सवालों का जवाब आने वाले दिनों में मिलेगा। लेकिन इतना सच है कि विपक्षी एकता की बात करने वाले लोगों को स्थिति स्पष्ट कर देनी चाहिए। लेकिन ऐसा होता नहीं दिख रहा है। यही कारण है कि सवालों के जंगल में आग लगी हुई है। एक तरफ राज्य में भीषण गर्मी तो दूसरी तरफ पानी की किल्लत,ऐसे में सवालों के आग में पानी की ठंडक सिर्फ उत्तर से मिल सकता है। लेकिन यहां एकजुटता की बात तो हो रही है,लेकिन वह कैसे संभव है। कोई बताने को तैयार नहीं है। ऐसे में 2024 का रास्ता इतना सुगम भी नहीं दिखता है। अब सवाल उठता है कि देश की एकता और राज्य की अस्मिता क्या पाकिस्तान जैसी हो गई है? अगर है तो अस्मिता की रक्षा अवश्य होनी चाहिए। अपने स्वार्थ की चासनी को गाढ़ा करने के लिए राजद नेता तेजस्वी यादव साथ-साथ होने का दावा कर सरकार अवश्य चला रहे हैं। लेकिन अंदर के खाने में बहुत कुछ अच्छा नहीं चल रहा है। दूसरी तरफ राजद की एक भी लोस सीट नहीं होना,यह बताता है कि एकजुटता तो बस एक बहाना है। अब आगे-आगे देखना है कि होता है क्या? एकजुटता की प्रयोगशाला में यह जरूरत कहा जा रहा है कि अगर हम एकजुट रहे तो जरूर जीतेंगे। इमोशनल कार्ड के माध्यम से नीतीश कुमार ने यह भी बात कही कि पहली बार मुझे सीएम शिबू सोरेन ने बनाया था। ऐसे में इस बार आप मुझे पीएम बनाइये। गार्जियन नीतीश को मानने वाले हेमंत सोरेन ने जिस शिष्टाचार के माध्यम से अपना परिचय दिया,वह सराहनीय है। ऐसा होना भी चाहिए। घर आये मेहमान का स्वागत हमारी परंपरा रही है। लेकिन राजनीति अपनी जगह है। एक बार पुनः बैठने के आश्वासन के बाद मुलाकात का दौर समाप्त हो गया है। अब आने वाले दिनों में विपक्षी एकता को कितनी ताकत झारखंड में मिलेगी। यह समय के गर्त में छुपा हुआ है। देश के विचारों को कैसे नया रूप दिया जाये,इस बात की चर्चा जारी है। एक तरफ पीएम मोदी की अगुवाई में देश ने अंगड़ाई ली है।

**समाज में झगड़ा नहीं पैदा करना है, सबको एकजुट होकर देश को आगे बढ़ाना है। भाजपा का नाम लिए बगैर उन्होने कहा कि पूरे देश के इतिहास को ये बदल देंगे इससे देश को बचाना है।**

# मां का मातृत्व, प्रेम व त्याग उसे बनाता है विधाता



ललित गर्ग



**मातृ** दिवस का मतलब होता है मां का दिन। पूरी दुनिया में मई माह के दूसरे रविवार को मातृ दिवस मनाया जाता है। मातृ दिवस मनाने का शुरूआत सर्वप्रथम ग्रीस देश में हुई थी, जहां देवताओं की मां को पूजने का चलन शुरू हुआ था। मातृ दिवस मनाने का प्रमुख उद्देश्य मां के प्रति सम्मान और प्रेम को प्रदर्शित करना है। यह दिवस सम्पूर्ण मातृ-शक्ति को समर्पित एक महत्वपूर्ण दिवस है, जिसे मदर्स डे, मातृ दिवस या माताओं का दिन चाहे जिस नाम से पुकारें यह दिन सबके मन में विशेष स्थान लिये हुए है। पूरी जिंदगी भी समर्पित कर दी जाए तो मां के ऋण से उऋण नहीं हुआ जा सकता है। भारतीय संस्कृति में मां के प्रति लोगों में अगाध श्रद्धा रही हैं, क्योंकि मां शब्द में संपूर्ण सृष्टि का बोध होता है। मां के शब्द में वह आत्मीयता एवं मिठास छिपी हुई होती है, जो अन्य किसी शब्दों में नहीं होती। मां नाम है संवेदना, भावना और अहसास का। मां के आगे सभी रिश्ते बौने पड़ जाते हैं। मातृत्व की छाया में मां न केवल अपने बच्चों को सहेजती है बल्कि आवश्यकता पड़ने पर उसका सहारा बन जाती है। समाज में मां के ऐसे उदाहरणों की कमी नहीं है, जिन्होंने अकेले ही अपने बच्चों की जिम्मेदारी निभाई। कवि रॉबर्ट ब्राउनिंग ने मातृत्व को परिभाषित करते हुए कहा है- सभी प्रकार के प्रेम का आदि उद्गम स्थल मातृत्व है और प्रेम के सभी रूप इसी मातृत्व में समाहित हो जाते हैं। प्रेम एक मधुर, गहन, अपूर्व अनुभूति है, पर शिशु के प्रति मां का प्रेम एक स्वर्गीय अनुभूति है। दुनियाभर में मनाये जाने वाले मातृ दिवस को मनाने का हर देश का तरीका अलग-अलग होता है, लेकिन इसका उद्देश्य एक ही होता है। एक शिशु का जब जन्म होता है, तो उसका पहला रिश्ता मां से होता है। एक मां शिशु को असहनीय पीड़ा सहते हुए उसे जन्म देती है और इस दुनिया में लाती है। इन नौ महीनों में शिशु और मां के बीच एक अदृश्य प्यार भरा गहरा रिश्ता बन जाता है। मां और बच्चे का रिश्ता इतना प्रगाढ़ और प्रेम से भरा होता है, कि बच्चे को जरा ही तकलीफ होने पर भी मां बेचैन हो उठती है। मां का दुलार और प्यार भरी पुचकार ही बच्चे के लिए दवा का कार्य करती है। इसलिए ही ममता और स्नेह के इस रिश्ते को संसार का खूबसूरत रिश्ता कहा जाता है। दुनिया का कोई भी रिश्ता इतना मर्मस्पर्शी नहीं हो सकता। मां के त्याग की गहराई को मापना भी संभव नहीं है और ना ही उनके एहसानों को चुका पाना। लेकिन उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता को प्रकट करना हमारा कर्तव्य है। धरती पर मौजूद प्रत्येक इंसान का अस्तित्व, मां के कारण ही है। मां के जन्म देने पर ही मनुष्य धरती पर आता है और मां के स्नेह दुलार और संस्कारों में मानवता का गुण सीखता हैं। ह्यमां !ह्ल यह वो अलौकिक शब्द है, जिसके स्मरण मात्र से ही रोम-रोम पुलकित हो उठता है, हृदय में भावनाओं का अनहद ज्वार स्वतः उमड़ पड़ता है और मनोःमस्तिष्क स्मृतियों के अथाह समुद्र में डूब जाता है। हर संतान अपनी मां से ही संस्कार पाता है। लेकिन मेरी दृष्टि में संस्कार के साथ-साथ शक्ति भी मां ही देती है। इसलिए हमारे देश में मां को शक्ति का रूप माना गया है और वेदों में मां को सर्वप्रथम पूजनीय कहा गया है। श्रीमद् भगवद् पुराण में उल्लेख मिलता है कि माता की सेवा से मिला आशीष सात जन्मों के कष्टों व पापों को दूर करता है और उसकी भावनात्मक शक्ति संतान के लिए सुरक्षा कवच का काम करती है। पूर्व राष्ट्रपति डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने मां की महिमा को उजागर करते हुए कहा है कि जब मैं पैदा हुआ, इस दुनिया में आया, वो एकमात्र ऐसा दिन था जब मैं रो रहा था और मेरी मां के चेहरे पर एक सन्तोषजनक मुस्कान थी। एक माँ हमारी भावनाओं के साथ कितनी खूबी से जुड़ी होती है, ये समझाने के लिए उपरोक्त पंक्तियां अपने आप में सम्पूर्ण हैं। मां शब्द में संपूर्ण सृष्टि का बोध होता है। माँ के शब्द में वह आत्मीयता एवं मिठास छिपी हुई होती है, जो अन्य किसी शब्दों में नहीं होती। इसका अनुभव भी एक माँ ही कर सकती है। माँ अपने आप में पूर्ण संस्कारवान, मनुष्यत्व व सरलता के गुणों का सागर है। माँ जन्मदात्री ही नहीं, बल्कि पालन-पोषण करने वाली एवं संस्कार-निर्मात्री भी है। मां तो ममता की सागर होती है। जब वह बच्चे को जन्म देकर बड़ा करती है तो उसे इस बात की अपूर्व एवं अलौकिक खुशी होती है, उसके लाड़ले पुत्र-पुत्री से अब सुख मिल जायेगा। लेकिन माँ की इस ममता को नहीं समझने वाले कुछ बच्चे यह भूल बैठते हैं कि इनके पालन-पोषण के दौरान इस माँ ने कितनी कठिनाइयां झेली होगी। 'मां'-इस लघु शब्द में प्रेम की विराटता/समग्रता निहित है। अणु-परमाणुओं को संघटित करके अनगिनत नक्षत्रों, लोक-लोकान्तरों, देव-दनुज-मनुज तथा कोटि-कोटि जीव प्रजातियों को मां ने ही जन्म दिया है। मां के अंदर प्रेम की पराकाष्ठा है या यूं कहें कि मां ही प्रेम की पराकाष्ठा है। प्रेम की यह चरमता केवल माताओं में ही नहीं, सभी मादा जीवों में देखने को मिलती है। अपने बच्चों के लिए भोजन न मिलने पर हवासिल (पेलिकन) नाम की जल-पक्षिनी अपना पेट चीर कर अपने बच्चों को अपना रक्त-मांस खिला-पिला देती है। इसलिये मां के ममत्व की एक बूंद को अमृत के समुद्र से भी ज्यादा मीठी माना गया है। सचमुच मां का हृदय बच्चे की सच्ची पाठशाला है। मां को धरती पर विधाता की प्रतिनिधि कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी।

सच तो यह है कि मां विधाता से कहीं कम नहीं है। क्योंकि मां ने ही इस दुनिया को सिरजा और पाला-पोशा है। कण-कण में व्याप्त परमात्मा किसी को नजर आये न आए मां हर किसी को हर जगह नजर आती है। कहीं अण्डे सेती, तो कहीं अपने शावक को, छोने को, बछड़े को, बच्चे को दुलारती हुई नजर आती है। मां एक भाव है मातृत्व का, प्रेम और वात्सल्य का, त्याग का और यही भाव उसे विधाता बनाता है। मां विधाता की रची इस दुनिया को फिर से, अपने ढंग से रचने वाली विधाता है। मां सपने बुनती है और यह दुनिया उसी के सपनों को जीती है और भोगती है। मां जीना सिखाती है। पहली किलकारी से लेकर आखिरी सांस तक मां अपनी संतान का साथ नहीं छोड़ती। मां पास रहे या न रहे मां का प्यार दुलार, मां के दिये संस्कार जीवन भर साथ रहते हैं। मां ही अपनी संतानों के भविष्य का निर्माण करती हैं। इसीलिए मां को प्रथम गुरु कहा गया है। स्टीव वंडर ने सही कहा है कि मेरी माँ मेरी सबसे बड़ी अध्यापक थी, करुणा, प्रेम, निर्भयता की एक शिक्षक। अगर प्यार एक फुल के जितना मीठा है, तो मेरी माँ प्यार का मीठा फूल है। प्रथम गुरु के रूप में अपनी संतानों के भविष्य निर्माण में मां की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। मां कभी लोरियों में, कभी झिड़कियों में, कभी प्यार से तो कभी दुलार से बालमन में भावी जीवन के बीज बोती है। इसलिए यह आवश्यक है कि मातृत्व के भाव पर नारी मन के किसी दूसरे भाव का असर न आए। जैसाकि आज कन्याभ्रूणों की हत्या का जो सिलसिला बढ़ रहा है, वह नारी-शोषण का आधुनिक वैज्ञानिक रूप हैं तथा उसके लिए मातृत्व ही जिम्मेदार है।

**भारतीय संस्कृति में मां के प्रति लोगों में अगाध श्रद्धा रही हैं, क्योंकि मां शब्द में संपूर्ण सृष्टि का बोध होता है। मां के शब्द में वह आत्मीयता एवं मिठास छिपी हुई होती है, जो अन्य किसी शब्दों में नहीं होती।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

### आईए सुनें केदारनाथ ज्योतिलिंग की कथा

**वहां** दो पहाड़ भी हैं जिनका नाम नर और नारायण है। ऐसा माना जाता है कि केदारनाथ की तीर्थयात्रा करते समय यदि किसी की मृत्यु हो जाती है तो उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। कुरुक्षेत्र युद्ध के दौरान पांडवों ने अपने ही गोत्र के लोगों को मारा था। जिससे शिव भगवान अत्यंत क्रोधित थे। पांडवों को जब इस बात का पता चला तो वे पाप मुक्त होने के लिए केदारनाथ शिव जी के दर्शन के लिए गये। शिव जी अपने दर्शन उन्हें नहीं देना चाहते थे क्योंकि वे अत्यंत क्रोधित थे। इसीलिए शिव जी ने अपना भेष बदल लिया। वे बैल का रूप धारण करके पशुओं के झुण्ड में साथ चल दिये। लेकिन भीम ने भगवान शिव को पहचान लिया और उनका पीछा करने लगे। शिव जी को पीछे से पकड़ने के लिए वे भागे। लेकिन भीम केवल शिव जी का पीछे का हिस्सा (कूबड़) ही पकड़ पाए। क्योंकि शिव जी जमीन में धंसने लगे थे। वह कूबड़ यानि कि पृष्ठभाग जमीन के ऊपर ही रह गया था। पांडव बहुत दुखी हुए। तब पांडवों ने वहां तपस्या की। तपस्या से शिव जी प्रसन्न हुए और आकाशवाणी की कि उसी पृष्ठभाग की पूजा अर्चना की जाये और पांडवों को श्रापमुक्त कर दिया। तब से ही उसी पृष्ठभाग को केदारनाथ के रूप में जाना जाता है।

**अमृतकुंड** : मंदिर के पीछे एक कुंड है जिसे अमृतकुंड कहते हैं। जिसका जल पीने से लोग रोग मुक्त हो जाते हैं। मुख्य मंदिर की बायीं तरफ किनारे पर एक शिव भगवान की मूर्ति है और मुख्य मंदिर से आधा किलोमीटर की दूरी पर भैरव जी का मंदिर है। ऐसा कहा जाता है कि जब मंदिर के कपाट बंद रहते हैं तब भैरव जी मंदिर की रक्षा करते हैं। मंदिर के ठीक पीछे एक छोटा मंदिर है। वहां शंकराचार्य की समाधी है। ऐसा कहा जाता है कि चार धामों की स्थापना करने के पश्चात 32 वर्ष की आयु में उन्होंने अपना शरीर त्याग दिया था। *(क्रमशः)*

# 'द केरल स्टोरी'- मन को झकझोर देने वाली एक सच्चाई




वसुधा 'कनुप्रिया'

**सच** हमेशा ही कड़वा होता है, बहुत कड़वा। द केरल स्टोरी जिसे निर्माता विपुल शाह और निर्देशक सुदीप्तो सेन ने 'सत्य घटनाओं पर आधारित' कह कर सिनेमा के परदे पर उतरा है -- मानवीय संवेदना को झंकझोर कर रख देने वाली फिल्म है। जो भी लोग सालों से अखबार/ मैगजीन पढ़ते रहे हैं उन्होनें आईसिस (आई.एस.आई.एस.) की बर्बरता के किस्से पढ़े हैं, मीडिया में देखे भी हैं। उन्हें जानकारी है की 'सेक्स स्लेव' क्या होती हैं, किस तरह उन्हें अमानवीय रूप से दर्जनों लोग एक के बाद एक रेप करते हैं। तालिबानी सोच के तहत किस तरह लोगों को सरेआम सजाएं दी जाती रही हैं, कभी हाथ-पैर काट कर तो कभी गोली मारकर। इन खबरों की सत्यता पर कभी प्रश्नचिह्न नहीं लगाया गया। तब फिल्म 'द केरल स्टोरी' में यही दृश्य एक धर्मान्तरित भारतीय लड़की के हवाले से दिखाये जाने पर राजनीतिक तबकों में खलबली क्यों मची है? यह तब, जब एक भुक्तभोगी अभागी आज भी किसी सेल में पड़ी देश वापसी के इंतजार में है। रोंगटे खड़े कर देने वाली 'द केरल स्टोरी' की कहानी चार लड़कियों पर केंद्रित है जो एक नर्सिंग कॉलेज में रूममेट हैं। इनमें शालिनी उन्नीकृष्णन, गीतांजलि और निमा मैथ्यू को आसिफा नाम की छात्रा ब्रैनवॉश करना शुरू करती है। आसिफा आईसिस की एजेंट है, जिसका काम है लड़कियों को धर्मान्तरित कर उन्हें सीरिया भिजवाना। अपनी तीनों रूममेट के लिए वो जाल बिछाती है लेकिन निमा उसकी कट्टरवादी सोच को नकार देती है। शालिनी आसिफा से सबसे ज्यादा प्रभावित होती है। शालिनी को आसिफा का कजिन प्यार के जाल में फंसाकर गर्भवती कर फरार हो जाता है। फिर शालिनी उर्फ फातिमा बा का 'निकाह' किसी अन्य के साथ पढ़वा कर उसे सीरिया भेज दिया जाता है। गीतांजलि भी ड्रग्स की लत के चलते अपनी कथित प्रेमी के कहने पर अपने नग्न फोटो और वीडियो उसे भेजती है। जब वो घमकियों के बावजूद धर्म परिवर्तन कर सीरिया जाने के लिए राजी नहीं होती तब सोशल मीडिया पर ये वीडियो और फोटो वायरल कर के उसे आत्महत्या करने पर विवश किया जाता है। उसके माता-पिता का घर जला दिया जाता है। ईसाई लड़की निमा आसिफा की बातों से प्रभावित नहीं होती बल्कि उसका विरोध भी करती है। कमजोर दिल वालों को इस फिल्म में दिखाये बर्बरता और बलात्कार के दृश्य डरावने लग सकते हैं। अमानवीयता की हद को पार कर शरिया के नाम पर महिलाओं को जिस तरह सीरिया-अफगान बॉर्डर पर बने शिविरों में प्रताड़ित किया जाता है, यह दृश्य दिल दहला देने वाला है। फिल्म का फोकस इस्लामिक संगठन के जाल में फंसकर धर्मान्तरित हुई युवती की कहानी है, जिसे किसी भी तरह किसी धर्म विशेष से जोड़कर नहीं बल्कि कट्टरपंथी जिहादी संगठन की कारगुजारी के रूप में ही देखा जाना चाहिए। आईसिस कैम्पों में किस तरह महिलों का शोषण होता है, यह अचरज में तो नहीं डालता लेकिन मन को झकझोर जरूर देता है। अगर यह केवल दो लड़कियों की कहानी भी है तब भी उनके अंजाम से सबक लेकर बाकी सबको चेताया जाना आवश्यक है। भविष्य में कोई मासूम भारतीय बेटी किसी तरह के 'ट्रैप' में फंसकर अपना जीवन बर्बाद न करे। फिल्म को निष्पक्ष रहकर देखने पर आप इसे इस्लाम विरोधी नहीं कह पाएंगे। कट्टरवादी जिहादी संगठन मानवता के दुश्मन हैं और अपने मकसद को पूरा करने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं - इसी परिप्रेक्ष्य में फिल्म को देखा जाना चाहिए। आरिफा हिन्दू देवी-देवताओं के विषय में कुछ अनर्गल बातें कहती है जो केवल लड़कियों को बरगलाने के लिए कही गयीं।

**तालिबानी सोच के तहत किस तरह लोगों को सरेआम सजाएं दी जाती रही हैं, कभी हाथ-पैर काट कर तो कभी गोली मारकर। इन खबरों की सत्यता पर कभी प्रश्नचिह्न नहीं लगाया गया।**

**फिल्म-जगत**

## फोटो की दुनिया



## फेसबुक वॉल से




# भारतीय रेल की बढ़ती कमाई का एक पहलू यह भी



निर्मल रानी

**प्रतिदिन** सबसे अधिक रेल यात्रियों को सफर कराने के लिहाज से भारतीय रेल दुनिया के पहले व माल ढुलाई के हिसाब से दुनिया के पांच सबसे बड़े रेल नेटवर्क में चौथे नंबर पर है। भारतीय रेल अपने लगभग 65,000 किलोमीटर से भी लंबे रेल नेटवर्क पर इस समय लगभग 12200, यात्री ट्रेनें संचालित करता है। औसतन 2030 मेल एक्सप्रेस ट्रेंस यात्रियों को उनके गंतव्य तक प्रतिदिन पहुंचती हैं। इस समय देश में लगभग 8,300 रेलवे स्टेशन हैं। एक अनुमान के मुताबिक भारतीय रेल से प्रतिदिनलगभग दो करोड़ तीस लाख यात्री सफर करते हैं हालांकि कोविड-19 के बाद यह संख्या थोड़ी कम भी हुई है। गौर तलब है कि भारतीय रेल ने वर्ष 2050 तक की यातायात आवश्यकताओं को पूरा करने व 2030 तक बुनियादी ढांचे को विकसित करने की गरज से राष्ट्रीय रेल योजना 2030 तैयार की है। इससे रेलवे की आय में और अधिक वृद्धि हो सकेगी। इसके अलावा रेलवे स्टेशंस के विकास व आधुनिकीकरण पर भी काम किया जा रहा है। नई रेल लाइंस बिछाई जा रही हैं। देश के जिन अनेक क्षेत्रों से अब तक रेल सम्पर्क स्थापित नहीं हो सका था उन्हें भी रेल के माध्यम से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। भारतीय रेल की अब तक की सबसे तेज चलने वाली ट्रेन वंदे भारत ट्रेंस परिचालित की जा रही हैं। जिनकी अधिकतम गति 160 किलोमीटर प्रति घंटे की है। इसे शताब्दी व राजधानी जैसी अब तक की सबसे तेज गति वाली ट्रेंस के विकल्प के तौर पर माना जा रहा है। इसके अतिरिक्त रेलवे विद्युतीकरण, लोकोमोटिव और ट्रेनों की ऊर्जा दक्षता में सुधार के साथ स्थाई उपकरणों और प्रतिष्ठानों व रेल स्टेशंस के लिए हरित प्रमाणन प्राप्त करने, डिब्बों में जैव शौचालय बनाये जाने तथा अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नवीकरणीय स्त्रोतों पर निर्भरता तथा शून्य कार्बन उत्सर्जन को प्राप्त करना आदि के क्षेत्र में भी भारतीय रेल तेज गति से काम कर रहा है। जाहिर है रेल के विकास व आधुनिकीकरण पर हो रहे भारी भरकम खर्च के बीच भारतीय रेल द्वारा राजस्व की कमाई का कीर्तिमान स्थापित करने का समाचार भी काफी सुखद है। रेल विभाग के अनुसार 2022 -23 में उसने अपनी आय में कीर्तिमान स्थापित करते हुये 2.40 लाख करोड़ रुपए की कमाई यात्रियों के किराये व माल भाड़े की ढुलाई के माध्यम से की। रेलवे की इस वर्ष की गयी 49000 करोड़ की कमाई से रेल रेवेन्यू में लगभग 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गयी। कोरोना काल के बाद रेल कमाई में रेवेन्यू की यह अप्रत्याशित बढ़ोतरी बताई जा रही है। इस कीर्तमान स्थापित करने वाली कमाई में केवल रेल पैसेंजर के किराये से ही 61 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई जिसके कारण कुल आय 63,300 करोड़ तक पहुँच सकी। जबकि माल भाड़े की ढुलाई से 1. 62 लाख करोड़ रुपए कमाये गये जोकि कुल बढ़ोतरी का केवल 15 प्रतिशत है। 2021-22 में यात्री किराये से होने वाली जो आय 39,214 करोड़ थी वह 22 -23 में बढ़कर 63,300 करोड़ तक पहुँच गयी। अर्थात 61 प्रतिशत तक बढ़ी। रेलवे ने इस बढ़ती आय को रेलवे की बढ़ती लोकप्रियता के रूप में भी परिभाषित किया है। बढ़ती जनसँख्या के अनुसार रेल यात्रियों की दिनोंदिन होती बढ़ोतरी तथा बेरोजगारी के वर्तमान दौर में युवाओं का रोजगार के लिये इधर उधर निरंतर आते जाते रहना रेल यात्रियों की बढ़ती संख्या व रेल आय में बढ़ोतरी का एक कारण तो है ही। साथ ही रेलवे ने कमाई के कुछ ऐसे तरीके भी अपना रखे हैं जिनसे रेल यात्रियों की जेब ढीली कर रेल अपनी आय की बढ़ोतरी में जोड़ रही है।

**एक अनुमान के मुताबिक भारतीय रेल से प्रतिदिन लगभग दो करोड़ तीस लाख यात्री सफर करते हैं हालांकि कोविड-19 के बाद यह संख्या थोड़ी कम भी हुई है।**

**देश-विदेश**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)




NEWS इन ब्रीफ

### विदेश मंत्री जयशंकर बांग्लादेश, स्वीडन व बेल्जियम की यात्रा पर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर गुरुवार से बांग्लादेश (11-12 मई), स्वीडन (13-15 मई ) और बेल्जियम (15-16 मई ) की आधिकारिक यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार विदेश मंत्री हिंद महासागर सम्मेलन के 6वें संस्करण में भाग लेने के लिए 11-12 मई तक ढाका का दौरा करेंगे। हिंद महासागर सम्मेलन में मॉरीशस के राष्ट्रपति पृथ्वीराजसिंह रूपन, मालदीव के उप राष्ट्रपति फैसल नसीम, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना और दुनियाभर के कई मंत्री भाग लेंगे।

### स्टालिन कैबिनेट में शामिल टीआरबी राजा



**चेन्नई।** मन्नारगुड़ी विधायक और द्रमुक के वरिष्ठ नेता टी.आर. बालू के पुत्र टी.आर.बी. राजा ने गुरुवार को एम.के. स्टालिन कैबिनेट के मंत्री के रूप में शपथ ली। तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि ने राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित समारोह में राजा को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन और अन्य मंत्री उपस्थित थे। शपथ ग्रहण समारोह के बाद राज्यपाल ने मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद के साथ फोटो खिंचवाई। द्रमुक संसदीय दल के नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री टी.आर. बालू ने शपथ ग्रहण समारोह के बाद मीडियाकर्मियों से कहा, उसे सरकार की प्रतिष्ठा बढ़ानी है और आने वाले दिनों में दिन दूना रात चौगुना बढ़ना है।

# महाराष्ट्र के राजनीतिक संकट में पूर्व राज्यपाल का हस्तक्षेप गलत : सुप्रीम कोर्ट



**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि महाराष्ट्र के तत्कालीन राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने यह निष्कर्ष निकालने में गलती की कि उद्धव ठाकरे सरकार सदन में बहुमत खो चुकी है। अदालत ने कहा कि न तो संविधान और न ही संसद द्वारा बनाए गए कानून में कोई ऐसा प्रावधान है जिसके द्वारा किसी विशेष राजनीतिक दल के सदस्यों के बीच विवादों को सुलझाया जा सके, और वे निश्चित रूप से राज्यपाल को राजनीतिक क्षेत्र में प्रवेश करने और भूमिका निभाने का (भले वह कितनी ही छोटी क्यों न हो) अधिकार नहीं देते हैं चाहे वह किसी दल का अंदरूनी विवाद हो या दो दलों के बीच का।

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ जिसमें न्यायमूर्ति एम.आर. शाह, कृष्ण मुरारी, हिमा कोहली और पी.एस. नरसिम्हा भी शामिल थे, ने कहा, शक्ति परीक्षण के लिए बुलाने के लिए अनुरोध मात्र के अलावा कुछ ठोस कारण होना चाहिए। इस मामले में राज्यपाल के पास यह इंगित करने के लिए कोई कारण नहीं था कि मौजूदा सरकार ने विश्वास खो दिया है और उसे शक्ति परीक्षण के लिए बुलाना चाहिए। इसलिए, इस मामले में राज्यपाल द्वारा विवेक का प्रयोग कानून के अनुरूप नहीं था।

पीठ ने कहा कि राज्यपाल ने देवेंद्र फडणवीस और सात 'निर्दलीय' विधायकों द्वारा लिखे गए पत्रों पर भरोसा किया, जिसमें ठाकरे को सदन के पटल पर बहुमत साबित करने का निर्देश देने का आान किया गया था। पीठ की ओर से सर्वसम्मत निर्णय लिखने वाले मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने 141 पन्नों के फैसले में कहा कि पहली बात तो यह कि फडणवीस और सात विधायक अविश्वास प्रस्ताव भी ला सकते थे और कुछ भी उन्हें ऐसा करने से नहीं रोक रहा था। दूसरे, मुख्यमंत्री को अपना बहुमत साबित करने का निर्देश देने के लिए कुछ विधायकों का अनुरोध मात्र शक्ति परीक्षण के लिए बुलाने का एक प्रासंगिक और सार्थक कारण नहीं है।

पीठ ने पाया कि राज्यपाल ने 25 जून 2022 को शिवसेना विधायक दल के 38 सदस्यों के पत्र पर भरोसा किया, जिसमें दावा किया गया था कि उन्हें और उनके परिवारों को प्रदान की गई सुरक्षा अवैध रूप से वापस ले ली गई थी। पीठ ने कहा, विधायकों को सुरक्षा की कमी का इस सवाल से कोई मतलब नहीं है कि सरकार को सदन का विश्वास प्राप्त है या नहीं। ऐसे मामलों में राज्यपाल की उचित प्रतिक्रिया यह सुनिश्चित करने की है कि जिस सुरक्षा के वे कानूनी रूप से हकदार हैं, यदि इसे हटा दिया गया है तो वह उन्हें मिलती रहे।


# भारत के खिलाफ उठाए गए हर कदम का मुंहतोड़ जवाब देंगे : रक्षा मंत्री

### राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर स्मारक डाक टिकट और सिक्का जारी

**एजलेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर गुरुवार को 25 साल पहले हुए पोखरण परमाणु परीक्षणों को याद करके कहा कि इन परीक्षणों ने दुनिया को एक संदेश दिया कि भारत 'वसुधैव कुटुम्बकम' और 'अहिंसा परमो धर्म' में विश्वास करता है, इसलिए किसी भी देश की संप्रभुता, अखंडता और एकता को नुकसान नहीं पहुंचाता है। उन्होंने भारत को मजबूत, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने के लिए देश के शक्तिशाली मानव संसाधन के अधिकतम उपयोग का आह्वान किया।

रक्षा मंत्री आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 2023 को चिह्नित करने वाले कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया।




प्रधानमंत्री ने 5,800 करोड़ रुपये से अधिक की कई वैज्ञानिक परियोजनाओं की आधारशिला रखी और 25वें राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर स्मारक डाक टिकट और सिक्का जारी किया। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत उन असाधारण वैज्ञानिकों की दिल से सराहना करता है, जिन्होंने 1998 के पोखरण परीक्षण में योगदान दिया। आज हम तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी असाधारण राजनीतिक इच्छाशक्ति और इन परीक्षणों को सफल बनाने के नेतृत्व के लिए भी याद करते हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत ने न केवल अपने लिए शांति की कामना की है, बल्कि दुनिया को संदेश दिया है। भगवान बुद्ध और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जैसे दूरदर्शी विश्व को भारत की देन हैं। हमने कभी किसी देश पर आक्रमण नहीं किया और न ही उसे गुलाम बनाया। पोखरण परीक्षण ने संदेश दिया कि हम अपनी गरिमा के खिलाफ उठाए गए हर कदम का मुंहतोड़ जवाब देंगे। राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की प्रेरणा बताया। उन्होंने किसी राष्ट्र की प्रगति में विज्ञान के महत्व को रेखांकित करते हुए उसे शक्ति का स्रोत बताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण युवाओं को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने और समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित करता है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत के पास एक शक्तिशाली मानव संसाधन है, जिसने इसे विश्व मंच पर एक सम्मानजनक स्थिति के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने एक मजबूत, समृद्ध और विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए इस मानव संसाधन का अधिकतम उपयोग करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हम जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान और जय अनुसंधान के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। वैश्विक मंच पर हमारा कद बढ़ा है और दुनिया भारत में आशा की एक नई किरण देख रही है। हम एक मजबूत और आत्मनिर्भर 'नए भारत' के निर्माण के अपने विजन को साकार करने में सफल होंगे।

छत्तीसगढ़ शराब घोटाला

# ईडी ने आईएएस अनिल टुटेजा को बताया मास्टरमाइंड

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के करीबी माने जाने वाले आईएएस अनिल टुटेजा 2000 करोड़ रुपये के शराब घोटाले के मास्टरमाइंड हैं। ईडी ने आरोप लगाया कि उद्योग और वाणिज्य विभाग में संयुक्त सचिव अनिल टुटेजा सिंडिकेट के मास्टरमाइंड थे और मुख्यमंत्री के करीबी होने के कारण सिंडिकेट के मामलों का प्रबंधन कर रहे थे। ईडी ने इससे पहले दिन में 2 आरोपियों नितेश पुरोहित और पवन ढिल्लो उर्फ पवन बंसल को गिरफ्तार किया था। ईडी ने एक विशेष पीएमएलए अदालत को बताया कि गिरफ्तार आरोपी नितेश पुरोहित ने कथित किंगपिन अनवर ढेबर के निर्देश पर आईएएस अनिल टुटेजा और पप्पू बंसल को 163 करोड़ रुपये दिए।



ईडी ने आरोप लगाया कि नकदी के रूप में अवैध धन का कलेक्शन जबरन वसूली नेटवर्क के माध्यम से किया जा रहा था। एजेंसी ने दावा किया कि सिंडीकेट का मुखिया होने के नाते अनिल अपना हिस्सा रखने के बाद, चुनाव प्रचार के लिए राजनीतिक एक्जीक्यूटिव को फाइनल वसूल किए गए अवैध धन को दे रहे थे। जिसके परिणामस्वरूप राज्य के खजाने को भारी नुकसान हुआ। ईडी के एक सूत्र के अनुसार, जांच से पता चला कि रायपुर के मेयर के भाई अनवर ढेबर सिंडिकेट के मुख्य कलेक्शन एजेंट और फ्रंट मैन थे और टुटेजा के आदेश के अनुसार सिंडिकेट चलाते थे। ईडी ने आरोप लगाया कि राज्य के महत्वपूर्ण विभागों और राज्य के सार्वजनिक उपक्रमों के उच्च-स्तरीय प्रबंधन के माध्यम से अवैध रिश्वत एकत्र करके बड़े पैमाने पर राज्यव्यापी आपराधिक सिंडिकेट छत्तीसगढ़ में संचालित हो रहा था।

### सिसोदिया की जमानत पर फैसला सुरक्षित

**दिल्ली** हाईकोर्ट ने मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। सीबीआई दिल्ली आबकारी घोटाला मामले की जांच कर रही है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता ने अपनी पत्नी की बीमारी के आधार पर जमानत के लिए तीन अप्रैल को हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिया कि सिसोदिया को वीडियो कांफ्रेंसिंग की सुविधा मुहैया करायी जाए ताकि वे हर दूसरे दिन जेल नियमों के अनुसार तीन से चार बजे के बीच अपनी पत्नी से बात कर सकें।

# फ्लाइट में महिला पीकर दुर्व्यवहार की, गिरफ्तार

**एजेंसी। कोलकाता**

विमान में बीती आधी रात को कथित तौर पर शराब पीने और यात्रियों से बदतमीजी करने के आरोप में एक महिला यात्री को गिरफ्तार किया गया है। आधी रात को एयरलाइन द्वारा सीआईएसएफ को सूचित किया गया। लेकिन रात में किसी महिला यात्री को हिरासत में नहीं लिया जा सकता था, इसलिए महिला को गुरुवार सुबह कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट थाने को सौंप दिया गया है। वह बुधवार रात दिल्ली से कोलकाता के लिए फ्लाइट में सवार हुई थी। कोलकाता इंटरनेशनल एयरपोर्ट के मुताबिक इंडिगो की एक फ्लाइट दिल्ली से कोलकाता आ रही थी। आरोप है कि बीती रात में फ्लाइट के उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद करमजीत कौर नाम की एक महिला यात्री प्लेन के अंदर खुलेआम शराब पीती मिली। इतना ही नहीं साथी यात्रियों से बदतमीजी करने की भी शिकायतें मिलीं। उड़ान कोलकाता हवाई अड्डे पर रात 1:10 बजे उतरी जिसके बाद उसे सुरक्षा एजेंसियों को सौंपने की प्रक्रिया शुरू की गई। सूत्रों ने कहा कि रात में किसी महिला यात्री को गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है, इसलिए यात्री को गुरुवार सुबह करीब 7:05 बजे नेताजी सुभाष चंद्र अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया।

# उत्तराखंड में नहीं है हाई सिक्योरिटी जेल

### कुख्यात सुनील राठी को शासन ने यूपी व दिल्ली पुलिस से वापस ले जाने के लिए कहा

**एजेंसी। देहरादून/हरिद्वार**

उत्तराखंड में हाई सिक्योरिटी जेल नहीं होने के कारण कुख्यात सुनील राठी को शासन ने यूपी व दिल्ली पुलिस से वापस ले जाने के लिए कहा है। प्रदेश सरकार भी कैदियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हुई है। गृह विभाग ने प्रदेश में हाई सिक्योरिटी जेल न होने का हवाला देते हुए उत्तर प्रदेश और दिल्ली पुलिस को पत्र लिखकर सुनील राठी को वापस तिहाड़ ले जाने में सहयोग करने को कहा है।

दिल्ली की तिहाड़ जेल में हुई घटना के बाद अब प्रदेश सरकार भी कैदियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हुई है। इस कड़ी में हरिद्वार जेल में बंद कुख्यात सुनील राठी को वापस



तिहाड़ भेजने की कवायद शुरू हो गई है। गृह विभाग ने प्रदेश में हाई सिक्योरिटी जेल न होने का हवाला देते हुए उत्तर प्रदेश और दिल्ली पुलिस को पत्र लिखकर सुनील राठी को वापस तिहाड़ ले जाने में सहयोग करने को कहा है। प्रदेश में इस तरह के बड़े अपराधियों के लिए हाई सिक्योरिटी जेल नहीं है। यहां जेल में उसके लिए अतिरिक्त सुरक्षा कर्मी लगाए गए हैं। ऐसे में हरिद्वार जेल प्रशासन ने शासन को पत्र लिखकर सुनील राठी को वापस भेजने का अनुरोध किया था। सुनील राठी को तिहाड़ तक भेजने के लिए गृह विभाग स्वयं को सक्षम महसूस नहीं कर रहा है।

### हरिद्वार जेल में रखा गया सुनील सिंह राठी

**कुख्यात** सुनील सिंह राठी विभिन्न आपराधिक मामलों में तिहाड़ जेल में सजा काट रहा था। गत वर्ष अप्रैल में एक मामले की सुनवाई के लिए उसे तिहाड़ जेल से उत्तराखंड लाया गया। तब से ही उसे वापस नहीं भेजा जा सका है। उसे फिलहाल हरिद्वार जेल में रखा गया है।




### मुझे सच बोलने के लिए विवादास्पद करार दिया गया है : शर्लिन चोपड़ा



**अभिनेत्री** शर्लिन चोपड़ा का एक हिप-हॉप गीत आने वाला है, जो बॉलीवुड में उनकी विवादास्पद यात्रा के इर्द-गिर्द घूमता है। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें विवादास्पद होने में मजा आता है, उन्होंने कहाः सच विवादास्पद होता है और इसलिए जब मैं सच बोलती हूं, तो मुझे विवादास्पद करार दिया जाता है! मेरा आगामी रैप गीत उद्योग में मेरी रोलर-कोस्टर यात्रा के बारे में बहुत कुछ बताता है। इसलिए यह वास्तव में मेरे दिल के करीब है और मेरे लिए किसी भी अन्य प्रोजेक्ट से कहीं अधिक मायने रखता है। गाने के विवरण के बारे में बात करते हुए, शर्लिन ने कहा कि यह मुंबई के बाहरी इलाके में फिल्माया गया है और यह तेज गति वाला और स्वैग वाला गाना है। मुझे यकीन है कि यह विशेष रूप से युवाओं द्वारा बेहद पसंद किया जा रहा है! मैंने रैप गीत और इसके संगीत वीडियो में अपना दिल और आत्मा डाल दी है!

### मैंने कभी कोई गलत फैसला नहीं लिया : कंगना रनौत



**कंगना** रनौत ने एक थ्रोबैक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह अपनी फिल्म 'रास्कल' और 'डबल धमाल' के बारे में बात कर रही हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि उन्होंने कभी भी कोई गलत फैसला नहीं लिया है। कंगना ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपने फैन पेज से 'रास्कल्स' और 'डबल धमाल' में काम करने के बारे में बात करते हुए एक पुराना वीडियो साझा किया, जिसमें उन्होंने सहायक भूमिका निभाई थी। उन्हें यह कहते सुना जा सकता हैः जिंदगी में कभी ना कभी हर कोई एक गलत फैसला लेता है, मैंने भी किया था। कुछ लोग कहते हैं कि वो गलत फैसले हैं, पर मैं नहीं मानती।

## जानकारी : व्हाट्सएप व अन्य मैसेजिंग एप पर भी मिलेगी ट्रूकालर सेवा

# इससे स्पैम काल से मिलेगी निजात

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

ट्रूकालर मई के अंत तक व्हाट्सएप व अन्य मैसेजिंग एप पर अपनी कॉलर आइडेंटिफिकेशन सर्विस उपलब्ध कराना शुरू कर देगा। इससे उपभोक्ता को इंटरनेट पर संभावित स्पैम कॉल्स का पता लगाने में मदद मिल सकेगी। इस बारे में ट्रूकॉलर के को-फाउंडर और सीईओ एलन ममेदी ने कहा कि यह सुविधा अभी बीटा फेज में है और मई के अंत में ग्लोबल स्तर पर शुरू की जाएगी। फोन कॉल के साथ अब व्हाट्सएप पर भी स्पैम कॉल और मैसेज की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है।




उपभोक्ता को अनजान नंबर को पहचाने में काफी परेशानी होती है। कॉलर आइडेंटिफिकेशन सर्विस से यूजर्स को ऐसे कॉल और मैसेज को पहचानने में मदद मिलेगी। ट्रूकालर की 2021 की एक रिपोर्ट के अनुसार, टेलीमार्केटिंग और स्कैमिंग कॉल भारत जैसे देशों में बढ़ रहे हैं, जहां यूजर्स को प्रति माह औसतन लगभग 17 स्पैम कॉल मिलते हैं। ममेदी ने कहा पिछले दो हफ्तों में, हमने व्हाट्सएप पर स्पैम कॉल के बारे में भारत से यूजर्स रिपोर्ट में स्पाइक देखा है, यह देखते हुए कि टेलीमार्केटर्स का इंटरनेट कॉलिंग पर स्विच करना बाजार के लिए काफी नया था। व्हाट्सएप भारत में सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाने वाला मैसेजिंग प्लेटफॉर्म है। कंपनी का कहना है कि यह स्पैम डिटेक्शन तकनीक का उपयोग असामान्य व्यवहार में शामिल अकाउंट की पहचान करने और उन पर कार्रवाई करने में मदद करेगा। साथ ही यूजर्स को इन अकाउंट को ब्लॉक करने और रिपोर्ट करने में भी मदद मिलेगी।

# आगरा में कार की चपेट में आने से तीन बच्चों की मौत

**आगरा।** आगरा के डौकी इलाके में गुरुवार सुबह एक कार की चपेट में आने से तीन बच्चों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। घटना बास महापाट गांव में हुई जहां कुछ बच्चे अपनी स्कूल बस का इंतजार कर रहे थे। पुलिस सूत्रों ने कहा, बच्चे सड़क के किनारे खड़े थे, जब फतेहाबाद रोड से आ रही एक कार ने उनमें से छह को कुचल दिया। जान बचाकर भागे कुछ बच्चों ने ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी। आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी), फतेहाबाद, सौरभ सिंह ने कहा कि इस घटना में तीन बच्चों की मौत हो गई। उन्होंने कहा, तीन और बच्चों को चोटें आई हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नाकाबंदी हटाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है अरविंद अकेला कल्लू का धमाकेदार गाना 'बुनिया'



**युवा** दिलों की धड़कन अरविंद अकेला कल्लू और सारेगामा 'हम भोजपुरी' के सहयोग से तैयार भोजपुरी गाना 'बुनिया' म्यूजिक वर्ल्ड में धमाल मचा रहा है। इस गाने को अरविंद अकेला कल्लू ने भोजपुरी सुरों की मल्लिका शिल्पी राज के साथ गाया है। उनके इस गाने को अब तक डेढ़ मिलियन लोगों ने देख लिया है और यह गाना हर मिनट वायरल हो रहा है। अरविंद अकेला कल्लू के इस गाने का एक आकर्षण खूबसूरत अभिनेत्री श्वेता म्हारा के साथ उनकी खूबसूरत केमिस्ट्री भी है, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया है। गाने को भी दोनों के फैंस झोली भर कर प्यार दे रहे हैं। इस गाने को लेकर सारेगामा हम भोजपुरी के बिजनेस हेड बद्रीनाथ झा ने बताया कि यह फुल कमर्शियल गाना है, जिसे हमने शादी ब्याह के इस सीजन में ऑडियंस की पसंद के हिसाब से बनाया है। सारेगामा हम भोजपुरी हमेशा नए प्रयोग और नए कांसेप्ट के साथ काम करने में यकीन रखती है। इसलिए अगर आपने गौर किया है तो आपको भी पता होगा कि सारेगामा हम भोजपुरी से रिलीज होने वाले गानों में विविधता और नयापन देखने को मिलता है।

# हाई कोर्ट ने चार अल्ट्रासाउंड क्लीनिक संचालकों को दी राहत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में गुरुवार को भ्रूण जांच को लेकर पूर्वी सिंहभूम के तत्कालीन सिविल सर्जन की ओर से अल्ट्रासाउंड क्लिनिकों को दिए गए रजिस्ट्रेशन का विरोध करने वाले जनहित याचिका की सुनवाई हुई। कोर्ट ने चार अल्ट्रासाउंड क्लीनिक संचालकों को राहत दी है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि इन चार अल्ट्रासाउंड क्लिनिकों के मामले में डीसी जमशेदपुर ने आदेश पारित किया था, ये अल्ट्रासाउंड क्लीनिक हाई कोर्ट द्वारा लगाई गई रोक से प्रभावित नहीं होंगे। हस्तक्षेपकर्ता में से शेष 10 लोगों के मामले में नवीनीकरण के आवेदन लंबित थे, ऐसे में सक्षम पदाधिकारी के द्वारा उन सभी आवेदनों पर नवीनीकरण के संबंध में निर्णय लिया जाए। इस जनहित याचिका के लंबित रहने का उस निर्णय पर कोई प्रभाव नहीं होगा।



मामले में 14 अल्ट्रासाउंड क्लिनिकों की ओर से हस्तक्षेप याचिका दाखिल कर कोर्ट द्वारा इनके संचालन पर लगी को हटाने एवं कोर्ट के आदेश में सुधार का आग्रह किया गया था। हस्तक्षेपकर्ता की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार ने कोर्ट को बताया कि 14 हस्तक्षेपकर्ता में से चार आवेदनकर्ता ऐसे हैं जिनके मामले में डीसी ने नवीनीकरण सर्टिफिकेट निर्गत किया था। अन्य 10 के मामले में नवीनीकरण आवेदन काफी पूर्व में जमा किए गए थे, जिस पर 90 दिन के भीतर निर्णय नहीं लिए जाने से स्वत नवीनीकरण से संबंधित प्रावधान लागू होंगे। इसलिए बाद में तत्कालीन सिविल सर्जन के द्वारा यदि कोई आदेश अथवा पत्र निर्गत भी किया गया है तो हस्तक्षेपकर्ता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। अतः इन्हें अल्ट्रासाउंड क्लीनिक चलाने से रोकना उचित नहीं है। पूर्व में कोर्ट के आदेश के आलोक में पूर्वी सिंहभूम के तत्कालीन सिविल सर्जन द्वारा 27 अल्ट्रासाउंड क्लीनिक को दिए गए रजिस्ट्रेशन पर रोक लगाई है। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया था जमशेदपुर डीसी ने 27 अल्ट्रासाउंड क्लीनिक को काम करने पर रोक लगाई है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता नवीन कुमार ने पैरवी की।

## पेड़ों की कटाई पर कोर्ट ने प्रार्थी से 12 जून तक मांगा जवाब

**रांची।** लॉकडाउन के समय पलामू में पेड़ों की अवैध कटाई से जुड़े मामलों की सुनवाई करते हुए अदालत ने सरकार की ओर से दायर शपथपत्र पर प्रार्थी को जवाब दाखिल करने को कहा है। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की कोर्ट ने प्रार्थी को 12 जून तक का समय दिया है। इस संबंध में सरकारी कर्मचारी कमलेश सिंह ने जनहित याचिका दायर की है। सुनवाई में अदालत को बताया गया कि जब देश में लॉकडाउन था तो वन विभाग, पुलिस व माफिया की मिलीभगत से पेड़ काटे जा रहे थे। इसके बाद प्रार्थी ने सीएम को ट्वीट किया। ट्वीट के बाद डीजीपी ने उचित कार्रवाई का निर्देश दिया। फिर पांकी थाना में केस दर्ज किया गया। लेकिन अभी तक कार्रवाई नहीं हुई। सरकार द्वारा बताया गया कि मामले में जवाब दाखिल कर दिया गया है। इस पर प्रार्थी ने जवाब दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह किया।

## गुरु नानक स्कूल में छात्रों के लिए इंटरेक्शन सत्र का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गुरु नानक हायर सेकेंडरी स्कूल रांची, में कक्षा 10वीं तथा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए इंटरेक्शन सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में विभिन्न संकाय एवं विषय के अनुसार भारतीय वायु सेना में भर्ती एवं सेवा के लिए की जाने वाली तैयारियों की जानकारी दी गई। स्कूल की प्राचार्या डॉ। कैप्टन सुमित कौर ने भारतीय वायु सेना के ग्रुप कप्तान मनजीत सिंह सिद्धू को स्कूल का प्रतीक चिन्ह प्रदान कर उनका स्वागत किया। उपप्राचार्या सोनिया कौर ने दीपज्योत कौर को पौधा देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ। कैप्टन सुमित कौर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के सत्र उनके भावी जीवन में लक्ष्य प्राप्ति में मददगार साबित होंगे। यह सत्र विद्यार्थियों के लिए वायु सेना के विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान करने में सहायक होंगे। अतः स्कूली जीवन से ही विद्यार्थियों को भविष्य के लिए सजग एवं सचेत रहना चाहिए।

# नेता प्रतिपक्ष मामले में सुनवाई 16 मई को

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति के मामले में अब स्पीकर और हाईकोर्ट के अधिकारों पर सुनवाई होगी। इसके लिए 16 मई की तिथि निर्धारित की गयी है। गुरुवार को मामले की सुनवाई के दौरान विधानसभा सचिव अदालत में हाजिर हुए। उन्होंने हाईकोर्ट को बताया कि बीजेपी ने बाबूलाल मरांडी का नाम नेता प्रतिपक्ष के रूप में भेजा था, लेकिन दल-बदल का मामला रहने के कारण स्पीकर ने दूसरे का नाम देने को कहा था लेकिन बीजेपी ने दूसरा नाम नहीं भेजा। स्पीकर के पास झाविमो से कांग्रेस में शामिल हुए विधायक प्रदीप यादव और बंधु तिर्की के दल-बदल का मामला भी लंबित है। सभी की सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला दिया जाएगा। स्पीकर को दूसरा नाम मांगने का अधिकार नहीं! इसका प्रार्थियों की ओर से विरोध किया गया। प्रार्थियों के अनुसार स्पीकर को किसी दूसरे का नाम मांगने का अधिकार नहीं है। इसलिए हाईकोर्ट, स्पीकर को निर्णय लेने का आदेश जारी करे। सरकार की ओर से इसका विरोध किया गया। सरकार का कहना था कि हाईकोर्ट, स्पीकर को सीधे आदेश नहीं दे सकता। यह हाईकोर्ट के अधिकार में नहीं है। इसके बाद अदालत ने स्पीकर और हाईकोर्ट के अघिकारों पर सुनवाई के लिए 16 मई की तिथि निर्धारित की। दरअसल, 2019 के विधानसभा चुनाव में झारखंड विकास मोर्चा की ओर से बाबूलाल मरांडी, प्रदीप यादव और बंधु तिर्की ने जीत हासिल की थी। बाद में बाबूलाल मरांडी ने गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में झाविमो का बीजेपी में विलय कर दिया वहीं बंधु तिर्की और प्रदीप यादव, कांग्रेस में शामिल हो गए। बंधु और प्रदीप यादव ने झाविमो के विलय को गैर-संवैधानिक बताया।

## युवती ने युवक पर जान से मारने की धमकी देने का लगाया आरोप

**रांची।** रांची के लालपुर थाने में एक युवती ने एक युवक पर जान से मारने की धमकी देने और गाली गलौज करने का आरोप लगाया है। बताया जाता है कि रामगढ़ जिले के बरकाकाना निवासी मेघा तिवारी रांची के लालपुर स्थित सरोज गर्ल्स हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करती है। हॉस्टल की रूममेट हॉस्टल में लड़के को बुलाती है। मकान मालिक के मना करने के बावजूद युवक इमरान अंसारी हॉस्टल में आता है। हॉस्टल में आकर इमरान धूम्रपान करता है। युवक के रूम में धूम्रपान करने पर युवती ने मना किया तो उसे जान से मारने की धमकी और गाली गलौज करने लगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि अभी कुछ भी नहीं कहा सकता है जब तक पूरी तरह से जांच न हो जाये तब तक कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। अगर दोषी पाया गया तो उसपर कड़ी कार्रवाई की जायेगी जायेगी। किसी भी हाल में बक्शा नहीं जायेगा।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दूसरा बोधि ट्री इंटर-स्कूल क्रिटिकल लिटरेचर कॉन्क्लेव-2023 में सरला बिरला पब्लिक स्कूल के बच्चों ने अपने शानदार व अनुकरणीय प्रदर्शन से बाजी मार ली। इस प्रतियोगिता में भारत के 28 स्कूलों ने भाग लिया था। कक्षा 10वीं की प्रज्ञाश्री होता और निष्का राज को रचनात्मक लेखन श्रेणी के लिए ओवरऑल प्रतिनिधिमंडल खंड में प्रथम रनर अप का स्थान दिया गया। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने छात्रों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी। प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों की उपलब्धियों की सराहना की और अधिक से अधिक छात्रों को अपनी रचनात्मकता को निखारने के लिए इस तरह के सम्मेलनों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

# शिवांगी हेड गर्ल और अब्दुल्लाह बने हेड ब्वॉय

नवीन मेल संवाददाता। रांची

दिल्ली पब्लिक स्कूल, रांची में शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए विगत 08 मई 2023 को छात्र परिषद् का चुनाव आयोजित किया गया। इस चुनाव का उददेश्य छात्र परिषद् की राय, विचारों और चिंताओं को आवाज देने, छात्रों मे नेतृत्व की क्षमता विस्तृत करना और कार्यक्रमों की रुपरेखा बनाने, संचार और कार्यान्वयन में स्कूल के विभिन्न विभागों की सहायता करना है। चुनाव के नतीजे गुरुवार को घोषित किए गए। चुनाव का आयोजन विवेकानंद प्रेक्षागृह में किया गया था। बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने छात्र परिषद् के 06 महत्वपूर्ण पदों के लिए अपना वोट डाला, जिसमें हेड बॉय, हेड गर्ल, डिप्टी हेड बॉय, डिप्टी हेड गर्ल, स्कूल एंबेसडर और क्लास प्रीफेक्ट शामिल थे। उम्मीदवारों ने कल्चरल सेक्रेटरी, डिप्टी कल्चरल सेक्रेटरी, स्पोर्ट्स कैप्टन और डिप्टी स्पोर्ट्स कैप्टन के पदों के लिए भी नामांकन दाखिल किया। इस चुनाव के संबंध में स्कूल ने प्रतियोगियों के लिए चुनाव के पूर्व उम्मीदवार-भाषण कार्यक्रम का आयोजन किया। उम्मीदवारों ने अपने भाषणों, नारों और टैगलाइनों से मतदाताओं को आकर्षित करने की कोशिश की। उनके हाव-भाव ने उचित संसदीय चुनाव का आभास कराया। उम्मीदवारों द्वारा भाषण दिए जाने के बाद, बारहवीं कक्षा के छात्रों ने मतपेटियों में अपना वोट डाला, इस प्रकार एक लोकतांत्रिक प्रक्रिया में चुनाव के लिए सभी विद्यार्थी आगे बढ़े। इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राम सिंह ने किया। चुनाव के परिणामों के अनुसार, शिवांगी कुमार (232 वोट) और अब्दुल्लाह रहमानी (373 वोट) को हेड गर्ल और हेड बॉय (सेकेंडरी विंग) के रूप में नियुक्त किया गया। ऐश्वर्या तलेजा (141 वोट) और उदित जैन (149 वोट) को एडिशनल हेड गर्ल और एडिशनल हेड बॉय के रूप में चुना गया। श्रेयोशी गांगुली (119 वोट) को डिप्टी हेड गर्ल के रूप में चुना गया जबकि माधव द्रोलिया (93 वोट) को डिप्टी हेड बॉय के रूप में नियुक्त किया गया। माधवी माहेश्वरी (256 वोट) और रोहित राज (501 वोट) को स्कूल एंबेसडर के रूप में चुना गया एवं अनिशा अरोरा (205 वोट) और ज्ञान हर्षवर्धन (119 वोट) को डिप्टी स्कूल एंबेसडर के रूप में नियुक किया गया। जान्या (465 वोट) एवं धीरज बियानी (311 वोट) को क्लास प्रिफेक्ट्स चुना गया। स्तुति अन्वी और मो. अदनान अंसारी को कल्चरल सेक्रेटरी के रूप में चुना गया जबकि तनीषा अग्रवाल और स्वयं राज को डिप्टी कल्चरल सेक्रेटरी के रूप में नियुक्त किया गया। प्रज्ञा मृदु और ऋषभ राज को स्पोर्ट्स कैप्टन के रूप में नियुक्त किया गया, अदिति ठाकुर और अर्शदीप सिंह को एडिशनल स्पोर्ट्स कैप्टन और शुभांशी शेखर और तनिश राजघरिया को डिप्टी स्पोर्ट्स कैप्टन के रूप में चुना गया। छात्र परिषद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए डीपीएस राँची के प्राचार्य, डॉ. राम सिंह ने कहा, विद्यार्थी परिषद की नियुक्ति का उद्देश्य छात्रों को स्कूल की गतिविधियों का आयोजन और संचालन करके नेतृत्व गुणों को विकसित करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। छात्र परिषद विद्यार्थी समाज की आवाज है। इस तरह का आयोजन उनके नेतृत्व की गुणवत्ता को बढ़ाएगा, उन्हें उत्कृष्टता की अधिक से अधिक ऊंचाइयों को छूने और समग्र रूप से विजेता बनने के लिए सशक्त करेगा।₹

## कैंब्रियन स्कूल की छात्रा का मॉडल राष्ट्रीय स्तर पर किया गया चयनित

**रांची।** कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, कांके रोड की छात्रा राजप्रिया कुमारी के मॉडल का चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है। राजप्रिया कुमारी के मॉडल को इंस्पायर अवॉर्ड्स मानक-2021-2022 के लिए दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चुना गया है। राजप्रिया द्वारा तैयार किया गया यह मॉडल एक ऐसा कार्यशील उपकरण है, जिसके द्वारा पशुओं को सुपाच्य भोजन उपलब्ध कराने के साथ -साथ घर में बचे खुचे भोजन का भी सदुपयोग किया जा सकता है। इस मॉडल में मानवतावादी और पर्यावरण हितैषी दृष्टिकोण को समाहित किया गया है। राजप्रिया द्वारा निर्मित यह मॉडल राज्य से चयनित चौदह मॉडल्स में से एक है, जो दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में रांची जिला का प्रतिनिधित्व करेगा। प्राचार्या डॉ. नीता पांडेय ने इस सफलता के लिए राजप्रिया को बधाई और शुभकामनाएं दी है।

## पेज एक के शेष

### छह योजनाओं का ...

शुरूआत की जाएगी। वहीं, पतरातू डैम में वाटर एक्टिविटीज तथा वाटर स्पोर्ट्स भी नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर लगभग 12 करोड़ 92 लाख रुपए की लागत से 6 योजनाओं का उद्घाटन- शिलान्यास किया। इनमें 7 करोड़ 10 लाख रुपए की 2 योजनाओं का उद्घाटन और 5 करोड़ 82 लाख रुपए की 4 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। इसके अलावा समारोह में पर्यटन निदेशालय द्वारा आयोजित फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री हफीजुल हसन, राज्य समन्वय समिति के सदस्य फागु बेसरा, विधायक अम्बा प्रसाद, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे ,भवन निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार, निदेशक पर्यटन अंजलि यादव, रामगढ़ की उपायुक्त माधवी मिश्रा, पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे समेत जिला प्रशासन के कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### जयंत करनाड के...

में हेरफर व फजीर्वाड़े की बात की पुष्टि हुई थी। ईडी ने जांच में पाया है कि अफसर अली, प्रदीप बागची समेत अन्य का गिरोह कोलकाता के रजिस्ट्रार आफ एश्योरेंस के यहां से कागजों की हेरफर कराता था, इसके बाद इन्हीं कागजों के आधार पर जमीन की रजिस्ट्री करा ली जाती थी।

**जयंत करनाड ने सौंपे हैं दस्तावेज**

बुधवार को ईडी ने जमीन के असल मालिक होने के दावेदार जयंत करनाड का बयान भी दर्ज किया था। जयंत करनाड ने जमीन के मूल खतियान से लेकर सेना के साथ किराए के करारनामें व हाईकोर्ट के आदेश की कॉपी ईडी को सौंपी है। ईडी जयंत करनाड के द्वारा सौंपे गए जमीन संबंधी दस्तावेजों की फोरेंसिक जांच कराएगी, वहीं अन्य सारे कागजातों का भी सत्यापन कराया जाएगा। ईडी ने गुरुवार को जमीन की रजिस्ट्री लेने वाले कुछ लोगों का भी बयान दर्ज किया। जयंत करनाड से रजिस्ट्री लेने वालों की डीड की जांच में यह बात सामने आयी है कि अबतक किसी ने पूरा भुगतान करनाड को नहीं किया था। गौरतलब है कि 2019 में जयंत करनाड ने 13 लोगों को जमीन की रजिस्ट्री की थी।

### 15 मई को नक्सलियों ने

जा रहे अंधाधुंध बमबारी और रामनवमी के अवसर पर बिहार के बिहारशरीफ, सासाराम, गया और देश के विभिन्न भागो में एक राजनीतिक पार्टी की ओर से भड़कायी गयी संप्रदायिक हिंसा के खिलाफ 15 मई को संपूर्ण उत्तर भारत बंद को सफल बनाएं। बंद से दूध, मेडिकल, एंबुलेंस, अग्निशमन सेवा को मुक्त रखा गया है। प्रेस विज्ञाप्ति के जरिये नक्सलियों ने सभी कमांडरों, जनसंगठनों के नेताओं, मजदूर, किसान, छात्र, डॉक्टरों, वाहन मालिकों से आह्वान किया है कि बंद को सफल बनाये।

### बोकारो में 15 साल से ...

व शिवलाल सोरेन के घर को गुरुवार को कुर्की किया गया। मधुबन थाना के पुअनि सचिन कुमार व निमियाघाट के पुअनि दीपक किशोर भारती बताया कि 15 साल से दोनों माओवादी फरार चल रहे थे। कोर्ट के आदेश पर दोनों माओवादियों के घर कुर्क किया गया है। उल्लेखनीय है कि 7 अगस्त, 2008 को जीटी रोड पर माओवादियों ने पुलिस पार्टी पर हमला कर दिया था, जिसमें दो जवान बलिदान हो गए थे। घटना में मोस्ट वांटेड माओवादी नवीन मांझी के अलावा सीताराम मांझी व शिवलाल मांझी सहित 50 हथियार बंद माओवादियों पर निमियाघाट थाना में कांड संख्या 44/2008 के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में निमियाघाट पुलिस पांच दिन पूर्व भी सीताराम मांझी व शिवलाल मांझी की तलाश में ऊपरघाट पहुंची थी। मधुबन थाना में भी दोनों माओवादियों पर हत्या का मामला दर्ज है।

### क्या नीतीश का आधार...

साथ भाजपा में जा सकते हैं। 2021 में वह मोदी सरकार में मंत्री बन गये। जिसके बारे में आज भी चर्चा होती है कि आरसीपी ने नीतीश की सहमति के बिना ही केंद्रीय मंत्री के लिए अपना नाम भेज द?िया था। यहीं से नीतीश के संदेह को और बल मिल गया कि आरसीपी अघोषित रूप से भाजपा की गोद में बैठ चुके हैं। यह संदेह कई और प्रमाण के बाद पुख़्ता होता गया ,तो 2022 में जदयू ने आरसीपी को तीसरी बार राज्यसभा नहीं भेजा। और आरसीपी से भ्रष्टाचार के आरोपों पर जवाब तलब किया। राज्य सभा में तीसरी बार नहीं भेजे जाने से मोदी को मजबूरन उनको केन्द्रीय मंत्री पद से हटाना पड़ा। तब आरसीपी को समझ में आ गया कि इनकी शातिरपना की पोल पट्टी खुल चुकी है।उसके बाद वह तिलमिलाते हुए जदयू व नीतीश के विरूद्ध विष वमन करने लगे । जिसके चलते उनको जदयू से बाहर आना पड़ा। लोग कहने लगे हैं कि जिस नीतीश ने उनको एक नौकरशाह से उठाकर यहाँ तक पहुँचाया, उसी नीतीश को अब वह नेस्तनाबूद करने की सोच के साथ भगवाते हुए 11 मई, 2023 को भाजपा में चले गये।यह भी कहा जाता है कि आरसीपी के पास आय से ज्यादा माल है। जिसका जदयू ने उनसे 2013 से उनकी संपत्ति का ब?योरा मांग लिया था ,तब उन्होंने पार्टी ही छोड़ दी। कुछ लोग कह रहे हैं कि बिहार में लव-कुश की जो 12 प्रतिशत आबादी है ,वह नीतीश कुमार का मुख?य वोट बैंक है।भाजपा के हुक्मरान इस वोट बैंक में सेंधमारी के लिए जी जान से कोशिश कर रहे हैं।लोग यह भी कह रहे हैं कि झारखंड में 24 प्रतिशत कुर्मी हैं। वहाँ जदयू ,राजद,कांग्रेस,झामुमो गठबंधन यदि बन गया और 2024 लोकसभा चुनाव में यह गठबंधन मजबूती से लड़ा ,तो बिहार व झारखंड दोनों ही जगह भाजपा को भारी नुकसान पहुँचाएगा। उसके बाद झारखंड व बिहार में विधान सभा चुनाव होगा तो यह गठबंधन दोनों राज्यों में और कहर ढ़ाहेगा।सो इस महागठबंधन या तालमेल के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जिस दिन झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले उसके अगले दिन ही आरसीपी सिंह कुर्मी को भाजपा ज्वाइन करा दिया गया। इससे यह संदेश गया है कि नीतीश के महागठबंधन का दायरा बिहार के बाद झारखंड तक फैलने की संभावना से भाजपा चिंतित हो गई है। ऐसे में आरसीपी सिंह कुर्मी को भाजपा में लाकर उनके मार्फत बिहार व झारखंड में कुर्मी वोट नीतीश वाले महागठबंधन की तरफ जाने से कुछ रोकने के मकसद से आरसीपी कुर्मी को भाजपा में लाया गया है ,तो यह कितना कामयाब होगा वह आगे पता चलेगा।फिलहाल भाजपा में जाने से यह तो हो गया कि आय वाले मामले में उनके यहां ईडी या सीबीआई का छापा नहीं पड़ेगा।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा (नोटिस)

**आवश्यक सूचना**

नाम–(1) कांड के प्रा0अभि0 नवलेश सिंह, पे0–गोखुला सिंह 2. विभूति नारायण सिंह, पे0–प्रयाग सिंह,दोनो सा0–करीवाडीह थाना खरौधी, जिला गढवा। कांड सं0–07/2023, दिनांक–07.02.2023 प्राथमिकी अभियुक्त है। उक्त कांड में फिरार है। मानीय न्यायालय में आपके विरूध इश्तेहार निर्गत किया गया है, किन्तु आप अपने स्थाई पता ग्राम– सा0– करीवाडीह थाना खरौधी, जिला गढवा से फिरार है आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय एस0 जे0 पोक्सो गढवा में अविलम्ब आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 297077 (Police)23-24*D

## झारखण्ड सरकार
## श्रम्, नियोजन,प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय गढ़वा

**प्रेस विज्ञप्ति**

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार के जिला नियोजन कर्यालय (रोजगार कार्यालय) गढ़वा, द्वारा **"रोजगार आपके द्वार"** के तहत बेरोजगार युवक–युवतियों के लिए रोजगार प्राप्त करने का सुनहरा अवसर उपलब्ध कराई जाएगी। गढ़वा जिला में रोजगार मेला आयोजन करने हेतु वितिय वर्श–2023–24 में विभाग द्वारा तिथि निर्धारित की गई है। आयोजित होने वाले रोजगार मेला में झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र के स्थानीय नियोक्ता एवं राज्य के बाहरी नियोक्ता मेला में भाग लेंगें। जिन्हे झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों को नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

गढ़वा जिला में रोजगार मेला आयोजन करने हेतु प्रस्तावित निर्धारित तिथि निम्न प्रकार है :–

| क्र0 सं0 | स्थल | रोजगार मेला की प्रस्तावित तिथि |
|---|---|---|
| 01 | जिला–गढ़वा | 24.06.2023 |
| 02 | | 09.09.2023 |
| 03 | | 15.12.2023 |

जिला नियोजन पदाधिकारी, गढ़वा

PR 297090 Labour Employment and Traning(23-24)#D

## कार्यालय:- जिला स्वास्थ्य समिति, पलामू
## जेलहाता, मेदिनीनगर (पलामू)

फोन न0:–9431138224 ईमेल आई0डी:–civilsurgeonpalamu@gmail.com

पत्रांक..................मेदिनीनगर , दिनांक ........................

**Walk In Interview**

अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड राँची के पत्रांक–128 (MD) दिनांक–15.01.2022 के आलोक में पलामू जिला अतंर्गत छतरपुर, शहरी क्षेत्र में 01 अटल क्लीनिक के संचालन हेतु चिकित्सक की सेवा प्राप्त करने के लिए जिला स्तर पर निजी चिकित्सक को सूचीबद्ध किया जाना है।चिकित्सक को सूचीबद्ध करने हेतु दिनांक 23.05.2023को पूर्वाहन 11:00 बजे Walk in Interview निर्धारित किया गया है। इच्छुक निजी चिकित्सकों से निम्नांकित शर्तो के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्रमांक | विवरणी | आवश्यक शर्तें |
|---|---|---|
| 01 | न्युनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल कांउन्सिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से MBBS की डिग्री |
| 02 | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैद्यता एक वर्ष के लिए मान्य होगी।) |
| 03 | मानदेय | रू0 36400.00 (1400.0/ प्रति दिन ) अधिकतम 26 दिनों के लिए। |
| 04 | कुल रिक्तियां | एक पद (छतरपुर, पलामू) |
| 05 | कार्य का समय | 08:00 बजे पूर्वाहन से 12.00 बजे मध्याह्न तक |
| 06 | Walk In Interview मे उपस्थित होने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |

नोट:– सूचीबद्ध किये गये चिकित्सों द्वारा भविष्य के लिए नियमितकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

इच्छुक उम्मीदवार Walk In Interview के लिए अपना बायोडाटा एवं सभी मूल–प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ DDC Chamber, DRDA, Block-C, मेदिनीनगर, पलामू में दिनांक 23.05.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू

PR 297116 Health Med Edu and Family Welfare(23-24).D

# वनडे रैंकिंग : सालाना अपडेट के बाद ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर पहुंचा

## पाक दूसरे और भारत तीसरे नंबर पर



**एजेंसी। दुबई**

2019-20 सत्र के नतीजों को हटाए जाने के कारण ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी पुरुष वनडे टीम रैंकिंग में शीर्ष स्थान फिर से हासिल कर लिया है। यह परिवर्तन मई 2020 के बाद से पूरे हुए सभी मैचों को दशार्ता है। पाकिस्तान दूसरे और भारत तीसरे नंबर पर है और तीनों टीमें साल के अंत में भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप में खेलने के लिए तैयार हैं।

अपडेट के बाद ऑस्ट्रेलिया 118 अंकों के साथ पाकिस्तान से दो रेटिंग अंक ऊपर है, जिसमें मई 2022 से पहले के मैचों को 50 प्रतिशत और उसके बाद के मैचों को 100 प्रतिशत गिना गया है।


पाकिस्तान, जिसने न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी पांच मैचों की घरेलू श्रृंखला का अंतिम वनडे हारने से पहले 5 मई को थोड़े समय के लिए नंबर एक का स्थान हासिल किया था लेकिन अब ऑस्ट्रेलिया से पीछे खिसक गया है। उसके 116 अंक हैं, जो भारत (115) से एक अधिक है। पाकिस्तान ने यदि न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला 5-0 से क्लीन स्वीप कर ली होती तो वह वार्षिक अपडेट के बाद भी एकदिवसीय रैंकिंग में शीर्ष पर बना रहता। विश्व कप के वर्ष में रैंकिंग के शीर्ष पर एक दिलचस्प लड़ाई आसन्न है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान और भारत में केवल तीन अंकों का फासला है और वे 20-टीम तालिका में दूसरों से आराम से आगे हैं।

रैंकिंग से बाहर होने वाले मैचों में पुरुष क्रिकेट वर्ल्ड कप 2019 शामिल है। इंग्लैंड और न्यूजीलैंड, जिन्होंने चार साल पहले लॉर्डस में एक जबरदस्त फाइनल खेला था, दोनों ने वार्षिक अपडेट में अंक गंवाए हैं।

न्यूजीलैंड चौथे स्थान पर है लेकिन चक्र के ऊपर चार अंक गंवाने के बाद भारत से 11 अंक पीछे 104 पर है। इंग्लैंड, जो इस साल भारत में अपने विश्व कप खिताब का बचाव करेगा, 10 अंक गंवा चुका है और 101 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है।

दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर बरकरार हैं, जबकि अफगानिस्तान ने आठवें स्थान पर कब्जा करने के लिए पूर्व विश्व चैंपियन श्रीलंका और वेस्टइंडीज को पीछे छोड़ दिया है। शीर्ष आठ टीमों ने इस साल के विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई किया है।

# एनबीए : गोल्डन स्टेट वॉरियर्स ने लॉस एंजिल्स लेकर्स को हराया



**एजेंसी। कैलिफोर्निया**

कैलिफोर्निया के चेस सेंटर स्टेडियम में गोल्डन स्टेट वॉरियर्स ने लॉस एंजिल्स लेकर्स को हरा दिया। वारियर्स ने एनबीए वेस्टर्न कॉन्फ्रेंस सेमी-फाइनल का गेम 5 जीत लिया, जिसमें अंतिम स्कोर 121-106 था। खेल के पहले क्वार्टर में, गोल्डन स्टेट वॉरियर्स ने अच्छा आक्रमण किया और उनका समग्र प्रदर्शन अच्छा रहा। वारियर्स ने पहला क्वार्टर 32-28 से जीता। लेकर्स ने भी मैच के शुरूआती चरण में उन्हें अच्छी टक्कर दी। दूसरे क्वार्टर में गोल्डन स्टेट वारियर्स ने बढ़त बना ली, हालांकि लॉस एंजिल्स लेकर्स ने कड़ी चुनौती दी, लेकिन अंत में वारियर्स ने दूसरा क्वार्टर 38-31 से जीता। तीसरे क्वार्टर का नतीजा 23-23 के स्कोर की बराबरी पर समाप्त हुआ। मैच के अंतिम क्वार्टर में, गोल्डन स्टेट वॉरियर्स ने 28-24 से जीतकर मैच अपने नाम किया। एनबीए वेस्टर्न कॉन्फ्रेंस सेमी-फाइनल के गेम 5 का अंतिम स्कोर 121-106 रहा और वॉरियर्स ने सात मैचों की श्रृंखला को जीवित रखने के लिए एक महत्वपूर्ण जीत हासिल की। सात मैचों की सीरीज का स्कोरलाइन 3-2 है।

लेकर्स के पास अभी भी वारियर्स पर एक जीत की बढ़त है और उन्हें फाइनल में अपनी जगह पक्की करने के लिए केवल एक जीत की जरूरत है। गोल्डन स्टेट वॉरियर्स के खिलाड़ी स्टीफन करी ने 27 अंक बनाए, तीन रिबाउंड प्राप्त किए और आठ में सहायता प्रदान की। टीम के साथी एंड्रयू विगिन्स ने 25 अंक बनाए, सात रिबाउंड प्राप्त किए और पांच में सहायता प्रदान की।

**मुक्केबाजी विश्व चैंपियनशिप**

# दीपक, हुसामुद्दीन और निशांत सेमीफाइनल में



## भारत के तीन पदक पक्के

**एजेंसी। ताशकंद**

मुक्केबाज दीपक भोरिया (51 किग्रा), मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा) और निशांत देव (71 किग्रा) ने बुधवार को यहां पुरुष विश्व चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचकर भारत के लिए तीन पदक पक्के कर दिये। क्वार्टर फाइनल जीत का मतलब है कि तीनों मुक्केबाजों का कम से कम कांस्य पदक पक्का हो गया है। भारत का पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2019 संस्करण में आया था जब अमित पंघाल ने अभूतपूर्व रजत और मनीष कौशिक ने कांस्य पदक जीता था। भारत के लिए अभियान की शुरूआत करते हुए, दीपक ने किर्गिस्तान के नूरझिगिट दुशेबाएव को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से हराकर फ्लाईवेट वर्ग में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। अब सेमीफाइनल में उनका सामना शुक्रवार को फ्रांस के बी बेनामा से होगा। दो बार के राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता हुसामुद्दीन ने बुल्गारिया के जे डियाज इबनेज के खिलाफ करीबी मुकाबले में 4-3 के विभाजित निर्णय से जीत हासिल की। सेमीफाइनल में हुसामुद्दीन का सामना क्यूबा के सैदेल होर्ता से होगा।

# कोलकाता ने राजस्थान को 150 रनों का दिया टारगेट

**एजेंसी। कोलकाता**

इंडियन प्रीमियर लीग में राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मुकाबला जारी है। कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में राजस्थान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। केकेआर 20 ओवर में 8 विकेट पर 149 रन ही बना सकी। जवाब में राजस्थान के ओपनर्स यशस्वी जायसवाल और जोस बटलर क्रीज पर हैं। एक ओवर के बाद टीम ने बगैर नुकसान के 26 रन बना लिए हैं। पहली पारी में युजवेंद्र चहल ने 25 रन देकर 4 विकेट लिए। इसके साथ ही वह लीग इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने। ट्रेंट बोल्ट ने 2 विकेट लिए। कोलकाता से वेंकटेश अय्यर ने फिफ्टी लगाई। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी कोलकाता की शुरूआत खराब रही।



## रिंकू सिंह की होगी भारतीय टीम में एंट्री



**कोलकाता।** केकेआर के मध्यक्रम के बल्लेबाज रिंकू सिंह की जल्द ही भारतीय टीम में एंट्री होने जा रही है। यह भविष्यवाणी की है कि पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह ने। उनका मानना है कि अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से सभी की वाहवाहियां लूटने वाले रिंकू सिंह जल्द ही भारतीय टीम का हिस्सा बन सकते हैं। हरभजन ने स्टार स्पोर्ट्स के क्रिकेट लाइव पर कहा, भारतीय टीम की टोपी रिंकू के सिर से बहुत दूर नहीं है। वह एक प्रेरणादायक खिलाड़ी है।

# पीसीबी ने नहीं दिया भारत में खेलने के लिए आईसीसी को लिखित आश्वासन



## पाकिस्तान सरकार पर टिकी निगाहें

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एशिया कप को लेकर गतिरोध बरकरार रहने के बीच अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से उसकी राष्ट्रीय टीम के भारत में होने वाले 2023 विश्व कप में भाग लेने को लेकर कोई लिखित आश्वासन नहीं मिला है। इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले आईसीसी बोर्ड के एक सदस्य ने बुधवार को पीटीआई से कहा, भारत का पाकिस्तान आना और पाकिस्तान का भारत जाना बीसीसीआई या पीसीबी पर निर्भर नहीं करता है इसलिए पीसीबी वैश्विक आयोजन में अपनी भागीदारी के बारे में आईसीसी को कोई आश्वासन नहीं दे सकता है। उन्होंने कहा, बीसीसीआई की तरह यहां भी पाकिस्तान सरकार स्वीकृति देगी, सरकार से स्वीकृति मिलने के बाद ही पीसीबी फैसला कर सकता है। पाकिस्तान के अहमदाबाद में भारत से खेलने की संभावना है और उसके ज्यादातर मैच दक्षिणी भारत के शहरों जैसे बेंगलुरू और चेन्नई में होने की उम्मीद है। इस बीच एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) एशिया कप को श्रीलंका में स्थानांतरित करने के लिए तैयार है क्योंकि अधिकांश सदस्य देशों ने पीसीबी अध्यक्ष नजम सेठी द्वारा पेश 'हाइब्रिड मॉडल' के विचार को खारिज करने का फैसला किया है। प्रस्ताव के अनुसार पाकिस्तान अपने सभी मैच पाकिस्तान में खेलेगा जबकि भारत अपने मैच दुबई, शारजाह और अबुधाबी में खेलेगा। हालांकि श्रीलंका और बांग्लादेश ने सुपर फोर के लिए क्वालीफाई करने की स्थिति में पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात के बीच यात्रा को लेकर आशंका व्यक्त की है। एसीसी के एक सूत्र ने पुष्टि की कि अगर टूर्नामेंट को श्रीलंका में स्थानांतरित किया जाता है तो पाकिस्तान उसमें हिस्सा नहीं लेगा। सूत्र ने कहा, सेठी ने सदस्यों को समझाने की कोशिश की कि 'हाइब्रिड मॉडल' व्यावसायिक रूप से अधिक व्यावहारिक हो सकता है।

# एशियन कबड्डी चैंपियनशिप का आयोजन 27 जून से



**एजेंसी। नई दिल्ली।**

एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप 2023 का आयोजन 27 से 30 जून तक बुसान, दक्षिण कोरिया में किया जाएगा। महाद्वीपीय कबड्डी प्रतियोगिता छह साल के अंतराल के बाद खेली जाएगी। पिछला संस्करण 2017 में गोरगन, ईरान में आयोजित किया गया था। 1980 में उद्घाटन टूर्नामेंट के बाद से, चैंपियनशिप ने विभिन्न एशियाई देशों की टीमों को एक साथ लाया है, जिसमें भारत, पाकिस्तान, ईरान और बांग्लादेश शामिल हैं। एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप के इतिहास में भारतीय पुरुष कबड्डी टीम सबसे सफल पक्ष है, जिसने आठ संस्करणों में सात स्वर्ण पदक जीते हैं। ईरान ने मलेशिया के कांगर में 2003 संस्करण का खिताब जीता था। भारत 2017 में फाइनल में पाकिस्तान को 36-22 से हराकर डिफेंडिंग चैंपियन है। महिला वर्ग में भी, भारत डिफेंडिंग चैंपियन है क्योंकि उसने 2017 में फाइनल में दक्षिण कोरिया को 42-20 से हराया था। भारतीय महिला कबड्डी टीम प्रतियोगिता में सबसे सफल पक्ष भी है जिसने चार स्वर्ण पदक जीते हैं जबकि दक्षिण कोरिया ने अब तक पांच संस्करणों में एक बार खिताब जीता है। एशियाई कबड्डी मीट और एशियाई खेलों के लिए 40 संभावित पुरुष खिलाड़ियों के लिए कोचिंग कैंप 4 मई को पटना, बिहार में पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शुरू हुआ। कैंप का समापन 18 मई को होगा। एशियाई शिविर तीन कोचों - आशान कुमार, ई भास्करन और संजीव बालियान के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के लोकप्रिय कोच ई भास्करन पहले भी राष्ट्रीय कोच रह चुके हैं।

# टॉप्स में अतानु दास, मेहुली घोष की वापसी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

पेरिस 2024 क्वालीफिकेशन में अहम स्पधाओं के साथ ओलंपियन तीरंदाज और विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अतानु दास और निशानेबाज मेहुली घोष को गुरुवार को युवा मामलों और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) द्वारा टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) में फिर से शामिल किया गया। अतानु दास को इस साल घरेलू सर्किट और अंताल्या में तीरंदाजी विश्व कप में उनके हालिया प्रदर्शन के आधार पर सूची में शामिल किया गया है। मंत्रालय ने गुरुवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि दास, जिन्होंने पुरुषों की रिकर्व व्यक्तिगत रैंकिंग में चौथा स्थान हासिल करने के लिए 673 अंक बनाए थे, लगभग डेढ़ साल बाद अंतरराष्ट्रीय आउटडोर प्रतियोगिता में वापसी कर रहे थे। टॉप्स में शामिल अन्य बड़े नाम राइफल शूटर मेहुली घोष हैं, जिन्होंने इस साल राष्ट्रीय निशानेबाजी ट्रायल्स में 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा जीती थी और 15 वर्षीय तिलोत्तमा सेन, जिन्होंने इससे पहले काहिरा विश्व कप में 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा का कांस्य पदक जीता था और वह भी सीनियर सर्किट में अपने पदार्पण पर।

## रिदम सांगवान ने बाकू में 10 मीटर एयर पिस्टल में जीता कांस्य पदक



**नई दिल्ली।** भारतीय निशानेबाज रिदम सांगवान ने अजरबैजान के बाकू में आईएसएसएफ विश्व कप राइफल/पिस्टल में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। स्वर्ण पदक ग्रीस की अन्ना कोराकाकी और रजत पदक विजेता यूक्रेन की ओलेना कोस्तेविच ने जीता। हालांकि भारत के सरबजोत सिंह (पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल) और एशा सिंह फाइनल में क्वालीफाई करने के बावजूद पदक से चूक गए। रिदम ने 60-शॉट योग्यता चरण में 581 और एशा ने 579 का स्कोर किया था और तीसरे और सातवें स्थान पर रहते हुए आठ निशानेबाजों के 24-शॉट फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। टोक्यो मिक्स्ड टीम विजेता चीन की जियांग रानक्सिन 588 के स्कोर के साथ शीर्ष पर रहीं।

**आईपीएल 2023** सीएसके से मिली हार पर कोच शेन वॉटसन ने कहा-

# हमें बेहतर होने के लिए काम करते रहने की जरूरत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली कैपिटल्स की टीम को बुधवार को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ 27 रनों से हार पड़ा। मैच में सीएसके ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 167 रन बनाए। जवाब में दिल्ली की टीम 8 विकेट पर 140 रन ही बना सकी। मैच को लेकर दिल्ली के सहायक कोच शेन वॉटसन ने कहा, हमने सोचा था कि चेन्नई में विकेट पर 167 रन का स्कोर हासिल किया जा सकता था। हमारे लिए एक अच्छी शुरूआत करना महत्वपूर्ण था, लेकिन दुर्भाग्य से, हम ऐसा नहीं कर सके। पावरप्ले में तीन विकेट गंवाने के बाद वापसी करना भी हमारे लिए मुश्किल था। उन्होंने आगे कहा, आरसीबी के खिलाफ सब कुछ वास्तव में अच्छा रहा। दुर्भाग्य से, वार्नर पहले ही ओवर में आउट हो गए। फिर हमने साल्ट और मार्श को भी खो दिया। इसलिए, सीएसके के खिलाफ



चीजें काम नहीं कर पाईं।

आगामी मैचों के लिए टीम को किन पहलुओं पर ध्यान देने की जरूरत है, इसके बारे में पूछे जाने पर, वॉटसन ने कहा, ₹हमें बस बेहतर होने के लिए काम करना होगा। हमने सीएसके के खिलाफ अच्छी गेंदबाजी की। हमें लंबे समय तक बल्ले से अपने कौशल का प्रदर्शन करने का तरीका खोजना होगा। अगर हम ऐसा कर सकते हैं, जैसा कि हमने टूर्नामेंट के कुछ चरणों में किया है, तो हम अच्छा बल्लेबाजी प्रदर्शन कर सकते हैं। दिल्ली कैपिटल्स की टीम शनिवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में टाटा आईपीएल 2023 के अपने अगले मैच में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी।

## कोहली ने पोस्ट किया वीडियो, गंभीर के साथ विवाद खत्म करने की कोशिश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आरसीबी के बल्लेबाज विराट कोहली आईपीएल के बाद लखनऊ सुपरजाइंट्स के अफगान गेंदबाज नवीन-उल-हक और उनके मेंटर गौतम गंभीर के साथ अपने हालिया विवाद को खत्म करते नजर आ रहे हैं। बुधवार को कोहली ने अमेरिकी स्टैंड-अप कॉमेडियन केविन हार्ट का एक गुप्त वीडियो साझा किया। हार्ट वीडियो में कहते हैं, द्वेष, क्रोध, नकारात्मकता.. मेरे पास इसके लिए समय नहीं है। क्योंकि मैं इतनी सारी सकारात्मक चीजें करने के लिए जी रहा हूं। मैं अतीत में और जो गलत था उसमें स्नान नहीं कर सकता। हालांकि कोहली ने इसका जिक्र नहीं किया, लेकिन वीडियो को विवाद की घटना से आगे बढ़ने की कोशिश के रूप में लिया जा सकता है। कोहली का नवीन-उल-हक और एलएसजी के काइल मेयर के साथ एक गर्म वाद-विवाद हो गया था। क्योंकि मैच समाप्त होने के बाद अफगान खिलाड़ी ने कोहली से हाथ मिलाने से परहेज किया था। भारतीय टीम और दिल्ली रणजी ट्रॉफी टीम में कोहली के पूर्व सहयोगी गंभीर ने उस समय विवाद खड़ा कर दिया, जब उन्होंने आरसीबी के पूर्व कप्तान पर कई बार अपशब्दों का प्रयोग किया। एलएसजी कप्तान केएल राहुल और अन्य खिलाड़ियों को हस्तक्षेप करना पड़ा। इन तीनों पर आईपीएल द्वारा घटना में उनकी संबंधित भूमिकाओं के लिए भारी जुमार्ना लगाया गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कोहली ने बीसीसीआई के कुछ अधिकारियों से कहा है कि उन्होंने नवीन और गंभीर को कुछ भी गलत नहीं कहा।



